CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम : 24°C

हल्द्वानी, शनिवार 20 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 25 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिक्षामित्रों के मानदेय मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त पेज 2



महिला क्रिकेट विश्वकप का आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' जारी खेल टाइम्स



पीर अली खान: आजादी के इतिहास का अमर स्तम्भ सम्पादकीय



ईरानी चाबहार पोर्ट से जुड़ी कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा अमेरिका पेज 12

## स्कूबा डाइविंग हादसे में बॉलीवुड सिंगर जुबीन की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- इमरान हाशमी के या अली सॉन्ग से मिला था फेम
- सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे जुबीन गर्ग



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सिंगर जुबीन गर्ग की सिंगापुर में मौत हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार स्कूबा डाइविंग करते वक्त उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई थी। उन्हें गार्ड्स ने समुद्र से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई।

जुबीन गर्ग को 2006 में आई इमरान हाशमी स्टारर फिल्म गैंगस्टर के सॉन्ग या अली से फेम मिला था। 52 साल के जुबीन सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे। जुबीन ने असमिया, बंगाली और हिंदी भाषा की फिल्मों में गाने गाए थे। नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के प्रतिनिधि अनुज कुमार बोरूआ ने संवाददाताओं को बताया कि हमें बहुत दुख के साथ जुबीन गर्ग के निधन की खबर बतानी पड़ रही है। स्कूबा डाइविंग के दौरान उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें तुरंत सीपीआर दिया गया, जिसके बाद उन्हें सिंगापुर जनरल अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाने की कोशिशों के बावजूद, उन्हें आईसीयू में दोपहर 2.30 बजे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, असम के कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल ने भी सोशल मीडिया पर सिंगर के निधन की पुष्टि की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारे प्रिय जुबीन गर्ग के असामयिक निधन से गहरा दु:ख हुआ। असम ने न केवल एक आवाज, बल्कि एक धड़कन भी खो दी है। जुबीन दा एक गायक से कहीं बढ़कर थे, वे असम और राष्ट्र के गौरव थे, जिनके गीतों ने हमारी संस्कृति, हमारी भावनाओं और हमारी आत्मा को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया। उनके म्यूजिक में पीढ़ियों ने आनंद, सांत्वना और पहचान पाई। उनके निधन से एक ऐसा शून्य पैदा हुआ है, जो कभी नहीं भरेगा। असम ने अपना सबसे प्रिय सपूत खो दिया है, और भारत ने अपने सबसे बेहतरीन सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक खो दिया है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनकी विरासत सदैव प्रेरणा देती रहे। शांति

## 'बुकर' विजेता बानू मुश्ताक करेंगी मैसूर दशहरा उत्सव का उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बानू मुश्ताक को दशहरा उत्सव में बुलाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मैसूर चामुंडी मंदिर में दशहरा उत्सव के उद्घाटन में बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।

कार्यक्रम 22 सितम्बर को होगा। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट पीबी सुरेश ने दलील दी कि किसी गैर-हिंदू व्यक्ति को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उनके इस तर्क पर कहा कि खारिज। एडवोकेट सुरेश ने दलील दी कि मंदिर के अंदर पूजा को धर्मनिरपेक्ष कार्य नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राजनीतिक है। कोई कारण नहीं है कि उन्हें धार्मिक उत्सव के लिए मंदिर के अंदर लाया जाए। जस्टिस नाथ ने फिर दोहराया कि खारिज। सीनियर -शेष पृष्ठ दो पर

### मणिपुर: सुरक्षाबलों पर हमला, असम राइफल्स के दो जवान शहीद, चार घायल

**इम्फाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 4 जवान घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने रिम अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब 6 बजे नम्बोल सबल लाइकाई इलाके में हुई, जब असम राइफल्स के जवान इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल जवानों के लिए एम्बुलेंस बुलाई और अस्पताल रवाना किया। रिम अस्पताल में 4 घायल जवानों का इलाज जारी है। घायल जवानों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

### शरजील इमाम, उमर खालिद की जमानत पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 22 सितम्बर के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर 2025 के संबंधित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था।

### भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 में निर्धारित

**बेंगलुरु।** भारत का गगनयान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 की अंतिम तिमाही में निर्धारित है। बेंगलुरु में हाइड्रोजन फ्यूल नेशनल वर्कशॉप के उद्घाटन के दौरान मीडिया के बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम से जुड़े लगभग 80 से 85 प्रतिशत कार्य पहले ही कर लिए गए हैं।

## 'चुनाव का चौकीदार' जागता रहा, चोरी देखता रहा: राहुल

### चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा: 36 सेकंड में दो वोटर मिटाओ फिर सो जाओ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन वोट चोरी और वोट हटाने के मामले पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा।

राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो क्लिप शेयर की। कैप्शन में लिखा कि सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ- ऐसे भी हुई वोट चोरी! इससे पहले उन्होंने गुरुवार को इस मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। आरोपों के समर्थन में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई थी। राहुल ने 18 सितम्बर को दिल्ली में वोट चोरी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें एक व्यक्ति को भी मंच पर बुलाया गया, जिसका नाम हटाया गया।

**गिरिराज ने जेन-जी वाले बयान पर जवाब दिया, कहा: राहुल गांधी अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं**



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को राहुल के जेन-जी वाले बयान पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं, हताशा में हैं। वे कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जी की बात करेंगे। वे अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं। भारत में अर्बन नक्सल के रूप में रिएक्ट करते हैं। राहुल ने कहा था कि देश के युवा देश के छात्र, देश के जेन-जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मैं आलंद चुनाव का पार्टी इन्चार्ज था, मुझे विश्वास था कि वह सीट भाजपा जीतेगी, क्योंकि कांग्रेस ने कभी वह सीट जीती ही नहीं थी। अगर वाकई वोट चोरी हुई है, तो कांग्रेस को इलेक्शन कमीशन का धन्यवाद करना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने आजादी के बाद पहली बार आलंद सीट जीती।

### पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता वही प्रचार करते हैं राहुल : रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता है उसी प्रकार की कहानी गढ़ने का काम कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी कंपनी करती है। पिछले कई वर्षों से राहुल गांधी और उनका ग्रुप जो कुछ कहता है, भारत-विरोधी ग्रुप और पाकिस्तान के लोग इस्तेमाल करते देखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश का युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। देश का गरीब, किसान, देश का हर एक लोग पीएम मोदी को देश का नेता मानता है। राहुल गांधी हो या कोई और बार-बार चुनाव हारने के बाद अपनी कमजोरी को छुपाकर संस्थाओं को ही गाली देंगे, तो कोई नहीं मानेगा। देश बदल चुका है और देश का मिजाज बदल चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत आगे बढ़ चुका है और राहुल गांधी जैसे लोग देश के तेज गति से चलने वाले इंजन को रोकना चाहते हैं जो हो नहीं सकता है। देश उनको माफ नहीं करेगा।

## पाक सोचता था हमलों से हम डर जाएंगे: रक्षा मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 1965 जंग की डायमंड जुबली कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा: आतंकियों को हमने सबक सिखाया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक में 1965 की जंग के 60 साल पूरे होने पर एक खास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम भारतीय सेना ने आयोजित किया था।

पाकिस्तान को लगता था कि अचानक किए गए आतंकी हमलों से हम डर जाएंगे, वो ये नहीं जानते कि भारत का हर सैनिक देश की एकता और अखंडता से समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ठान लिया था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना है। हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाने की ठानी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। कार्यक्रम में उन्होंने उन बहादुर सैनिकों और शहीदों के परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने 60 साल पहले पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में भारत को जीत दिलाई थी। कार्यक्रम में जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वेस्टर्न कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, दिल्ली एरिया के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल भावनीश कुमार साथ ही अन्य बड़े अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री ने कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की बहादुरी का जिक्र किया। अब्दुल हमीद ने आसल उत्तर की लड़ाई में अकेले ही पाकिस्तान के कई टैंकों को बर्बाद कर दिया था।

## उप्र में बिजली गिरने से सात की मौत, मकान जला, हिमाचल में लैंडस्लाइड

- उत्तराखंड में 16 घंटे बाद मलबे से जिंदा निकला शख्स

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। जौनपुर में 3, कौशांबी में 2 और हमीरपुर-चंदौली में 1-1 की जान गई है। प्रतापगढ़ के गोविंदपुर गांव में बिजली गिरने से एक घर में आग लग गई, हालांकि काबू पा लिया गया है।

वहीं उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदनगर में 18 सितम्बर की रात बादल फटा था। इसके बाद से 14 लोग लापता थे। कुछ लोग मलबे में दब गए थे। घटना के 16 घंटे बाद एक शख्स को मलबे से जिंदा रेस्क्यू किया गया। यहां पर 200 लोग प्रभावित हुए हैं। 35 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हैं। देहरादून-मसूरी रोड अभी भी क्षतिग्रस्त है। मसूरी में मौजूद 2 हजार के करीब टूरिस्ट्स सेफ हैं। इधर, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में रिहंद बांध इस साल पांचवीं बार ओवरफ्लो हुआ। कौशांबी में बिजली गिरने से 2 महिलाओं की मौत हुई। शिमला की लाइफ लाइन कहे जाने वाली सर्कुलर रोड बंद है। एडवर्ड स्कूल की दो दिन की छुट्टी की गई है। कुमारसैन की करेवथी में भी तीन मंजिला मकान धंस गया।

### मुख्तार के बेटे उमर अंसारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को छुड़ाने के लिए अपनी मां का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उमर अंसारी फिलहाल जेल में बंद हैं। जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की एकल पीठ के समक्ष याची उमर की तरफ से अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने पक्ष रखा। गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में उमर पर मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को कोर्ट से छुड़ाने के लिए फर्जी दस्तावेज और मां के हस्ताक्षर किए हैं।

## आर्यन मान बने डूसू अध्यक्ष, ABVP को 3 सीटें मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एनएसयूआई को मिली उपाध्यक्ष की सीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व विद्यालय छात्र संघ चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए हैं। एबीवीपी ने इस बार तीन सीटों पर जीत हासिल की है, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव का पद शामिल है।

वहीं एनएसयूआई के राहुल झासला ने उपाध्यक्ष का पद जीता है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए) को संयुक्त रूप से कोई सीट नहीं मिली। छात्र संघ के नए अध्यक्ष मान ने कहा कि उन्हें अपनी जीत पर 100 प्रतिशत भरोसा था। उन्होंने कहा कि मुझे सभी कॉलेजों के छात्रों का समर्थन प्राप्त था। मेरी पहली प्राथमिकता डीयू छात्रों के लिए मेट्रो रियायती पास की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। इसके अलावा, सभी एथलीटों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण उपकरण उपलब्ध कराना भी मेरी प्राथमिकता होगी। मान ने अपने समर्थकों से विजय उत्सव के दौरान शांतिपूर्ण रहने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, हमें किसी भी प्रकार का विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं है।

## तीन गलतफहमियों के कारण 1965 की लड़ाई में पस्त हुआ था पाक

नई दिल्ली, वार्ता

- पूर्व सेना उप प्रमुख ले.जनरल नाम्बियार ने कहा: हमारे जवानों ने हौसले और जज्बे का दिया था परिचय



**पाकिस्तान के खिलाफ** 1965 की लड़ाई में बहादुरी और साहस के लिए वीर चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सतीश नाम्बियार ने कहा है कि पाकिस्तान को भारतीय सैनिकों के टूटे मनोबल और हौसले सहित तीन गलतफहमियों के कारण इस लड़ाई में मुंह की खानी पड़ी।

पूर्व सेना उप प्रमुख ले.जनरल नाम्बियार ने 1965 की लड़ाई के 60 वर्ष पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को यहां आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य पूर्व सैनिकों की मौजूदगी में कहा कि उस समय पाकिस्तान को भारत तथा उसकी सेनाओं को लेकर तीन गलतफहमी थी और उसे इनकी कीमत हार के रूप में चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि पहले तो पाकिस्तान को लगा कि चीन से हार के बाद भारतीय सेनाओं का हौसला पस्त है, दूसरा उसे लगा कि कश्मीर के लोग उसका साथ देंगे और तीसरा उसे गलतफहमी थी कि वह अखनूर पर हमला कर कश्मीर से शेष भारत का सड़क मार्ग से संपर्क आसानी से तोड़ देगा। जनरल नाम्बियार ने कहा कि चीन के साथ 1962 की लड़ाई में भारत की शिकस्त के बाद पाकिस्तान को लगा कि भारतीय सेनाओं के हौसले पस्त हैं और जवानों का मनोबल टूटा हुआ है जबकि यह पाकिस्तान की सबसे बड़ी रणनीतिक गलती या गलतफहमी साबित हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने चीन के साथ बेहद प्रतिकूल और सीमित संसाधनों के बल पर लड़ाई लड़ी। भारत के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय के पुराने हथियार थे सेना के पास प्रतिकूल मौसम में जरूरी वर्दी तक नहीं थी। जनरल नाम्बियार ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से नापाक हरकत हुई, तो हमारे जवानों ने जिस हौसले और जज्बे का परिचय दिया पाकिस्तान को इसकी उम्मीद नहीं थी। पाकिस्तान के सैनिक भारतीय सैनिकों की बहादुरी और शौर्य के सामने टिक नहीं सके। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने एक और रणनीतिक भूल की कि वह कश्मीर के लोगों के मूड को नहीं समझ सका। उसे लगा था कि कश्मीर के लोग भारत के विरुद्ध हो जाएंगे तथा उसका साथ देंगे, लेकिन कश्मीर के लोगों ने हमारा साथ दिया और पाकिस्तानी सेना के बारे में समय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसका लड़ाई में फायदा मिला। तीसरा -शेष पृष्ठ दो पर

## पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन केस: पतंजलि को फटकार

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला: हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे, जरूरत पड़ी तो जुर्माना लगाएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन मामले में सुनवाई की। बाबा रामदेव ने इस विज्ञापन को चलाने पर रोक लगाने वाले सिंगल बेंच जज के आदेश को चुनौती दी थी।

जस्टिस सी. हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि आपने बाकी सभी लोगों को यह कहकर बदनाम कर दिया कि वे नहीं जानते च्यवनप्राश क्या है और कैसे बनता है। बेंच ने कहा कि सिंगल जज ने एड को अपमानजनक माना। यह अंतरिम आदेश है। जरूरी नहीं हम भी इस पर विचार करें। हम हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे। जरूरत पड़ी, तो जुर्माना लगाएंगे। जस्टिस हरिशंकर ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि यह आदेश आपको नुकसान पहुंचाएगा। आपके पास बहुत पैसा है, इसलिए आप हर मामले में अपील दायर कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कराएं सीएम: बार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बीते दिनों अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच हुए विवाद को लेकर वकीलों के समर्थन में बार काउंसिल आफ उत्तरप्रदेश उतर आया है। काउंसिल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के साथ ही अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लागू करने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है कि यदि मांगों पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेकर ठोस कार्यवाही नहीं की गई, तो अधिवक्ता समाज विवश होकर प्रदेश स्तरीय एक बड़ा आंदोलन करेगा।

### चुनाव आयोग को हमसे परहेज क्यों: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग जब भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) तथा एक निजी कंपनी को डाटा दे सकता है, तो कांग्रेस को यह डाटा देने में परहेज क्यों किया जा रहा है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने आधिकारिक पेज में आयोग से सवाल किया है कि चुनाव आयोग से बार-बार डाटा मांगा जा रहा है, लेकिन आयोग पार्टी को डाटा नहीं दे रहा है जबकि इससे पहले वह बीआरएस तथा एक निजी कंपनी को डाटा उपलब्ध करा चुका है। आयोग ने इस निजी कंपनी को पेंशनर लाइव वेरिफिकेशन के लिए यह डाटा सौंपा था। पार्टी ने सवाल किया, चुनाव आयोग ने तेलंगाना की बीआरएस सरकार और प्राइवेट कंपनी को वोटरों का डेटा दिया था। इसमें वोटरों की तस्वीर और उनका पता शामिल था। तेलंगाना सरकार ने 2019 में 'पेंशनर लाइव वेरिफिकेशन सिस्टम' लॉन्च किया था और इस काम को एक प्राइवेट कंपनी को सौंपा गया था।

# छह साल से चुनाव न लड़ने पर 474 पार्टियां डीलिस्ट

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ 359 पर एक्शन शुरू, चुनाव आयोग ने दो महीने में 808 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को 474 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पॉलिटिकल पार्टियों को डीलिस्ट कर दिया है। इन पार्टियों ने पिछले छह साल से कोई चुनाव नहीं लड़ा था। इस कार्रवाई के बाद पिछले दो महीने में अब तक 808 पार्टियों को लिस्ट से बाहर किया जा चुका है।

आयोग ने बताया कि इससे पहले 9 अगस्त को भी 334 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए थे। इसके अलावा आयोग ने 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 359 पार्टियों को भी चिन्हित किया है। इन पार्टियों ने तीन साल (2021-22, 2022-23 और 2023-24) से अपने ऑडिटेड अकाउंट्स और चुनावी खर्च की रिपोर्ट जमा नहीं की। ये पार्टियां चुनाव में उतरी थीं, लेकिन जरूरी रिपोर्ट समय पर दाखिल नहीं की, जिसकी वजह से अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। चुनाव आयोग ने कहा है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ को इन पार्टियों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

पार्टियों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा और सुनवाई के बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। 26 अगस्त को आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात में रजिस्टर्ड 10 गुमनाम से राजनीतिक दलों को 2019-20 से 2023-24 के पांच साल में 4300 करोड़ चंदा मिला। दिलचस्प बात यह है कि इस दौरान गुजरात में हुए तीन चुनावों (2019, 2024 के दो लोकसभा और 2022 का विधानसभा) में इन दलों ने महज 43 प्रत्याशी उतारे और इन्हें कुल 54,069 वोट मिले। इन दलों और इनके प्रत्याशियों की निर्वाचन आयोग में जमा रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इन्होंने चुनाव रिपोर्ट में खर्च महज 39.02 लाख बताया कि जबकि ऑडिट रिपोर्ट में 3500 करोड़ रुपये खर्च दर्शाया है। देश में नाममात्र के वोट पाने वाली रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की आय 2022-23 में 223 फीसदी बढ़ गई। यह जानकारी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2764 गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं। इनमें से 73 फीसदी से ज्यादा (2025) ने अपना फाइनेंशियल रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है। बाकी 739 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने अपना रिकॉर्ड साझा किया है।

रिपोर्ट में इन्हीं पार्टियों का एनालिसिस किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि गुजरात की ऐसी 5 पार्टियों की कुल आय 2316 करोड़ रही। इनमें एक साल की आमदनी 1158 करोड़ थी। जबकि बीते 5 सालों में हुए 3 चुनावों में इन्हें सिर्फ 22 हजार वोट मिले।

# यूपी के शिक्षामित्रों के मानदेय मामले में हाईकोर्ट सख्त, अपर मुख्य सचिव तलब



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को निर्देश दिया कि वह शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने के मामले में आदेश का पालन करते हुए अनुपालन हलफनामा दाखिल करें या 27 अक्तूबर को हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने वाराणसी के विवेकानंद की अवमानना अर्जी पर दिया।

हाईकोर्ट में 18 सितंबर 2025 को सुनवाई में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल और सचिव यूपी बेसिक शिक्षा बोर्ड सुरेंद्र कुमार तिवारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे। इनके हलफनामों को कोर्ट ने रिकॉर्ड में ले लिया। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सुनवाई के दौरान अनुपस्थित थे लेकिन उन्होंने छूट के आवेदन के साथ अपना हलफनामा प्रस्तुत किया। इस पर कोर्ट ने बृहस्पतिवार लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी। सरकारी वकील ने कोर्ट से रिट कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए चार सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा। वहीं याची के अधिवक्ता सत्एंद्र चंद्र त्रिपाठी इस पर गंभीर आपत्ति जताई और कहा कि पिछली बार भी समय मांगा गया था लेकिन आदेश का पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को अगली सुनवाई की तारीख 27 अक्तूबर 2025 पर एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस हलफनामे में रिट कोर्ट के आदेश का पूर्ण अनुपालन दिखाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि वह ऐसा करने में विफल रहते हैं तो उन पर आरोप तय करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहना होगा। वहीं अन्य अधिकारियों को अगले आदेश तक व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी गई है।

# इतना बड़ा झूठ न बोलें- पद की गरिमा का रखें ख्याल: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश में मेट्रो संचालन को लेकर दिए गए बयान पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर पलटवार करते हुए कहा कि जिसका प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और जनता ने साक्षात अनुभव किया हो, उसको लेकर इतना बड़ा झूठ नही बोलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सफ़ेद झूठ बोलने से व्यक्ति की गरिमा भी गिरती है और उन सभी पदों की प्रतिष्ठा और मान-मर्यादा भी जिन पर वो बैठता है। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने बयान को शर्मनाक बताते हुए कहा कि आज तो झूठ भी अपने आप को लज्जित महसूस कर रहा होगा। इतना बड़ा झूठ भी नहीं बोलना चाहिए कि इंसान औरों की ही नहीं अपनी निगाह में भी गिर जाए। सफ़ेद झूठ बोलने से व्यक्ति की गरिमा भी गिरती है और उन सभी पदों की प्रतिष्ठा और मान-मर्यादा भी जिन पर वो बैठता है। सत्ता का ऐसा भी क्या लालच कि उस बात को झूठ बताना जिसके प्रमाण हर तरह से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं और जनता ने जिसका खुद साक्षात अनुभव किया हो। इतना बड़ा झूठ बोलना तभी संभव होता है, जब व्यक्ति या तो चेतना खो दे या सच्चाई या अपने आदर्श और सत्य के संस्कार। ऐसे महाझूठ वक्ता दरअसल अपने लोगों को महामूर्ख समझते हैं। वो मानते हैं कि उनके अनुयाई उनकी हर बात को सच ही मानेंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है।

## पं. दीन दयाल के स्मृति महोत्सव में बोले सीएम योगी

# यूपी की युवा ऊर्जा ही देश को ले जाएगी आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ पंडित जी के मंत्रों में असंभव को संभव में बदलने की शक्ति

**मथुरा।** सीएम योगी अन्त्योदय के प्रणेता और एकात्म मानव दर्शन के वक्ता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि पंडित जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। पंडित उपाध्याय जी ने 1950 के दशक में भारत के राजनीतिक नेतृत्व को जो दृष्टि दी थी, वही आज वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के रूप में मूर्तरूप ले चुकी है।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में असंभव को संभव बनाया गया है, चाहे कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो या 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना हो। सीएम ने कहा कि जो कभी असंभव लगता था, वही आज देश की ताकत बन चुका है। यही पंडित जी के मंत्र का प्रभाव है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। योगी ने कहा कि आज का समय युवाओं का है। यूपी के पास सबसे बड़ी युवा ऊर्जा है और यही भारत को आगे ले जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएम युवा स्कीम के तहत सरकार 5 लाख रुपए तक का ब्याजमुक्त, गारंटी मुक्त लोन उपलब्ध करा रही है। जनवरी से अब तक 70 हजार युवाओं ने इसका लाभ उठाया है और लक्ष्य 1 लाख युवाओं तक पहुंचने का है। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बन रहा है। स्टार्टअप केवल आईटी सेक्टर में ही नहीं बल्कि व्वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और गो आधारित खेती जैसे क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में किसी विभाग में आउटसोर्स कर्मी हो, उसे मिनिमम मानदेय 16 से 20 हजार रुपए मानदेय हर हाल में मिलेगा, इसकी गारंटी सरकार देने जा रही है।

### कांग्रेस-सपा पर सीधा हमला

सीएम योगी ने इस दौरान कांग्रेस और सपा पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में भारत को ताकतवर बनाने की दिशा में 'असंभव' शब्द जुड़ा था। यूपी की स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि आजादी के समय जीडीपी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला राज्य 2017 तक देश की आठवीं अर्थव्यवस्था बनकर रह गया, लेकिन डबल इंजन सरकार ने यूपी को फिर से देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प पूरा किया है। सीएम योगी ने कहा कि कश्मीर को कांग्रेस ओर उसके सहयोगियों ने देश के लिए नासूर बना दिया था। कभी लोग कहते थे कि धारा 370 हटाना असंभव है, लेकिन पीएम मोदी ने यह असंभव संभव कर दिखाया। इसी तरह राममंदिर को लेकर जो संकल्प था, वह भी मोदी सरकार ने पूरा किया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार हुआ, तो भारत बनेगा विश्व गुरु: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मथुरा में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला 'विराट युवा सम्मेलन' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विजन साकार हुआ तो भारत विश्वगुरु बनेगा। फरह के नगला चंद्रभान में योगी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम इकाइयों से जिला, जिले से प्रदेश और प्रदेश से देश मजबूत होगा। नगला चंद्रभान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली है। चार दिवसीय स्मृति महोत्सव कार्यक्रम का 19 सितम्बर को शुभारंभ किया गया है।



सेंसेक्स 82626.23
निफ्टी 25327.05



सोना रु. 111330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 128000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी थमी, सेंसेक्स लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में ऊंचे स्तर पर हुई बिकवाली से शुक्रवार को गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 387.73 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़क कर 82,626.23 अंक पर बंद हुआ। बाजार में आज शुरू से ही गिरावट रही। पिछले कुछ दिनों की तेजी के बाद मुनाफा वसूली से सेंसेक्स 67.92 अंक टूटकर 82,946.04 अंक पर खुला और एक समय 500 अंक से अधिक गिर गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी गुरुवार के मुक.ाबले 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 25,327.05 अंक पर बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सबसे अधिक 1.52 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूटे। भारतीय स्टेट बैंक में 0.91 प्रतिशत की तेजी के अलावा भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स और एक्सिस बैंक भी सेंसेक्स में मुनाफा कमाने वाली 11 कंपनियों में रही । मझौली कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.04 प्रतिशत और निफ्टी मिडकैप.100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत टूट गया। छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी स्मॉलकैप.100 में 0.15 प्रतिशत की तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजार दबाव में रहे। जापान का निक्केई 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.30 प्रतिशत फिसल गया, जबकि हांगक.ांग काहैंगसेंग सपाट रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी डेक्स 0.26 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई सपाट रहा।


### विदेशी मुद्रा भंडार फिर 700 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.698 अरब डॉलर बढ़कर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अब तक का दूसरा उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार का अब तक का उच्चतम स्तर 704.885 अरब डॉलर है, जो 24 सितम्बर 2024 को समाप्त सप्ताह में दर्ज किया गया था। लगातार तीन सप्ताह की तेजी के साथ अब यह एक बार फिर उसके करीब पहुंच गया है। इससे पहले, गत 05 सितम्बर को समाप्त में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 4.038 अरब डॉलर बढ़कर 698.268 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 सितम्बर 2025 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 2.537 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई और यह 587.014 अरब डॉलर हो गया। साथ ही स्वर्ण भंडार भी 2.120 अरब डॉलर बढ़कर 92.419 अरब डॉलर रहा।

### सोने और चांदी के भाव में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने और चांदी के दाम बढ़ गए। देश में 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के दाम 160 रुपये बढ़कर 1,11,330 रुपये पर आ गए। वहीं चांदी के रेट में भी 2000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। गुड रिटर्न्स के डेटा के मुताबिक देश में सिर्फ ओवरआल सोने के भाव नहीं बढ़े हैं, बल्कि देश के बाकी शहरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई में भी सोने की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। चांदी की चमक भी बढ़ गई है। देश की राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में सोने और चांदी कीमतों में तेजी देखी जा रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए 1,11,480 रुपये देने होंगे। इसके अलावा 1 किलोग्राम चांदी के लिए 1,11,480 रुपये चुकाने होंगे। वहीं अगर मुंबई की बात करें, तो गोल्ड और सिल्वर के दाम वहां भी बढ़े हैं।

# चावल-चीनी मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालों के भाव टूटे



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के दाम बढ़ गए, जबकि गेहूं में मंदी रही। चीनी के दाम भी बढ़ गए। दालों में नरमी देखी गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 11 रिंगिट टूटकर 4,424 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.88 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत दो रुपए बढ़कर 3,863.78 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपए टूटकर 2,857.15 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम में 15 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती रही और यह 3,319.08 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 43 रुपए और मूंगफली तेल 18 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। पाम ऑयल में भी 10 रुपए प्रति क्विंटल अधिक की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल की औसत कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल में 31 रुपए और वनस्पति 16 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में आज नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 40 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल में छह रुपए और मूंग दाल में 18 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मसूर दाल छह रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई, जबकि चना दाल के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। गुड़.चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7967.25 रुपए, मसूर काली 8168.25 रुपए, मूंग दाल 10123.90 रुपए, उड़द दाल 10453.65 रुपए, अरहर दाल 10625.28 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.15 रुपए और चावल 3863.78 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**'बुकर' विजेता...**

एडवोकेट ने फिर आरोप लगाया कि आमंत्रित अतिथि मुश्ताक ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच.ाने वाली कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, इसलिए ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित नहीं किया जा सकता। जस्टिस नाथ ने कहा कि मामला खारिज कर दिया गया है। हमने तीन बार खारिज कहा है। और कितनी बार खारिज करने की जरूरत है? दरअसल, कर्नाटक हाईकोर्ट ने 16 सितम्बर को कहा था कि किसी विशेष धर्म या आस्था को मानने वाले व्यक्ति का किसी दूसरे धर्म के त्योहारों में शामिल होना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। लेखिका बानू मुश्ताक को मैसूर दशहरा उत्सव के लिए कर्नाटक सरकार ने मुख्य अतिथि बनाया है। 62 साल की बानू मुश्ताक कन्नड़ लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान आंदोलनों और कन्नड़ भाषा आंदोलनों से जुड़ी रही हैं।

मई 2025 में उन्होंने अपनी कहानी संग्रह एडेया हनाटे के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। इस किताब का अंग्रेजी अनुवाद दीपा भस्थ ने किया था। राज्य की सिद्धारमैया सरकार ने उनके साहित्यिक और सामाजिक योगदान को देखते हुए इस बार दशहरा का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि बानू के लिए हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होना गलत होगा। क्योंकि इन अनुष्ठानों में पवित्र दीप जलाना, देवता को फल-फूल चढ़ाना और वैदिक प्रार्थनाएं करनी होती हैं। यह भी कहा गया था कि ऐसी प्रथाएं केवल एक हिंदू ही कर सकता है। हालांकि, राज्य सरकार ने कहा था कि यह राज्य का समारोह है, किसी मंदिर या धार्मिक संस्थान का नहीं। इसलिए धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। ये उत्सव हर साल आयोजित किया जाता है। पहले भी वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, लेखकों और स्वतंत्रता सेनानियों को बुलाया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि मुश्ताक को बुलाने का फैसला कमेटी का है। इसमें विभिन्न दलों के प्रतिनिधि और और विभिन्न सरकारी अधिकारी शामिल थे।

**तीन गलतियों के...**

पाकिस्तान को लगा था कि वह अखनूर पर हमला कर कश्मीर का सड़क मार्ग से शेष भारत के साथ संपर्क खत्म कर देगा, लेकिन यह उसकी रणनीतिक भूल साबित हुई और इसके लिए चलाया गया उसका ऑपरेशन जिबाल्टर विफल हो गया। उन्होंने कहा कि उस समय के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी सेनाओं को पूरी तरह से खुली छूट दे दी थी कि दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए। इसके बाद सेना ने पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया। जनरल नाम्बियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की इन तीनों गलतियों का फायदा उठाया और पाकिस्तान को लड़ाई में मुंह की खानी पड़ी।

# त्योहारों में क्यूआर कोड से मिलेगा रेलवे टिकट

**नई दिल्ली, वार्ता**



यूटीएस ऐप टिकटिंग को बढ़ावा देने को रेलवे कर्मचारियों ने क्यूआर कोड वाली जैकेट पहनी

यात्रियों की सुविधा और अनारक्षित टिकटों की सुविधा.जनक खरीद सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने आगामी त्योहारी सीजन में भीड़ बढ़ने की संभावना के मद्देनजर स्टेशन क्षेत्रों में यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकटों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड स्टिकर के साथ रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट पेश किए हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ए. श्रीधर ने कहा कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट खरीदे गए हैं, जिनके पीछे क्यूआर कोड स्टिकर मुद्रित हैं, जिन्हें यूटीएस ऐप या रेल वन ऐप के माध्यम से स्कैन करके अनारक्षित टिकट खरीदे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये जैकेट उन लोगों द्वारा पहने जाएंगे, जिन्हें स्टेशन परिसर, प्रवेश या निकास द्वार और टिकट काउंटरों के बाहर जैसे अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में यूटीएस मोबाइल ऐप को बढ़ावा देने के लिए तैनात किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के सीप.ीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान एनसीआर रेलवे ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस प्रणाली की शुरुआत की थी, जो भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ यात्रियों को परेशानी मुक्त टिकट प्रणाली प्रदान करने में एक बड़ी सफलता थी। त्रिपाठी ने कहा कि भारी सफलता को देखते हुए अन्य रेलवे ज़ोन भी त्योहारों के दौरान जैकेटों पर क्यूआर कोड लागू कर रहे हैं। एनसीआर भी जरूरत पड़ने पर ऐसे क्यूआर कोड युक्त जैकेट का इस्तेमाल करता है। यात्री जैकेट के पीछे दिए गए क्यूआर कोड को यूटीएस या रेल वन मोबाइल एप्लीकेशन से स्कैन कर सकते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दिशानिर्देशों के अनुसार कर्मचारी लोगों को एप्लीकेशन के उपयोग और यूटीएस ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने के लाभों के बारे में मार्गदर्शन करेंगे, जिससे टिकट काउंटरों पर कतारें कम करने में मदद मिलेगी और कैशलेस, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# स्कूल का चपरासी बना कार्यकारी प्रिंसिपल, शिक्षा विभाग में हड़कंप

## शिक्षक आंदोलन का अजब 'फल', पिथौरागढ़ के जीआईसी खतेड़ा में विचित्र स्थिति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में शिक्षा व्यवस्था की एक ऐसी हैरान करने वाली तस्वीर सामने आई है, जहां एक स्कूल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (चपरासी) को ही प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। यह अजीबोगरीब स्थिति राजकीय शिक्षकों के आंदोलन और प्रशास. निक सामंजस्य की कमी का परिणाम है, जिसने पूरे शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है।

मामला मुनस्यारी विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) खतेड़ा का है। यहां जब प्रभारी प्रधानाचार्य ने अपना पद त्यागा तो नियमों की आड़ में विद्यालय के एकमात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजू गिरी को सर्वेसर्वा बना दिया गया। अब सरकारी जिम्मेदारियां निभाने से लेकर महत्वपूर्ण फैसले लेने तक का दायित्व चपरासी राजू गिरी के कंधों पर है। शिक्षा विभाग में संभवतः यह पहला मौका है, जब किसी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को प्रभारी प्रधानाचार्य का जिम्मा सौंपा गया है। दरअसल, राजकीय शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन. रत हैं। इसी के तहत उन्होंने पठन-पाठन के अलावा कोई भी विभागीय काम न करने और प्रशास. निक दायित्व न संभालने का ऐलान किया है। जीआईसी खतेड़ा में स्थायी प्रधानाचार्य न होने के कारण हिंदी के प्रवक्ता छोटे सिंह को प्रभारी प्रधानाचार्य का प्रभार दिया गया था। संघ के फैसले के बाद उन्होंने बाकायदा हस्ताक्षर और मुहर के साथ पत्र लिखकर अपना पद त्याग दिया। विद्यालय में शिक्षकों के अलावा अन्य कोई स्थायी कर्मचारी न होने और अतिथि शिक्षकों को कोई भी सरकारी दायित्व न दिए जा सकने के नियम की आड़ में यह अजीब स्थिति पैदा हुई है।




मिली जानकारी के अनुसार, जीआईसी खतेड़ा में हिंदी प्रवक्ता के साथ एक अन्य स्थायी शिक्षक और पांच अतिथि शिक्षक तैनात हैं। ऐसे में प्रभारी प्रधानाचार्य का दायित्व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सौंपने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा। इस विचित्र स्थिति पर मुनस्यारी के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) दिगंबर आर्य ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस समाचार पत्र को बताया, ष्राजकीय शिक्षक अपने आंदोलन के तहत छात्र और विभागीय हित में गलत निर्णय ले रहे हैं। यदि जीआईसी खतेड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य को चार्ज किसी को देना ही था, तो वह मुझसे संपर्क कर सकते थे। उनका यह निर्णय सही नहीं है, जल्द ही इस मामले में उचित फैसला लिया जाएगा।

### सीईओ व बीईओ से किया गया है जवाब तलबः डॉ. मुकुल सती



माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल सती ने इस पूरे प्रकरण को बेहद गंभीर बताया है। डॉ. सती ने इस समाचार पत्र से बातचीत में कहा, ष्इस प्रकरण को काफी गंभीरता से लिया गया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) और खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) से जवाब तलब किया गया है। इसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद इसमें अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डॉ. सती ने आगे कहा, ष्यह साधारण प्रकरण नहीं है। छात्र के जीवन के साथ खिलवाड़ को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शिक्षक का मुख्य दायित्व ही छात्र का भविष्य संवारना है, जिसकी अनदेखी एक गंभीर अनुशासनहीनता की परिधि में मानी जाएगी।ष यह घटना शिक्षा विभाग में व्याप्त प्रशासनिक शिथिलता और शिक्षक-प्रशासन के बीच सामंजस्य की कमी को उजागर करती है।

# आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी का योजनाओं में हो उपयोगः सीएम

## राज्य स्तरीय दिशा समिति की पहली बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य स्तरीय दिशा समिति की पहली बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय, देहरादून में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं खेल से जुड़ी योजनाओं की कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की गई।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग शीघ्र इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और विभागों के बीच आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बल दिया कि राज्य को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए लगातार ठोस और सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी युग में योजनाओं की निगरानी और सफल संचालन हेतु आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सूचनाओं की त्वरित उपलब्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने से योजना क्रियान्वयन की गति में उल्लेखनीय सुधार होगा। किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुँचाने के लिए सभी विभागों द्वारा समन्वित प्रयास करना आवश्यक है। कृषि और ऊर्जा क्षेत्र पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा आधारित पंपों की स्थापना की गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को न केवल सिंचाई के साधन सुलभ होंगे बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से दीर्घकालिक रूप से ऊर्जा आत्मनिर्भरता भी प्राप्त होगी। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

बैठक में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डॉ. कल्पना सैनी, विधायकगण सहदेव सिंह पुण्डीर, रेनू बिष्ट, सुरेश गढ़िया, शक्तिलाल शाह, हरीश धामी एवं मनोज तिवारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रमुख सचिव एल. फैनई, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव राधिका झा, नितेश झा, बी. वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, एस.एन. पांडेय, आर. राजेश कुमार, धीराज गर्ब्याल, श्रीधर बाबू अद्दांकी, युगल किशोर पंत, रणवीर सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी बैठक में सम्मिलित हुए।

## कमिश्नर विनय शंकर पांडेय पहुंचे ग्राउंड जीरो पर

**देहरादून।** गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय ने शुक्रवार को आपदा प्रभावित मालदेवता - केसरवाला क्षेत्र का जायजा लिया। यहां गत दिनों नदी में आई बाढ़ से सड़क का एक हिस्सा बह गया था, जिस कारण मालदेवता क्षेत्र का रायपुर से सीधे सम्पर्क टूट गया था। लेकिन युद्धस्तर पर चले पुनर्निमाण कार्य के बाद, शुक्रवार सुबह यहां अस्थायी सड़क का निर्माण पूरा किए जाने के बाद यातायात भी खोल दिया गया है। गढ़वाल कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, अस्थायी सड़क को सुविधाजनक बनाया जाए, साथ ही बरसात बाद तेजी से स्थायी सड़क का निर्माण किया जाए।

# पदक विजेता खिलाड़ियों को नौकरी देगी सरकारः धामी

## मुख्यमंत्री ने किया एशियाई कैडेट कप फेंसिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्द्वानी।** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के मानसखंड परिसर में आयोजित एशियाई कैडेट कप फेंसिंग प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करती रहेगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से कहा कि वह पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव सजग रहें। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों के प्रति स्वयं भी सजग रहें और युवा पीढ़ी को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना तथा खेल किट योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। इस एशियन कैडेट कप फेंसिंग टूर्नामेंट में 17 देशों के तलवारबाज भाग ले रहे हैं।




मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच से न केवल खेलों में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे, बल्कि समाज के समक्ष भी आदर्श प्रस्तुत करेंगे। कहा कि उत्तराखंड खेल रत्न पुरस्कार और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों की योग्यता को भी सम्मानित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त राज्य की राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू कर दिया है जिससे राज्य के खिलाड़ियों के परिश्रम और उत्कृष्टता को उचित अवसर और सम्मान मिल सके। वहीं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 50-50 लाख रुपए की सम्मान राशि से भी पुरस्कृत किया गया है। प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार ने नई खेल नीति लागू की है जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार की दिशा में भी सरकार कार्य कर रही है। साथ ही रेल मंत्री से यहां नई ट्रेनें देने के लिए भी आग्रह किया है जिससे यहां आने वाले यात्रियों, पर्यटकों और खिलाड़ियों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, राम सिंह कैड़ा, प्रमोद नैनवाल, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा मंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा, नवीन वर्मा, दीपक मेहरा, मेयर काशीपुर दीपक बाली, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एसएसपी पीएन मीणा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अन्य देशों से आए खिलाड़ी मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**देहरादून।** स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़े के तहत भारतीय रेड क्रॉस शाखा देहरादून व देव भूमि में इंस्टिट्यूट मांडू वाला देहरादून की और से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 300 यूनिट रक्त एकत्र हुआ रक्तदान शिविर का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने रिबन काटकर किया। रक्तदान शिविर में दून मेडिकल अस्पताल की टीम के अतिरिक्त चार अन्य टीमों द्वारा रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत द्वारा रक्तदाताओं को प्रेरित किया गया।

# त्योहारी सीजन से पहले GST की संशोधित दरें जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** वित्त विभाग ने राज्य में प्रमुख उपभोक्ता सामान और सेवाओं पर 22 सितंबर से लागू होने वाली जीएसटी की संशोधित दरें जारी कर दी है। ज्यादातर सेवाओं और वस्तुओं की जीएसटी दरों में कमी होने से त्योहारी सीजन से उपभोक्ताओं भारी राहत मिलेगी। सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने बताया कि जीएसटी परिषद की 56 वीं बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रम में केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 17.09.2025 को कर दर निर्धारण सम्बन्धी विभिन्न अधिसूचनाएं जारी की गयी है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य द्वारा भी दिनांक 18.09.2025 को विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर दरों को निर्धारित किये जाने सम्बन्धी अधिसूचनाएं जारी कर दी गयी हैं। इन अधिसूचनाओं के माध्यम से कर की दरों में किया गया परिवर्तन दिनांक 22.09.2025 से लागू होगा।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में जीएसटी दरों में भारी कमी कर दी है। इसी क्रम में राज्य में भी 22 सितंबर से नई जीएसटी दरों को लागू किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलने के साथ ही अर्थव्यवस्था में भी तेजी आएगी.
> .. **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**




इस परिवर्तन से आच्छादित समस्त वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी। इससे उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे वस्तुओं की मांग में वृद्धि होगी तथा व्यापार व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा। कर की दरों के सरलीकरण का सीधा लाभ आम जनता को प्राप्त होगा तथा इससे दीर्घकालिक रूप में अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। इसका उद्देश्य आम जनता, विशेष रूप से निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों को अधिकतम लाभ पहुंच. ाना है तथा इन कर सुधारों से किसान एवं व्यापारी भी लाभान्वित होंगे।

# कोर्ट को सौंपी जाएगी 3300 शिक्षकों की वरिष्ठता सूचीः डॉ. रावत

## उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश के क्रम में अधिकारियों को दिए निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता प्रकरण को लेकर उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के क्रम में वरिष्ठता सूची तीन दिन के भीतर न्यायालय को सौंप दी जायेगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं है। इसके अलावा विभाग में अधिकारियों के लम्बित पदोन्नति के प्रकरण पर भी शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।



सूबे विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को अपने शासकीय आवास पर उच्च न्यायालय में चल रहे शिक्षकों की वरिष्ठता, पदोन्नति एवं स्थानांतरण प्रकरण को लेकर शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें निर्णय लिया गया है कि उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के क्रम माध्यमिक शिक्षा के करीब 3300 शिक्षकों की वरिष्ठता सूची अगली सुनवाई से पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत कर दी जायेगी। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को शीघ्र सूची तैयार कर अगली सुनवाई की तिथि 23 सितम्बर से पूर्व न्यायालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा विभाग में अधिकारियों की शीघ्र डीपीसी करा कर रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नति करने के भी निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को धारा-27 के तहत विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव मांगने के भी निर्देश दिये, जिसके तहत स्वयं गंभीर रोग से ग्रसित शिक्षक एवं कार्मिक, उनके माता-पिता, पति-पत्नी एवं बच्चे शामिल है। इसके अलावा स्वयं दिव्यांग शिक्षक एवं कार्मिक व उनके माता-पिता, पति-पत्नी एवं बच्चे तथा विधवा, विधुर, तलाकशुदा, परित्यागता, सैनिक एवं अर्द्धसैनिक बलों में तैनात शिक्षकों के पति एवं पत्नी शामिल है। इसके अलावा बैठक में डायट एवं आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये निकटतम विकासखण्ड/जनपद के अधिकारियों को प्राचार्यों के रिक्त पदों का अतिरिक्त प्रभार देने को कहा।

बैठक में अपर सचिव विद्यालयी शिक्षा रंजना राजगुरू, एम.एम. सेमवाल, उप सचिव अनिल कुमार पाण्डेय, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, निद. ेशक प्राथमिक अजय नौडियाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, अपर निदेशक पदमेन्द्र सकलानी, अनु सचिव विकास श्रीवास्तव, प्रेम सिंह राणा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने विशेषज्ञों के साथ की हिमालय संरक्षण व संवर्धन पर चर्चा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में विशेषज्ञों के साथ एक बैठक कर हिमालय संरक्षण और संवर्धन पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमालय की धरोहर को सुरक्षित रखने और बदलते जलवायु संकट का समाधान खोजने के लिए एक "अंतर्राष्ट्रीय हिमालय अध्ययन विश्वविद्यालय" की स्थापना जरूरी है।



राज्यपाल ने कहा कि आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी तंत्र में आ रहे तेज बदलावों का सामना कर रहा है और इसके समाधान भारत से निकलने चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हिमालय के संरक्षण और शोध के लिए अलग-अलग संस्थान काम कर रहे हैं, लेकिन एकीकृत प्रयास की कमी के कारण ठोस समाधान सामने नहीं आ पा रहा है।राज्यपाल ने कहा कि हिमालय पर केंद्रित नीतियों के निर्माण, पारंपरिक और आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कृति तथा जैव विविधता के संरक्षण के लिए इस विश्वविद्यालय की स्थापना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल हिमालयी राज्यों बल्कि पूरे विश्व को लाभ मिलेगा। बैठक में विश्वविद्यालय के संभावित स्वरूप और रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल, डॉ. आरसी सुन्दरियाल और डॉ. एम. रावत भी उपस्थित रहे।

# शहीद सम्मान यात्रा 2.0 की तैयारी की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में आगामी 22 सितंबर को देहरादून में आयोजित होने वाली शहीद सम्मान यात्रा 2.0 की तैयारी के संबंध में सैनिक कल्याण के अधिकारियों और सैनिक संगठनों के पदाधिकारी के साथ बैठक की। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।



सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि 22 सितम्बर को देहरादून से आयोजित होने वाले शहीद सम्मान यात्रा 2.0 का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 1734 बलिदा. नियों के आंगन की मिट्टी सैन्यधाम लाई जा चुकी है, लेकिन इस प्रक्रिया में लगभग 71 बलिदानी छूट गए थे।

इन बलिदानियों के आंगन की पवित्र मिट्टी लाने के लिए दूसरे चरण की शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो 22 सितंबर से 04 अक्टूबर तक चलेगी। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सैन्यधाम के लोकार्पण से पहले छूटे हुए बलिदा. नियों के आंगन की मिट्टी भी सैन्यधाम लाकर सम्मिलित की जाएगी। बैठक में सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक कर्नल (सेनि) योगेन्द्र कुमार, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेनि) ओपी फर्सवाण सहित पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हर्षिल घाटी के सेब काश्तकारों में मौसम व आपदा की पड़ी दोहरी मार

## इस बार नहीं देखेंगे दिल्ली की मंडियों में हर्षिल के रसीले सेब

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद सेब उत्पादन के मामले में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जनपद बनता जा रहा है। लेकिन इस बार यहां के बागवानी काश्तकारों पर मौसम और आपदा की दोहरी मार पड़ी जिसक. ारण सेब काश्तकार मायूस है । बता दें कि जिले में गंगा और यमुना घाटी में करीब 22 हजार मीट्रिक टन सेब का उत्पादन होता है। अकेले हर्षिल वैली में करीब 4 हजार मीट्रिक टन का पैदावार होता था , लेकिन इस बार मार्च के महिने हुई बर्फबारी से मधुमक्खियां फलवार (परागण) नहीं कर पाई जिससे सेब की पैदावार भारी कमी आई है। उसके बाद पांच अगस्त को धराली हर्षिल में आई आपदा के कारणों महिनों से सड़क बंद होने से काश्तकारों का सेब खरेदने बड़े ठेकेदार नहीं आ सके जिसकारण सरकार से समर्थन मूल्य की मांग कर रहे हैं।



बीते वर्षों हर्षिल घाटी में सेब के अच्छे उत्पादन से काश्तकारों के चेहरे खिले हुए थे। उद्यान विभाग के सर्वे की मानें तो बीते साल हर्षिल घाटी में 4000 मीट्रिक टन सेब उत्पादन हुआ था।

गौरतलब है कि हर्षिल घाटी के सेब का अपने बड़े साइज और मिठास के लिए देश की बड़ी मंडियों में अपना एक अलग पहचान है। इस साल अच्छी बर्फबारी के साथ ही घाटी के सेब काश्तकारों को उत्पादन की अच्छी उम्मीद थी। जो कि अब सेब उत्पादन को देखते हुए सार्थक नजर आ रहा था। आपदा के बीच अभी सीमित मात्रा में सेब खरीददार हर्षिल घाटी पहुंचने लगे हैं तो वहीं, काश्तकारों को उम्मीद है कि इस आपदा काल में अगर शासन और प्रशासन मदद करता है तो अच्छी संख्या में सेब खरीददार मंडियों से हर्षिल घाटी पहुंचेंगे।

हर्षिल घाटी के काश्तकारों का कहना है कि बेमौसमी बर्फबारी,पतझड़ और अच्छी दवाइयां न मिलने के कारण कई काश्तकारों को सेब के ग्रेड घटने का डर सता रहा है। क्योंकि, । और ठ ग्रेड के सेब तो खरीददार ले रहे हैं, लेकिन बीमारी के कारण ब ग्रेड के सेबों को खरीददार नहीं मिल रहे हैं। क्योंकि, साल 2012-13 की आपदा में और कोरोना काल में भी पूर्ववर्ती सरकार ने यही मूल्य काश्तकारों को दिया था।जिससे इस आपदा में छोटे सेब काश्तकारों को लाभ मिल सके।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस बार मार्च के महिने में जब सेब के पेड़ों पर फलौरिग हो रहा थी उस समय बर्फबारी होने से मधुमक्खियों और अन्य परागण करने वाले कीट बर्फबारी के समय सक्रिय नहीं हो पाते हैं। जिस कारण इस बार हर्षिल वैली में चार हजार मीट्रिक टन से घट कर करीब 250 हजार मीट्रिक टन सेब उत्पादन का अनुमान है जो कि सेब की फसलों के लिए बहुत नुकसानदायक रहा है.. **डॉ रजनीश सिंह, जिला उद्यान अधिकारी उत्तरकाशी।**

# आरओबी निर्माण में देरी चढ़ा विधायक चीमा का पारा

## बैठक में अधिकारियों और ठेकेदारों को दो-टूक हिदायत दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रामनगर रोड पर अधर में लटका आरओबी निर्माण और टूटी-फूटी सर्विस रोड ने अब जनता का सब्र तोड़ दिया है। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा व पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने अपने कार्यालय में बुलाई गई समीक्षा बैठक में अधिकारियों और ठेकेदारों को दो-टूक कहा जनता हमसे विकास की उम्मीद रखती है परंतु विकास कार्यो में हो रही लेटलतीफी और बहानेबाजी से अब काशीपुर के लोग तंग आ चुके हैं।



उन्होंने सख्त लहजे मे कहा कि जनता को राहत चाहिए, बहाने नहीं। काम की सुस्ती अब और नहीं चलेगी, जनता का सब्र जवाब दे चुका है। बैठक में एसडीएम अभय प्रताप सिंह, रेलवे के अभियंता, एनएच के ईई आशुतोष, निर्माण कार्य में जुटे ठेकेदार और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक और पूर्व विधायक ने कहा कि आरओबी निर्माण की धीमी रफ्तार और जर्जर सर्विस रोड जनता के लिए असहनीय हो चुकी है। अब देरी करने वालों को जनता के बीच जाकर जवाब देना होगा। चीमा ने अधिकारियों को आगाह किया कि टूटी-फूटी सर्विस रोड पर चलना अब सीधा मौत को दावत देने जैसा हो गया है। गड्ढों और धूल-मिट्टी से लोग परेशान हैं, हाद. सों का खतरा हर वक्त मंडरा रहा है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा सर्विस रोड की मरम्मत तुरंत शुरू हो, इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में काशीपुर-बाजपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित अंडरपास पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आरओबी और अंडरपास का काम प्राथमिकता से कराया जाएगा और सर्विस रोड की मरम्मत भी जल्द शुरू होगी।

# दिशा की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। राज्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को सड़क निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने और ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर दुर्घटनाएं रोकने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में रिसाव की समस्या दूर करने और जन औषधि केंद्रों में जरूरी दवाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। बीएसएनएल को मोबाइल नेटवर्क सुधारने, जबकि यूपीसीएल को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था की रिपोर्ट देने को कहा गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन सहित कई योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी आशीष भाटगांई ने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार थीम पर चल रहे सेवा पखवाड़ा की जानकारी दी। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों को ब्लॉक स्तर पर नियमित बैठकें करने और महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। बैठक में विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।



## एक नजर....

### किशोरियों को जागरूक किया

**बागेश्वर।** सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रम की श्रृंखला में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दोफाड़ में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किशोरियों के लिए किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक परिवर्तन, पोषण, मासिक धर्म से संबंधित समस्याओं, मासिक धर्म में स्वच्छता अपनाने, गुड टच बैड टच, किशोरावस्था में होने वाली मनोदशाओं को समझने आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ साथ किशोरावस्था में संभावित बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता तथा पोषण के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की कुल 43 छात्राएं लाभांवित हुई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्या रंजना चौहान एवं समस्त विद्यालय परिवार ने विभाग का आभार जताया। कार्यक्रम का आयोजन जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी बागेश्वर के दिशा निर्देशन में आयुष्यमान आरोग्य मंदिर चौरा बागेश्वर के चिकित्सा अधिकारी डा. एजल पटेल, फार्मेसी अधिकारी नीलम खत्री, योग अनुदेशक बालकृष्ण एवं योग अनुदेशक प्रीति फर्स्वाण के द्वारा किया गया।

### प्रयोगशाला भेजे गए 6 दवाओं के नमूने

**बागेश्वर।** स्प्यूरियस एवं अधोमानक दवाइयों की रोकथाम हेतु अभियान के तहत औषधि निरीक्षक बागेश्वर पूजा रानी द्वारा बागेश्वर स्थित केंद्रीय औषधि भंडार, राजकीय पशु चिकित्सालय बागेश्वर का दौरा किया गया। जहां उन्होंने 6 औषधियों के नमूने लेकर राज्य विश्लेषण शाला रुद्रपुर जांच हेतु भेजे गए। औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने केंद्रीय औषधि भंडार के कार्मिकों को औषधियों के उचित रखरखाव हेतु उन्हें दिशा निर्देश भी दिए एवं किसी दवा की गुणवत्ता पर संदेह हीने पर औषधि प्रशासन को तुरंत सूचित करने हेतु निर्देशित भी किया गया। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि एनएसक्यू दवाएं को रोकना ही औषधि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है और इस विषय को गंभीर बताते हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी दवाओं से मरीजों एवं पशुओं की शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि दवाओं पर मरीजों एवं पशुओं के मालिकों का भरोसा भी प्रभावित होता है।

### काशीपुर बार एसोसिएशन ने जताया शोक

**काशीपुर।** बार एसोसिएशन काशीपुर के भवन एक शोकसभा आयोजित की गयी, जिसमें काशीपुर बार एसोसिएशन की सदस्य संध्या आर्या की माताजी के आकस्मिक निधन हो जाने पर शोक जताया तथा 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना कि गयी। शोकसभा में काशीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, उमेश जोशी, राजाराम, रामकुंवर चौहान, वीरेंद्र चौहान, मुस्तफा मालिक, सनत कुमार पेगिया, सुभाष पाल, मो.नईम सुन्दर सिंह आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### दीपक जोशी बीएसएनएल टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी के डायरेक्टर मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** सांसद अजय भट्ट की संस्तुति पर बिंदुखत्ता के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक जोशी को बीएसएनएल टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी नैनीताल जनपद का डायरेक्टर मनोनीत किया गया है। श्री जोशी के डायरेक्टर मनोनीत होने पर क्षेत्रवासियों द्वारा उनको बधाइयां दी गई हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट और भारत संचार निगम लिमिटेड की सस्तुति पर दूरसंचार विभाग भारत सरकार द्वारा दीपक जोशी का डायरेक्टर के लिए मनोनयन किया गया है।



### लवीश, विपिन अरोरा व राजीव का किया स्वागत

**काशीपुर।** भाजपा कार्यकारिणी में हाल ही में जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए लवीश अरोरा, विपिन अरोरा और राजीव ठुकराल का यहां दुर्गा भवन में पंजाबी समाज द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने तीनों नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में दुर्गा महिला मंडली, श्री पंजाबी सभा, श्री रामाकृष्णा ड्रामेटिक क्लब और श्री दुर्गा जागरण मंडली सहित विभिन्न संगठनों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर पंजाबी समाज से जुड़े रमेश छाबड़ा, अनिल सिंधवानी, सुरेंद्र कपूर, मनीष शर्मा, सुरेंद्र छाबड़ा, रमेश सपरा, नवीन अरोरा, सुदेश छाबड़ा, सरोज शर्मा, विनोद मेहरोत्रा, राजेंद्र चावला, गगन चावला, मनोज कुमार, नीलम छाबड़ा, सुषमा अरोड़ा, मंजू शर्मा, ममता सेठी, मनी अरोड़ा, अर्चना अरोरा, श्याम अरोरा, दीप्ति अरोड़ा, सरिता शर्मा, वंदना, मंजू, नीतू, रजनी, प्रियांशु कथुरिया थे।

### हैरिटेज सिटी घोषित करने की मांग

**अल्मोड़ा।** छठे वित्त आयोग के अध्यक्ष को शुक्रवार को पार्षद प्रति. निधि विनय किरौला ने ज्ञापन सौंपा। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा को हैरिटेज सिटी और मंदिरों की नगरी घोषित करने की मांग की। शाम करीब 05 बजे विनय किरौला ने कहा कि सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा उत्तराखण्ड नगर के प्राचीनतम शहरों में एक है, चंद राजाओं की राजधानी रहा नगर आज बुनियादी अवस्थापना के आभाव से जूझ रहा है। नगर में बढ़ती आबादी व पानी की निकासी के आभाव में पूर्व में जोशीमठ में आई आपदा से सबक लेते हुए नगर को सीवर लाइन व पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम से लैस करना आवश्यक है।

# तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की पुलिस ने धरपकड़ तेज कर दी है। भतरौंजखान और सल्ट में दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने 14 किलो से अधिक की गांजा बरामद की है। मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि अल्मोड़ा कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीमों को लगातार क्षेत्र में चेकिंग चलाने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में भतरौंजखान पुलिस ने चेकिंग के दौरान छोटी घट्टी के पास भिकियासैंण बासोट मार्ग की ओर से आ रहे मोटर साइकिल संख्या यूपी 21 सीएम 1957 को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में सवार सलीम पुत्र जमील अहमद, निवासी ग्राम मंझरा वेरखेडा, मुरादाबाद के कब्जे से 6.860 किलो गांजा बरामद की गई। वहीं, दूसरे मामले में सल्ट पुलिस ने चैक पोस्ट मरचूला के पास मोटर साइकिल संख्या यूके 18 एम 6435 में सवार कुलदीप पुत्र सुरेश चन्द्र चौहान, निवासी ग्राम सोकर धाम कालोनी पीरुमदारा रामनगर और दिनेश कुमार पुत्र विजेन्द्र सिंह, निवासी जसपुर उधमसिंहनगर के कब्जे से 7.595 किलो गांजा बरामद की गई। पुलिस के अनुसार दोनों स्थानों में पकड़ी गई गांजे की कीमत करीब 3.61 लाख रुपये आंकी गई। मौके पर पुलिस ने गांजे को सील कर दोनों मामलों में तीन आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। टीम में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह, एएसआई दीवान सिंह, हेड कांस्टेबल श्रवण सैनी, नारायण सिंह, कपिल कुमार, दीपक कुमार, होमगार्ड मनोज शर्मा शामिल रहे।

## क्वारब से रात में 16 अक्टूबर तक वाहनों के आवागमन पर रोक

**अल्मोड़ा।** क्वारब पुल के समीप दरकती पहाड़ी परेशानी का सबब बनी हुई है। बीते एक साल से पहाड़ी दरकने से वहां से गुजर रहे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खतरे को देखते हुए प्रशासन ने एक बार फिर क्वारब डेंजर जोन से रात्रि में वाहनों के आवागमन पर रोक बढ़ा दी है। अब 16 अक्टूबर तक रात्रि में 11 बजे से सुबह पांच बजे तक वाहनों का आवागन पूरी तरह बंद रहेगा। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि खतरे को देखते हुए एहतियातन रात में एनएच पर वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। बताया कि इस निर्देश में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

# समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को छठे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन रविशंकर ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने राज्य वित्त आयोग की भूमिका एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। प्रथम सत्र में नगर निकायों तथा द्वितीय सत्र में ग्रामीण निकायों के जनप्रतिनिधियों से संवाद किया गया। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े राजस्व, व्यय, कचरा प्रबंधन, कर संग्रह एवं पंचायत भवनों से संबंधित मुद्दों को रखा। नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों ने कचरा निस्तारण, सीवरेज व स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा अन्य नगरीय सुविधाओं से जुड़े मुद्दे रखे। बैठक के दौरान आयोग अध्यक्ष एन रविशंकर ने कहा कि संसाधनों का सही और संतुलित उपयोग आवश्यक है। शहरी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित एवं दूरदर्शी नगरीय नियोजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि शासकीय विभाग यह मानकर चलें कि उन्हें स्थानीय निकायों के साथ मिलकर योजनाएं बनानी हैं और उनकी आकांक्षाओं को ध्यान में रखना है। आयोग ने स्पष्ट किया कि ग्राम क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा तथा न्यूनतम व्यय सीमा तय करना आवश्यक है। बैठक में राजस्व स्रोतों, व्यय प्रबंधन और स्थानीय निकायों की वित्तीय चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। सभी प्रतिभागियों के सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लिया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नेगी, मेयर अजय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, जिला विकास अधिकारी एसके पंत, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेनू भंडारी, सहायक नगर आयुक्त लक्ष्मण सिंह भंडारी, जिलाध्यक्ष भाजपा महेश नयाल समेत अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।



## कांग्रेस की बयानबाजी तथ्यों से परे: नयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कांग्रेस पार्टी द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के पुतला दहन और भ्रामक बयानबाजी को पूरी तरह से तथ्यों से परे और जनता को गुमराह करने वाला कदम बताया है। शुक्रवार को मीडिया को दिए बयान में जिलाध्यक्ष नयाल ने कहा कि क्वारब क्षेत्र की समस्या का समाधान सांसद अजय टम्टा के सतत प्रयासों से ही संभव हो पाया है। उनके निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप स्लाइडिंग ज़ोन ट्रीटमेंट के लिए केंद्र सरकार से 51 करोड़ रुपय की धनराशि स्वीकृत हुई, जिसमें आधे से अधिक कार्य संपन्न भी हो चुका है। महेश नयाल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के बयान को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करना केवल राजनीतिक लाभ के लिए किया गया प्रयास है।

# अजय टम्टा का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय सड़क राज्य मंत्री अजय टम्टा का पुतला फूंक कर जमकर नारेबाजी की। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि लगभग डेढ़ वर्ष से क्वारब के समीप सड़क बंद है। जिसके कारण तीन जिले के लोग प्रभावित हो रहे हैं। कहा मंत्री अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं। शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसबीआईए तिराहे पर एकत्र हुए। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि केन्द्रीय राज्य सड़क परिवहन मंत्री अजय टम्टा पहाड़ की समस्याओं से मुंह फेर रहे हैं। क्वारब के समीप पिछले डेढ़ साल से सड़क खस्ताहाल है, जिसमें एंबुलेंस से लेकर अन्य सभी वाहन घंटों फंस रहे हैं। उसके बाबजूद मंत्री द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिससे कुमाऊं के तीन जिले बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ जनपद वासी प्रभावित हो रहे है। इसके अलावा जिले में लगातार आपदा का दौर जारी है। भाजपा के मंत्री मुख्यमंत्री आ रहे है, पीड़ितों को मजह आश्वासन देकर अपनी फोटो खिंचवाकर जा रहे हैं। जबकि कांग्रेस लगातार आपदा के मानकों में बदलाव की मांग करते आ रही है। कांग्रेस ने पीड़ितों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों में बसाए जाने व पहाड़ के सड़कों की दशा व स्थिति ठीक करने की मांग की है। सड़कों की स्थिति ठीक न होने पर आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व चेयरमैन गीता रावल, भीम कुमार, बालकृष्ण, कुंदन गिरी, हयात सिंह, मुन्ना पांडे, गोकुल परिहार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग शुक्रवार को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पतलिया कोटाबाग में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। इस शिविर के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं व जांचों की जानकारी भी दी। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं और किशोरियों के लिए उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच सहित कैंसर और एनीमिया की जांच और परामर्श भी दिया जा रहा है। यह सुविधा शिविर के साथ ही क्षेत्र के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और स्वास्थ्य केन्द्रों में भी संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भावना तिवारी, पूर्व प्रधान दीपचंद तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य तरुण, मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, दीपा ढोंढियाल, ललित जोशी रहे।



# उर्वशी बाली ने की दिव्यांगों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सेवा पखवाड़े के तहत मेयर पत्नी तथा डी बाली ग्रुप की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली ने हिंदू वाहिनी संगठन के सदस्यों के साथ पीरुमदारा के पास स्थित यूएसआर इंदू समिति के मूक बधिर बच्चों के विद्यालय में पहुंचकर उपहार भेंट किए और अपनेपन का एहसास कराते हुए कुछ पल उनके साथ गुजारे। जो बच्चे ना सुन सकते हैं और ना बोल सकते उन्होंने बज रहे गीतों पर डांस कर सभी का मन मोह लिया और बिन बोले संदेश दिया कि आप हमारे साथ हैं तो हम भी किसी से कम नहीं।

हिंदू वाहिनी संगठन के सदस्यों द्वारा दिया गया, केक और खाने पीने का अन्य सामान देखकर इन बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। उर्वशी बाली अक्सर इन बच्चों के बीच जाती हैं और समाज के दूसरे लोगों को भी इनके पास जाकर उनकी सेवा करने के लिए प्रेरित करती हैं। हिंदू वाहिनी के अध्यक्ष आनंद तिवारी ने भी कहा कि मूक बधिर बच्चों की सेवा अपने आप में बहुत बड़ा परोपकार है और इनसे जोड़ने के लिए हम श्रीमती बाली के बहुत आभारी हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की अधीक्षिका अनुप्रिया शर्मा, काउंसलर ज्योति रावत, अधीक्षक अभिषेक शर्मा आदि ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस दौरान हिंदू वाहिनी संगठन के अनिल कुमार शर्मा, महेंद्र सिसोदिया, योगेश चौहान, रूचिन शर्मा, विनय शर्मा, संचित मिश्रा, सोना ठाकुर, ज्योति शर्मा, अमित कुमारी, अंकिता चौधरी आदि मौजूद थे।



## क्वारब मार्ग से 24 घंटे वाहनों के संचालन की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास बदहाल मार्ग को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शुक्रवार को दीप चंद्र सभागार में प्रेस वार्ता की। इस दौरान व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह ने प्रशासन से मार्ग में 24 घंटे वाहनों के संचालन की मांग की। 15 दिन के भीतर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष सुशील साह ने कहा कि पिछले लंबे समय से क्वारब मार्ग में लगातार भूस्खलन और मलबा गिरने की घटनाएं हो रही हैं। इससे रात के समय वाहनों का संचालन बंद किया हुआ है। मार्ग से वाहनों का बंद करने का असर सीधे तौर पर कारोबार पर पड़ रहा है।

# हिन्दी केवल भाषा नहीं, सांस्कृतिक पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** हिन्दी सप्ताह के अंतर्गत गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के पुस्तकालय स्थित रामतीर्थ सभागार में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हिन्दी भाषा के संरक्षण, संवर्धन तथा दैनिक जीवन में इसके समुचित प्रयोग को लेकर विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिन्दी को केवल भाषा न मानकर एक सांस्कृतिक पहचान और रणनीतिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि हिन्दी हमारे चिन्तन को विस्तार देती है, विचारों को अभिव्यक्ति देती है तथा बचपन से ही विद्यार्थियों में मातृभाषा के प्रति गर्व का भाव उत्पन्न किया जाना चाहिए। विशेषज्ञों ने बताया कि डिजिटल क्रांति के इस युग में हिन्दी वैश्विक स्तर पर अपनी जगह बना रही है। ई-कॉमर्स, मनो. रंजन, सोशल मीडिया और तकनीकी क्षेत्रों में हिन्दी की उपयोगिता तेजी से बढ़ रही है। कई बड़ी कम्पनियाँ हिन्दी की शक्ति को पहचानकर इसे अपने व्यावसायिक लक्ष्यों में शामिल कर रही हैं। वक्ताओं ने यह भी चिन्ता व्यक्त की कि एआई, चैटबॉट्स और मशीन लर्निंग के माध्यम से हिन्दी में भले ही नए शोध और साहित्यिक प्रयास हो रहे हैं, लेकिन व्याकरण की समझ की कमी के कारण भाषा में विकृतियाँ भी देखी जा रही हैं। ऐसे में हिन्दी के शुद्ध और सृजनात्मक प्रयोग को बढ़ावा देना आवश्यक है। आचार्य श्रीराम शर्मा के विचारों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि भारतीय परंपरा में शिक्षा केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि जीवन की सम्पूर्णता का संकेत करती है, और इसमें भाषा की भूमिका केंद्रीय है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रमुख रूप से डा. एससी त्रिपाठी (प्रभारी, विश्वविद्यालय पुस्तकालय), डा. विनोद कुमार, डा. भूपेश सिंह, डा. आरके श्रीवास्तव, डा. अजय उपाध्याय, डा. प्रमोद मल्ल, डा. छाया शुक्ला, डा. विपुल गुप्ता, डा. मंजूल कांडपाल, डा. तनूज अंबानी, हेमा हल्दुआ, डा. केपी सक्सेना आदि ने अपने विचार साझा किए और हिन्दी को अपने प्रतिदिन के कार्यों में अपनाने का संकल्प लिया।



## मेहरोत्रा एंटरप्राइजेज में हीरो मीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित मेहरोत्रा एंटरप्राइजेज में असली हीरो मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न केवल हीरो कंपनी और ग्राहकों के बीच संबंधों को और भी मजबूत किया, बल्कि समाज के उन मेहनतकश मैकेनिकों को भी सम्मानित किया गया, जो दिन-रात अपनी लगन और ईमानदारी से टू-व्हीलर्स को बेहतर बनाए रखते हैं। इस अवसर पर मैकेनिकों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कई मैकेनिकों ने मंच पर अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे हीरो टू-व्हीलर्स उनके जीवनयापन का आधार बने हुए हैं। प्रोपराइटर अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि हीरो कंपनी की असली ताकत हमारे ग्राहक और हमारे मैकेनिक भाई हैं। उनकी मेहनत और निष्ठा ही हमारी सफलता की कुंजी है। यह कार्यक्रम उनके समर्पण को सलाम करने के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान कंपनी अधिकारियों ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में मैकेनिकों के लिए और भी ट्रेनिंग प्रोग्राम, स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप और सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे, ताकि वे नई तकनीकों से अपडेट रह सकें।

# रूस को चाहिए सफेद बाघ का क्लोन

## पंतनगर विश्वविद्यालय देगा तकनीकी सहयोग: प्रो. मनमोहन सिंह चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** जंगल का सम्राट-सफेद बाघ-अब प्रयोगशाला की दीवारों के भीतर भी जन्म ले सकता है। यह सुनकर शायद चौंकें, लेकिन हकीकत यही है। रूस ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर से इस दुर्लभ प्रजाति के क्लोन तैयार करने में तकनीकी मदद मांगी है। और पंत विवि ने भी इसे सिर्फ वैज्ञानिक चुनौती नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि मानते हुए सहयोग देने पर हामी भर दी है। पंत विवि के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी साइंस से इस संबंध में गहन बातचीत चल रही है। इसी वर्ष फरवरी में वहाँ से आए वैज्ञानिकों और छात्रों का दल पंत विवि पहुँचा था। उस दौरे के दौरान व्हाइट टाइगर क्लोनिंग पर गंभीर विमर्श हुआ और तकनीकी सहयोग पर सहमति बनी। डा. चौहान के नेतृत्व में पहले ही भारत की पहली क्लोन गिर गाय तैयार हो चुकी है। 16 मार्च 2023 को जन्मी इस बछिया का नाम (गंगा) रखा गया। यही नहीं, वर्तमान में उत्तराखंड की पहचान कही जाने वाली बद्री गाय को बचाने के लिए भी क्लोनिंग परियोजना प्रगति पर है। इन्हीं सफलताओं ने पंत विवि की विशेषज्ञता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर और भी ऊँचा किया और रूस के वैज्ञानिकों को यहाँ सहयोग लेने को प्रेरित किया। रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी साइंस द्वारा सफेद बाघ का क्लोन तैयार करने के लिए सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर तकनीक का उपयोग होगा। इस प्रक्रिया में किसी कोशिका का नाभिक निकालकर उसे अंडाणु में प्रविष्ट कराया जाता है। विद्युत तरंगों की मदद से भ्रूण विक. सित कर उसे जीवन देने का प्रयास किया जाता है। यह विज्ञान और प्रकृति का सबसे अद्भुत संगम है, लेकिन उतना ही जटिल और संवे. दनशील भी। भारत में सफेद बाघ का इतिहास 1951 से जुड़ा है, जब रीवा (मध्य प्रदेश) के महाराजा मार्तंड सिंह ने गोविंदगढ़ के पास से पहला व्हाइट टाइगर पकड़ा और उसका नाम (मोहन) रखा। तभी से रीवा को सफेद शेरों की नगरी कहा जाने लगा। आज भी रीवा की व्हाइट टाइगर सफारी दुनिया भर के पर्यटकों का मन मोह लेती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह परियोजना केवल विज्ञान की उपलब्धि भर नहीं होगी। इससे पर्यटन, वाणिज्य और जैव-विविधता संरक्षण को भी नया आयाम मिलेगा। सफेद बाघ की कीमत वैश्विक स्तर पर चार से पांच करोड़ रुपये आंकी जाती है। रूस इसी आर्थिक और पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इस क्लोनिंग मिशन को आगे बढ़ा रहा है। यह परियोजना सिर्फ एक बाघ की नहीं, बल्कि विज्ञान, संस्कृति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की है, जहां जंगल की दहाड़ अब प्रयोगशालाओं में भी गूँजने की तैयारी कर रही है।



# सांसद ने स्कूलों को दी सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया है। लालकुआं स्थित कन्या जूनियर हाई स्कूल की रसोईघर की जर्जर स्थिति की जानकारी सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती के माध्यम से स्कूल के स्टाफ और भोजन माताओ ने सांसद को दी। इस पर उन्होंने तत्काल वीडियो कॉल के माध्यम से स्थिति का संज्ञान लिया और गंभीरता दिखाते हुए 2.5 लाख रुपये नए रसोईघर के निर्माण के लिए स्वीकृत किए। इसी के साथ, पास के प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए कंप्यूटर और प्रिंटर की सुविधा नहीं थी। इसे देखते हुए सांसद ने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए 1 लाख रुपये की सहायता से नया कंप्यूटर और प्रिंटर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। सांसद अजय भट्ट की इस पहल से स्कूल प्रबंधन, बच्चों और अभिभावकों में हर्ष की लहर है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सांसद ने एक बार फिर साबित किया है कि वे सिर्फ नेता नहीं, बल्कि समाज के सच्चे सेवक हैं, जिनकी प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समाधान है। उपस्थित लोगों ने संसद अजय भट्ट आभार जताया और धन्यवाद दिया।



## समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेज़ी से पुन:निर्माण के निर्देश दिए

# खराब गुणवत्ता पर अधिकारी नहीं बचेंगे, ठेकेदार भी नपेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सर्किट हाउस काठगोदाम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को आपदा से हुई क्षति, विद्युत, पेयजल और मोटर मार्गों की अद्यतन स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित जनता के साथ खड़ी है और राहत व पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता को त्वरित राहत उपलब्ध कराना और समयबद्ध ढंग से पुनर्निर्माण कार्य पूरे करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को मंडल एवं जिले में आपदा से हुई क्षति




की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि आपदा की वजह से जिले में भारी नुकसान हुआ है। नैनीताल की लोअर माल रोड धंसने, बागेश्वर में पुलों की क्षति, रानीबाग पावर हाउस की समस्या, ओखलकांडा और धारी ब्लॉक मार्गों के अवरोध तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर भूस्खलन जैसी गंभीर चुनौतियां सामने आई हैं। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अब तक नैनीताल जिले में आपदा से हुई कुल क्षति का आकलन लगभग 443 करोड़ रुपये किया गया है और यह रिपोर्ट भारत सरकार की आपदा विश्लेषण टीम को भी प्रस्तुत की गई है। उन्होंने विस्तार से जिले में मानसून काल में हुए नुकसान की जानकारी देते हुए, किए गए राहत बचाव एवं आपदा न्यूनीकरण कार्यों की जानकारी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से दी तथा जिले के संवेदनशील स्थानों, सड़क मार्गो, गांवों, नदी नाले आदि के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव जो शासन को भेजे गए उनकी स्वीकृति का भी अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने चुकम, खुपी गांव सहित विभिन्न सड़क मार्गो जहां खतरा बना हुआ है उनके विस्थापन एवं सड़कों के ट्रीटमेंट आदि कार्यों के संबंध में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही लालकुआं, बिंदुखत्ता, गोला नदी, नंधौर नदी, कोसी नदी से हो रहे नुकसान के बारे भी अवगत कराते हुए उसके स्थाई समाधान हेतु की जा रही कार्यवाही व तैयार डीपीआर के बारे में भी अवगत कराया।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस वर्ष असामान्य वर्षा और भूस्खलन के कारण राज्य के लगभग सभी जनपद प्रभावित हुए हैं और आपदा का असर दो से तीन गुना अधिक देखने को मिला है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार से प्राप्त सहयोग और राज्य के संसाधनों का उपयोग कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से पुनर्निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि हर विभाग और अधिकारी अपनी जिम्मेदारी तय करे और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करे। उन्होंने कहा, जिम्मेदारी तय होगी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, एक माह के भीतर सड़कों का पैचवर्क पूरा करने, जल निकायों के मार्गों को संरक्षित करने और अतिक्रमण हटाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्माण के प्रयासों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की साझा भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार पूरे समर्पण से कार्य कर रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता को जलाशयों में डि-सिल्टिंग कार्य की ठोस योजना बनाने और कार्ययोजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सुशीला तिवारी अस्पताल के उपनल कर्मियों के लंबित वेतन का मुद्दा भी उठा। मुख्यमंत्री ने इसका संज्ञान लेते हुए तुरंत समाधान कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में राज्य सरकार का हर कदम जनता के साथ है। राहत और पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चाहे सड़कें हों, जल निकाय हों या आवासीय क्षेत्र, हर स्तर पर समन्वित प्रयासों से पुनर्निर्माण कार्य तेज़ी से आगे बढ़ाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के दौरान जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे जलजनित रोगों की समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसकी रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग तत्परतापूर्वक कार्य करे, सभी चिकित्सा केंद्रों में आवश्यक चिकित्सा सुविधा रखने के साथ ही व्यापक तैयारी की जाए और जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरम्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, लालकुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल, दायित्वधारी डा. अनिल डब्बू, दीपक महरा एवं शंकर कोरंगा सहित सभी मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़

## भोटिया पड़ाव क्षेत्र का मामला, पुलिस ने युवक को लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते गुरुवार को बनभूलपुरा निवासी युवक महिला के घर में घुस गया और छेड़छाड़ करने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया और हल्ला मचाया तो आसपास व परिजन उठ गए। तभी मौका पाकर युवक वहां से फरार होकर दूसरे घर की छत में जा घुसा। तभी लोगों ने उसे पकड़ धुनाई कर दी। सूचना मिलते ही मौके ओर पहुंची पुलिस ने युवक को अपने हिरासत में ले लिया। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस अब आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र एक पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि बीते गुरुवार रात्रि करीब तीन बजे वनभूलपुरा निवासी एक युवक उसके घर में घुस और दो मंजिले पर पहुंचा जहां महिला सोई हुई थी। आरोप है कि महिला के साथ युवक ने छेड़छाड़ करनी शुरू दी।

जब महिला ने विरोध किया तो युवक ने उसके साथ हाथापाई भी की। जिसके बाद महिला ने शोर मचाना शुरु कर दिया। महिला की आवाज सुनकर सभी लोग उठ गए और आसपास के लोग भी जाग गए। आरोपी युवक महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए बगल वाले घर की छत में कूद गया। आसपास के लोगों ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया और जमकर धुनाई कर दी। तभी घटना की सूचना मिलते ही भोटिया पड़ाव पुलिस मौके पर पहुंच गयी और आरोपी युवक को पकड़कर चौकी ले आई। लोगों ने चौकी पहुंच कर जमकर हंगामा काटा और युवक को उनके सुपुर्द करने की मांग की लेकिन पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। पीड़ित महिला का आरोप है कि जिस घर की छत पर आरोपी छिपा, उसके मकान मालिक का भी आरोपी को बचाने में हाथ है। महिला का कहना कि आरोपी युवक उसके घर आते जाते रहता है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरु कर दी है। महिला की ओर से तहरीर मिल चुकी है और युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर बेस अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर मोर्चरी भेज दिया। साथ ही पुलिस शव की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने बताया कि शुक्रवार को रोडवेज स्टेशन के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को बेस अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अज्ञात शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है।

# 'सीएम वापस जाओ', हिरासत में कांग्रेसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी दौरे का युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय सचिव मीमांशा आर्या युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के नेतृत्व में एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री वापस जाओ के नारे लगाएं।

इस दौरान पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तीखी नोकझोंक भी हुए और पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को काठगोदाम थाने के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। युवका की राष्ट्रीय सचिव मीमांशा आर्य ने कहा राज्य सरकार की कमजोर पैरवी की वजह से कशिश हत्या कांड का गुनहगार बारी हो गए हैं जोकि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य की धामी सरकार




हर मोर्चे पर विफल हो गई हैं। उन्होंने कहा शहर में कानून व्यवस्था चरमरा गई, आपराधियों के हौंसले बुलंद है। युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा राज्य की धामी सरकार हर मोर्चे पर विफल हो गई हैं राजपुरा समेत पूरे शहर में लाल निशान लगा दिए दिव्यागोंजनों मुख्य बधिरों पर भी पुलिस लाठीचार्ज कर रही जोकि शर्मनाक है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में राष्ट्रीय सचिव मीमांशा आर्या, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू, गीता बहुगुणा, रितिक आर्या, विवेक मिश्रा, नितिन आर्या समेत कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ताला तोड़कर नगदी उड़ाई

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर ने एक दुकान का ताला तोड़कर दुकान से हजारों की नगदी व अन्य सामान लेकर फरार हो गये। पीड़ित दुकान स्वामी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कमलुवागांजा रोड निवासी हिमांशु मेहरा ने मुखानी पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 15 सितंबर की शाम वह दुकान में ताला लगाकर किसी से पेमेंट लेने के लिए बाजार को गया था। थोड़ी देर बाद जब दुकान पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गये अंदर जाकर देखा तो सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। चोरों ने दुकान के गल्ले में दस हजार रुपये की नगदी और एक घड़ी चोरी कर ले गये। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि दुकान स्वामी की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरु कर दी।

## श्रेष्ठ ने सीएम को भेंट की सुंदर तस्वीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के एपीएस स्कूल लामाचौड़ के कक्षा 8 के छात्र श्रेष्ठ राजौर ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी आगमन पर उनके लिए एक सुंदर तस्वीर बनाई। श्रेष्ठ ने अपने हाथों से बनाई गई इस तस्वीर को मुख्यमंत्री को भेंट की, जिसे देखकर मुख्यमंत्री ने उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रेष्ठ राजौर की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे होनहार छात्रों को प्रोत्साहित करना हमारी जिम्मेदारी है। श्रेष्ठ की इस पहल ने न केवल उनकी कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को भी उजागर किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने श्रेष्ठ के स्कूल और अभिभावकों को भी बधाई दी, जिन्होंने श्रेष्ठ की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रेष्ठ की इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि प्रतिभा और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# लंग कैंसर का रोबोटिक सर्जरी से इलाज अब और सुरक्षित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लंग कैंसर दुनिया भर में कैंसर से होने वाली मौतों का एक प्रमुख कारण है। धूम्रपान इसका सबसे बड़ा कारण है, लेकिन गैर-धूम्रपान करने वालों में भी यह समस्या देखी जा रही है। लंबे समय तक रहने वाली खांसी, सांस लेने में तकलीफ, छाती में दर्द और खून की खांसी इसके प्रमुख लक्षण हैं। जिसका रोबोटिक सर्जरी से इलाज संभव है। यह बात बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के थोरैसिक ऑन्कोलॉजी और लंग ट्रांसप्लांटेशन विभाग के सीनियर डायरेक्टर डा. प्रमोज जिंदल का कहना है कि रोबोटिक सर्जरी लंग कैंसर के इलाज में एक नई उम्मीद लेकर आई है। इस तकनीक में सर्जन हाई-टेक कंसोल से रोबोटिक आर्म्स को कंट्रोल करते हैं, जो छोटे-छोटे चीरों के माध्यम से ट्यूमर को सुरक्षित तरीके से हटा देते हैं। उन्होंने बताया लंग कैंसर का सबसे अच्छा बचाव धूम्रपान से दूरी बनाना है। साथ ही, लक्षण दिखने पर समय पर जांच और एक्सपर्ट डाक्टर से सलाह लेना बेहद जरूरी है। सही समय पर सही इलाज मिलने से न केवल मरीज की तकलीफ कम होती है, बल्कि उनका जीवन भी सुरक्षित और बेहतर बनता है।



# नारद मोह, रावण जन्म का मंचन

## विश्वमोहिनी का हाथ देख मुनि वैराग्य भूल गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामलीला मैदान में चल रही रामलीला मंचन के पहले दिन शुक्रवार नारद मोह और रावण जन्म की लीला का मंचन हुआ। इस दौरान व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने लीला का वर्णन करते हुए कहा कि महाराजा शीलनिधि की पुत्री राजकुमारी विश्वमोहिनी का स्वयंवर रचाया जाता है। नारद जी राजा के दरबार पहुंचते हैं और विश्वमोहिनी का भाग्य देखने का अनुरोध किया जाता है। नारद जी ने विश्वमोहिनी का हाथ देखा और उसके रूप को देखकर मुनि वैराग्य भूल गए। भगवान श्री हरि नारदजी का अहंकार देखकर उन्हें हरि अर्थात बंदर का रूप दे देते हैं। स्वयंवर में अपने अपमान के बाद



भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि यही बंदर आपके द्वापर युग में काम आएगा और ऐसा ही स्त्री वियोग आपको भी सहना पड़ेगा। उधर महर्षि बिश्वा के यहां रावण का जन्म होता है। आज की रामलीला में व्यास पूजन बसंत अग्रवाल एवं हितेश पांडे द्वारा किया गया। इधर मीडिया प्रभारी भवानी शंकर नीरज ने बताया कि कल यानि आज शनिवार को ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण अत्याचार एवं आकाशवाणी की लीला का मंचन होगा। इस मौके पर प्रेम गुप्ता, अमित जोशी, भोलेनाथ केसरवानी, मंजू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## एमआईईटी में रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के ब्लड बैंक की प्रभारी डा. सलोनी उपाध्याय के दिशा निर्देशन में एमआईईटी कालेज ऑफ नर्सिंग में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान छात्रों की हीमोग्लोबिन जांच भी की गई, जिनका हीमोग्लोबिन कम पाया गया उनको मेडिकल कॉलेज ने आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट निशुल्क मुहैया कराई। शिविर के समापन पर ब्लड डोनेट करने वाले प्रतिभागियों को जूट बैग व ब्लड डोनेशन सर्टीफिकेट दिया गया। स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 20 सितंबर को नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलीकोट, 22 सितंबर को यूनिटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग रुद्रपुर, 23 सितंबर को स्वामी विवेकानन्द काशीपुर, 24 सितंबर को वी कालेज ऑफ नर्सिंग रुद्रपुर, 25 सितंबर को उत्तराखंड पैरामेडिकल हल्द्वानी और 26 सितंबर को देवस्थली विद्यापीठ रुद्रपुर में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा।

# बागजाला के ग्रामीणों ने सीएम से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सर्किट हाउस, काठगोदाम में मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष डा. उर्मिला रैस्वाल और उपाध्यक्ष विमला देवी ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर एक आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगों में बागजाला को दमुआढुंगा की तरह मालिकाना अधिकार देने, राजस्व गांव का निर्माण करने, क्षेत्र में निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने, सड़कों का डामरीकरण कराने, विकास कार्यों पर लगी रोक हटाने और घर-शौचालय निर्माण से संबंधित रोक हटाने की मांग शामिल थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सभी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## बुधपार्क में भूमि अधिकार सम्मेलन आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना 33वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। धरना स्थल पर संकल्प लिया गया कि कल यानि आज शनिवार को बुधपार्क हल्द्वानी में आयोजित होने वाले भूमि अधिकार सम्मेलन को विशाल रूप से आयोजित किया जाएगा। जिसमें ग्रामीणों की आठ सूत्रीय मांगों में मालिकाना अधिकार, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने समेत अन्य मुद्दे होगे। धरने से घोषणा की गई कि राज्य सरकार की घोर उपेक्षा से आंदोलन कमजोर नहीं होगा, बल्कि लो. कतांत्रिक तरीके से और दृढ़ता से नए-नए रूपों में आगे बढ़ाया जाएगा। धरने में किसान महासभा प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, चंदन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, विमला देवी, हेमा देवी, मीना भट्ट, एमएस मलिक, डा. कैलाश पाण्डेय, अनीता अन्ना, दया देवी, अनीता, भगवती, हीरा देवी, हेमा आर्य, पुष्पा भट्ट, पार्वती, विमला पाण्डे, नीलम आर्य, दीपा, मन्नू देवी, तुलसी, देवकी आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को बांटी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्राद्ध पक्ष के अवसर पर सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को एक सेवा कार्य का आयोजन आश्रय सेवा समिति चौफुला चौराहा में किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने वृद्धजनों को राशन, पानी, कपड़े एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने कहा कि बुजुर्गों के साथ समय बिताना न केवल एक मानवीय कर्तव्य है, बल्कि उनके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। उनका कहना था कि इस उम्र में बुजुर्ग प्राय: अकेलापन महसूस करते हैं, ऐसे में किसी के मिलने और बातचीत करने से उन्हें सुखद अनुभूति होती है। इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत समिति द्वारा पौधारोपण भी किया गया। जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए गीत और भजन की प्रस्तुति भी दी गई, जिससे वातावरण भावनात्मक और सकारात्मक बना रहा।इस मौके पर तनुजा पांडे, पीसी पंत, शशि जोशी, अंजू पांडे, रमा पांडे, पुनीता पांडे, पूर्णिमा पांडे आदि मौजूद रहे।



# पुलिया निर्माण के लिए पार्षद रईस अहमद ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौजाजाली उत्तर में क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय पार्षद रईस अहमद वारसी ने सहायक नगर आयुक्त गजेन्द्र सिंह पाल के माध्यम से नगर आयुक्त को ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को वार्ड-59 गौजाजाली उत्तर रईस अहमद वारसी, गुड्डू ने नगर आयुक्त को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि न्यू फ्रेंड्स कालोनी, जोशी बिहार, चौधरी कालोनी व हिमालय स्कूल के पास पुलिया बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। क्षेत्र की जनता को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से कई लोग चोटिल भी हो गए है, और आए दिन दुर्घटना होने का भय बना रहता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्या को देखते हुए शीघ्र ही पुलिया निर्माण कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में खालिद हुसैन, सचिन, लाइक अंसारी, फैसल सिद्दीकी, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे के निर्देशन में स्वच्छोत्सव-2025 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अवसर पर शुक्रवार को चित्राकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने की। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन या अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। अगर हम छोटे-छोटे प्रयास नियमित रूप से करते रहें तो हमारा परिसर, हमारा शहर और हमारी गंगा सदैव स्वच्छ बनी रह सकती है। नोडल अधिकारी एवं एनएसएस प्रभारी डा. रितुराज पंत ने बताया कि प्रतियोगिता में नमामि गंगे, एनएसएस एवं एनसीसी इकाई की छात्राओं ने



उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को प्रसारित किया। निर्णायक मंडल में डा. नेहा सिंह एवं डा. रेनू जोशी रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महक साहू, बीए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान अंजलि, बीएससी पंचम सेमेस्टर एवं ईशा मेहरा, बीए तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थानरू ऋषिका, बीएससी पंचम सेमेस्टर एवं शिप्रा, बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रियंका, बीए पंचम सेमेस्टर प्रथम, द्वितीय स्थान खुशी साहू, बीए तृतीय सेमेस्टर एवं अनुष्का भट्ट, बीकॉम ऑनर्स तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान अंजलि, बीएससी पंचम सेमेस्टर एवं इशिका पांडे, बीए पंचम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में डा. गीता पंत, डा. रेखा जोशी, डा. फकीर सिंह, डा. हिमानी आदि मौजूद रहे।

# प्रधान संगठन के विपिन अध्यक्ष, कुनाल बने उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ओखलकांडा।** ब्लॉक ओखलकांडा के ग्राम प्रधान चुनाव में विपिन सनवाल को अध्यक्ष चुना गया जबकि कुनाल गोस्वामी उपाध्यक्ष बने। दोनो ही नेताओं ने एकजुट होकर गांव की समस्यओं को सामाधान करने का संकल्प लिया। शुक्रवार को ओखलकांडा ब्लॉक में ग्राम प्रधान संगठन के के लिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया में 75 ग्राम प्रधान मौजूद रहे। जिसमें 67 ग्राम प्रधानों ने अपना बहुमत देकर ग्राम प्रधान संगठन ओखलकांडा के अध्यक्ष पद के लिए बलना से ग्राम प्रधान विपिन सनवाल और तुषराड ग्राम प्रधान कुनाल गोस्वामी को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना। नवनियुक्त अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन सनवाल व उपाध्यक्ष कुनाल गोस्वामी ने कहा कि वे गांव में आने वाली योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के साथ ही गांव में होने वाली समस्याओं का समाधान भी करेंगे। उन्होंने ब्लॉक प्रमुख और सभी ग्राम प्रधान साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी दी गई उसका व निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेंगे।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वेतन न मिलने पर फैक्ट्री के मजदूर धरने पर बैठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज शुक्रवार सुबह किच्छा क्षेत्र स्थित सरिया फैक्ट्री के मजदूरों ने वेतन न मिलने के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी। मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पिछले दो माह से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं चालू माह का वेतन भी अब तक न मिलने से नाराज मजदूर सुबह 10 बजे से फैक्ट्री गेट पर धरने पर बैठ गए।

धरने का नेतृत्व करते हुए सुपर वाइजर नरेश कुमार ने बताया कि करीब 30 से 35 मजदूर फैक्ट्री गेट पर एक जुट होकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। मजदूरों का कहना है कि लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण परिवार का भरण- पोषण, बच्चों की पढ़ाई और अन्य खर्चों पर संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि जब तक बकाया और वर्तमान माह का वेतन अदा नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।इ स हड़ताल के चलते फैक्ट्री का उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है। मजदूरों का कहना है कि यदि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। इधर, फैक्ट्री प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि मजदूर ठेकेदार के माध्यम से काम करते हैं। प्रबंधन का कहना है कि ठेकेदार को भुगतान कर दिया जाता है और उसी के माध्यम से मजदूरों को वेतन वितरित किया जाता है। मजदूरों को वेतन न मिलने की जानकारी मिलने पर प्रबन्धन के जिम्मेदार लोगों ने ठेकेदार को बुलाकर जमकर लताड़ लगाई और तत्काल वेतन देने को कहा गया। प्रबन्धन वर्ग के हस्तक्षेप के बाद मजदूरों को अपने वेतन मिलने की उम्मीद जगी है। धरने में प्रमुख रूप से राकेश कुमार,श्याम रस्तोगी, टीटू सिंह, वेदांत, कृष्णपाल, हरेंद्र, जय प्रकाश, कर्मवीर, वेदांत सक्सेना, राकेश कुमार, कारणदीप, हरेंद्र पाल, सतीश कुमार, सागर कश्यप, नरेश गंगवार और नीरज सहित कई मजदूर मौजूद रहे।

# गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूरे कराए जाएं कार्य: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने थारू राजकीय इंटर कालेज खटीमा व सितारगंज में लाइब्रेरी के संचालन हेतु किए जाने वाले कार्यो की समीक्षा की।



डीएम ने उप जिलाधिकारी खटीमा, सितारगंज, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी व कार्यदायि संस्था कृषि मंडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि थारू राजकीय इण्टर कालेज व सितारगंज में लाइब्रेरी संचालित किए जाने हेतु मौके का निरीक्षण कर किए जाने वाले कार्यो हेतु प्लान तैयार करते हुए शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र लाइब्रेरी संचालित होने से युवाओं को उसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी संचालन हेतु भवन में जो भी मरम्मत आदि कार्य कराने जाने हैं, उसे गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में पुस्तकें व बैठने के लिए कुर्सी आदि की उचित व्यवस्था की जाये। उन्होने कहा कि विद्यालय में जल भराव न हो इसके लिए पानी निकासी की व्यवस्था भी की जाये। उन्होंने कहा कि खराब शौचालयों का मरम्मत कार्य भी करा लिया जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रबंध निदेशक कृषि उत्पादन मंडी हेमंत वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि उपस्थित थे व उप जिलाधिकारी खटीमा तुषार सैनी, सितारगंज रविन्द्र जुआठा वर्चुअल जुड़े थे।

## एक नजर

### विधायक ने की जन आक्रोश रैली में पहुंचने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आज शनिवार 20 सितम्बर को विधानसभा क्षेत्र जसपुर के हित के लिए जसपुर क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान के नेतृत्व में कांग्रे. सियों द्वारा विभिन्न विकास के मुद्दों को लेकर जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी।

क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान स्वयं रैली को सफल बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि रैली पृथ्वीराज चौहान चौक, अफजलगढ़ बस स्टैंड, जसपुर सुबह 10 बजे से शुरू होगी। उन्होंने जसपुर क्षेत्र की समस्त जनमानस से रैली में पहुंचने का आह्वान किया है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत 17 सितम्बर से दो अक्टूबर 2025 तक "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा ''स्वच्छोत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर चल रहे विशेष कार्यक्रम पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सैकड़ों लोगों को लाभान्वित किया गया । नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सीएमएस धीरेन्द्र गहलोत, पूर्व विधायक भाजपा नेता डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिला अध्यक्ष मनोज पाल, जिला महामंत्री डॉक्टर सुदेश, भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, अनीता पवार, अशोक खन्ना समेत दर्जनों भाजपा नेता/ समाजस. वी/जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

### बालिका हत्या कांड मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट गठन की मांग उठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** पूर्व विधायक और भाजपा नेता डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने उच्च न्यायालय उत्तराखंड के मुख्य न्यायाधीश और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेज कर बालिका हत्या कांड मामले मे फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर किशोरी को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि विधानसभा जसपुर के ग्राम अमियावाला में गत 16 सितम्बर 2025 को 13 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुई भयावह व दुखद घटना ने क्षेत्र के सभी धर्म के जनमानस को झकझोर कर रख दिया है ऐसे अपराधी के प्रति क्षेत्रीय महिलाओं/ बेटियों/ नागरिकों/ जनप्रतिनिधियों/ सामाजिक सगठनों में अत्यधिक रोष है। उन्होंने ऐसे अपराधी को जल्द से जल्द फांसी देने की मांग कर रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों के मांग को दृष्टिगत रखते हुए सर्वप्रथम पूर्व विधायक डॉक्टर सिंघल ने इस सम्बंध में पत्र भेजकर कहा है कि उक्त मामले में हत्यारोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। क्षेत्र के लोगों की मांग है कि उक्त मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर प्रतिदिन सुनवाई की जाए, जिससे दोषी को अतिशीघ्र कड़ी से कड़ी सजा मिल सके और पीड़ित परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए नि:शुल्क कानूनी सहायता देने की मांग भी की है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगा स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान हेतु शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 183 लाभार्थी शामिल हुए। लाभार्थियों को एनसीडी स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन टेस्ट, इम्यूनाइजेशन, टीबी स्क्रीनिंग, एएनसी चेकप इत्यादि सुविधाए प्रदान की गई। अभियान में नोडल अधिकारी डा. खालिद यूनुस लोन, चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह, फार्माशिष्ट-आरती पाल व शिवन्द्र कुमार, मौ. इमरान, पवन कुमार, विनीता नगर कोटी, सुमन जोशी, एएनएम मिनाक्षी गुरूंग, आमिर खान, सुजाता, सुरेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे। समस्त आशा कार्यकत्री, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट व स्वच्छक-विनोद कुनार का विशेष योगदान रहा।

### वाहनों की फिटनेस सुविधा को जल्द किया जाए बहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर क्षेत्र में कमर्शियल वाहनों की फिटनेस सुविधा लंबे समय से बंद होने के कारण स्थानीय वाहन स्वामियों,व्यापारियों एवं आम जनता में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है।



इसी मामले को लेकर पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत नेतृत्व में एसोसिएशन रामनगर ने एक ज्ञापन विधायक दीवान सिंह बिष्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा गया है। पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर ने भेजे गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि रामनगर एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जहां से कुमाऊं एवं गढ़वाल मंडल के सैकड़ों परिवहन वाहन प्रतिदिन संचा. लित होते हैं। फिटनेस सुविधा के बंद होने से वाहन स्वामियों को हल्द्वानी जाना पड़ता है। जिसमें समय और धन दोनों ज्यादा खर्च हो रहा है। इस कारण क्षेत्र में अवैध वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि विद्यालय बसों की फिटनेस के लिए भी हल्द्वानी जाना पड़ता है। जिस दिन बस हल्द्वानी जाती है, उस दिन विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे उनकी उपस्थिति प्रभावित होती है। यह स्थिति अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन दोनों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। उन्होंने बताया कि 18 सितम्बर को रामनगर पूर्ण रूप से बंद रहा, जिसमें डंपर ऑपरेटरों, व्यापारियों एवं अन्य वाहन चालकों ने भाग लिया।यह एक गंभीर समस्या बन गई है। पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत और एसोसिएशन ने मांग की है कि रामनगर आरटीओ कार्यालय में फिटनेस एवं टैक्स जमा जैसी सुविधाएं जल्द से जल्द शुरू की जाए, जिससे वाहन स्वामियों एवं आम जनता को राहत मिल सके। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत, प्रणय श्रीवास्तव, पंकज मेहरा, जशोद सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान निधि मेहरा आदि मौजूद रहे।

# शक्तिफार्म को मिली बड़ी सौगात

■ **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक की नियुक्ति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म में महिला चिकित्सक के रूप में डॉ. ख्याति सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। महिला चिकित्सक की नियुक्ति से स्थानीय महिलाओं को अब छोटे-बड़े रोगों के इलाज और परामर्श के लिए दूर-दराज के अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

पदभार ग्रहण करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह नियुक्ति क्षेत्र के लिए ऐतिहा. सिक कदम है, जिससे हजारों महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया और कहा कि उनकी सक्रिय पहल के चलते ही यह संभव हो सका है। कार्यकर्ताओं का कहना था कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है और आने वाले समय में और भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गो. विंद तालुकदार, भाजयुमो जिला महामंत्री मयंक अग्रवाल, रमेश राय, श्याम सुंदर, विश्वजीत मिस्त्री, डॉ. दर्शन सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विकास खंड स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आगाज

■ **विभिन्न न्याय पंचायतों के सैकड़ों खिलाड़ी बच्चों ने हिस्सा लेकर अपने जौहर दिखाए**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** सितारगंज स्थित स्कॉलर वैली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के क्रीड़ा मैदान में शुक्रवार को खेल महोत्सव जैसा माहौल रहा। यहां दो दिवसीय बालक-बालिका अंडर-11 एवं अंडर-14 विकास खंड स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिताओं की शुरुआत बड़े उत्साह और जोश के साथ हुई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न न्याय पंचायतों के सैकड़ों खिलाड़ी बच्चों ने हिस्सा लेकर अपने जौहर दिखाए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी पलविंदर सिंह तथा विद्यालय के प्रबंधक ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। मैदान में बच्चों की टोलियों और दर्शकों की तालियों ने उद्घाटन समारोह को और खास बना दिया। प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक दौड़ प्रतियोगिताओं ने सभी का ध्यान खींचा। बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में अक्षय यादव ने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि बालिका वर्ग में शिवानी ने अपनी तेज रफ्तार से सबको चौंका दिया। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग के विराट मेवाड़ी और बालिका वर्ग की प्रतिभा साना विजयी रहीं। 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में पियूष पाल और बालिका वर्ग में सोनाली जोरदार ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिर्फ दौड़ ही नहीं, बल्कि खो-खो, कबड्डी और लंबी कूद जैसी पारंपरिक व आधुनिक खेल प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों का जज्बा देखने लायक रहा। खेल मैदान में बच्चों की ऊर्जा और उत्साह से माहौल गूं. जता रहा। अभिभावक और शिक्षक बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे।

ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार ने बताया कि प्रतियोगिता में सिसौना, कल्याण नगर, बिरिया और नानकमत्ता न्याय पंचायतों से चयनित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यहां से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगे ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने निर्णायकों से खेल भावना को सर्वोपरि रखते हुए प्रतियोगिताएं संपन्न कराने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन पंकज राय और खिलानंद अटवाल ने किया। इस दौरान निर्णायक मंडल सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी ख्र निमाई चंद माझी, बलवीर सिंह, रामजन्म चौहान, दिनेश चौहान, पुष्पेंद्र कटिहार, वीरेंद्र सिंह तोमर, अजय क्वीरा, अनिल श्रेष्ठ, विजन बिहारी, खिलेंद्र चौहान, जनार्दन सिंह, दिनेश तिवारी, नवीन पांडे, पवन कुमार और संजीव कुमार दास आदि मौजूद रहे। खेल मैदान में बच्चों के जोश, निर्णायकों की सख्ती और दर्शकों की तालियों ने प्रतियोगिता को एक भव्य खेल महोत्सव का रूप दे दिया।

## प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी रेंज द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत ग्राम पारस्थितिकीय विकास समिति, रिंगौड़ा खत्ता में खत्तावासियों, वेस्ट वॉरियर्स संस्था के सदस्यों और वन कर्मियों के साथ प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर एक बैठक आयोजित की। ग्रामीणों को को प्लास्टिक उन्मूलन एवं उसके निदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। स्थानीय स्टाफ एवं खत्तावासियों द्वारा वेस्ट वॉरियर्स संस्थान के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-309 में ग्राम रिंगौड़ा के समीप एक क्लीन अप ड्राईव संचालित की गयी।जिसमें काफी मात्रा में प्लास्टिक कूड़ा आदि एकत्रित किया गया।

# बेसिक स्कूलों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धाएं संपन्न

■ **50 मीटर फर्राटा दौड़ में कबीर व जैनब रहे अव्वल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** बेसिक स्कूलों की ब्लॉक स्तरीय विद्यालयी खेल शिक्षा की क्रीडा स्पर्धाएं संपन्न हुई। प्राथमिक स्तर के बालक बालिक. ाओं की 50 मीटर फर्राटा दौड़ में कबीर व जैनब अव्वल रहे। इसी वर्ग के बालक बालिकाओं की कबड्डी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सूत मिल चैंपियन रहा। विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

शुक्रवार के दिन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर के खेल मैदान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी हरि बाबू निरंजन ने नन्हे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कहा कि आपका जोश और जज्बा एक दिन आपको बड़ा खिलाड़ी बनाएगा। निरंतर कड़ी मेहनत, अनुशासन व ईमानदारी के साथ आगे बढ़ना होगा। प्राथमिक के ब्लॉक खेल समन्वयक सुभाष चंद्र ने बताया कि प्राथमिक स्तर की बाल. कों की 50 मीटर दौड़ में कबीर, सूरज, आरिस, 100 मीटर में अंश, आरिस, आदिल, 200 मीटर में मोहम्मद रिहान, आयन और मोहम्मद अल समद तथा 400 मीटर में अयान , सूरज व रिहान ने क्रमश: पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। लंबी कूद में अंश ने स्वर्णिम छलांग लगायी। लव कुश व सूरज ने सिल्वर व, ब्रोंज मेडल जीता। बालि. का वर्ग में 50 मी फर्राटा दौड़ में जैनब अव्वल रहीं। रितिका दितीय व सानिया तीसरे स्थान पर रही। 100 मीटर में जैनब, सानिया व 200 मीटर में सृष्टि, माही, सानिया और 400 मीटर में रितिका, सानिया व आलिया ने क्रमश स्वण, रजत व कास्य पदक जीता। लंबी कूद में सृष्टि प्रथम अली आदित्य व निशा तृतीय स्थान पर रही। कबड्डी की बालक बालिकाओं प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सूट मिल चौंपियन रहा। सब जूनियर बालक तिवारी की 100 मीटर दौड़ में आदिल, मोहम्मद अदनान आदित्य व 200 मीटर में आदिल, मोहम्मद अदनान, सोहेल, 400 मीटर में सागर, जनाव, इतेशाम, 600 मीटर में अरुण कुमार, शिवम और सागर ने क्रमश: स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीता। लंबी कूद में आदिल, सोहेल व अविनाश प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला क्षेपण में आदित्य कुमार ने स्वर्ण, अल्तमस ने रजत चक्का फैक में सैफ अली ने सोना जीता।खो- खो की प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मिस्सरवाला सैकड विजेता व अंगदपुर सैकड उपविजेता रहा । बालिकाओं की 100 मीटर दौड़ में गुंजन अंशु प्रियांशी 200 मीटर में आशा रूपाली मरियम 400 मीटर में मरियम में गुलनाज 600 मीटर में मरियम रूपाली प्रियांशी पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। चक्का क्षेपण में अक्शा ने गोल्ड व सिमरन ने सिल्वर जीता।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमित त्यागी, मंत्री पंकज चौहान, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष संदीप चौहान, मंत्री विजयपाल सिंह, ब्लॉक खेल समन्वयक सुभाष चंद्र, सह समन्वयक तस्लीम अहमद, अशोक कुमार, अजय राज सैनी, नरेश वर्मा, संजू चौधरी, विजेंद्र सिंह, शनव्वर, देवराज, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# शक्तिफार्म में बाहरी लोगों पर शिकंजा कसने की तैयारी

■ **31 सितम्बर तक किरायेदार व व्यापारियों का अनिवार्य सत्यापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में बिना पहचान और बिना सत्यापन के रह रहे बाहरी लोग अब स्थानीय सुरक्षा के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। शुक्रवार को युवाओं का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। दर्जनों युवा पुलिस चौकी पहुंच गए और साफ-साफ चेतावनी दी कि अब किसी भी हालत में बिना सत्यापन बाहरी व्यक्ति को दुकान, मकान या कारोबार की इजाजत नहीं दी जाएगी।



युवाओं ने आरोप लगाया कि कई बाहरी लोग दुकानों के नाम बदलकर अपनी वास्तविक पहचान छुपा रहे हैं। वहीं, कई लोग मकानों व दुकानों में किराए पर रह रहे हैं लेकिन उनका पुलिस सत्यापन तक नहीं हुआ है। यह लापरवाही किसी बड़े हादसे या अपराध की वजह बन सकती है।

युवाओं ने कहा अब सिर्फ पक्की दुकानें ही नहीं, बल्कि फेरी लगाने वाले, कबाड़ी, फल-सब्जी बेचने वाले, बकरा और मछली कारोबार करने वाले बाहरी व्यापारी भी तुरंत सत्यापन कराएं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आगे की पूरी जिम्मेदारी मकान व दुकान मालिक की होगी।" इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि 31 सितम्बर तक सभी मकान मालिक और व्यापारी अपने किरायेदारों व बाहरी कामगारों का सत्यापन हर हाल में पूरा कर लें। 1 अक्टूबर से बिना सत्यापन पाए जाने पर सीधे कानूनी कार्रवाई होगी।

इस बार कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में अपराधियों की पहचान कर पाना आसान नहीं है। कई बार वे सामान्य व्यापारी या मजदूर बनकर क्षेत्रों में घुस जाते हैं और फिर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसलिए समय रहते सत्यापन बेहद जरूरी है। युवाओं ने भी दो टूक चेतावनी दी,अगर कोई मकान मालिक या दुकानदार सुरक्षा से खिलवाड़ करेगा और सत्यापन कराने में लापरवाही बरतेगा, तो उसका जिम्मेदार वही होगा। क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के साथ अब किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं।

पुलिस प्रशासन ने युवाओं को आश्वासन दिया है कि उनकी शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और हर बाहरी व्यक्ति के सत्यापन की प्रक्रिया जल्द तेज की जाएगी। साथ ही आम जनता से भी अपील की गई कि वे स्वेच्छा से आगे आएं और सत्यापन कराकर खुद को और क्षेत्र को सुरक्षित बनाएं।

# हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आइकॉन स्कूल में कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आइकॉन नर्चरिंग इना. `सेंस प्री स्कूल में 'हिंदी दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें कविता पाठ, श्रुतलेख, भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहे।

संस्थान के निदेशक तरुण कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान की धरोहर है। छात्र-छात्राओं ने हिंदी की महानता पर भावपूर्ण भाषण दिए और कविताएं 'प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। 'श्रुतलेख प्रतियोगिता' में प्रिषा अरोरा, मिशा फ्रांड, गरिमा राणा, अनिरुद्ध त्यागी ने प्रथम स्थान और वैदेही पांडे, रियांशी आर्य, अरनव ने द्वितीय, प्रिषा बोहरा, दीपांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन अध्यापिकाओं द्वारा किया गया और अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। हिंदी दिवस का यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा और सभी ने यह संकल्प लिया कि वे हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान देंगे।

# टैक्स में आ रहीं परेशानियों को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा सुपरिटेंडेंट सीजीएसटी ऑफिस रामनगर में व्यापारियों को आ रही परेशानियों को लेकर एक ज्ञापन कार्यालय बाबू हरीश त्रिपाठी के माध्यम से दिया गया।

शुक्रवार को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि रामनगर में अधिकांश व्यापारी समाधान योजना को अपनाते हैं और समाधान योजना के तहत अपना कर चुका रहे हैं, लेकिन केंद्रीय जीएसटी कार्यालय द्वारा हल्द्वानी से रामनगर के व्यापारियों को समाधान योजना वाले रेगुलर डीलर के रूप में मानते हुए 18% कर चुकाने का नोटिस दिया गया है जो की न्याय संगत ना होकर जीएसटी के नियमो के विरुद्ध है। रामनगर टैक्स भर के अधिकांश अधिवक्ताओं में इस बात पर लेकर रोष है कि रामनगर कार्यालय होते हुए भी यहां के अधिकारी ऑफिस को हल्द्वानी से चला रहे हैं। जो की नियमानुसार गलत है और इन नोटिसो के साथ-साथ व्यापारियों के पास कभी हल्द्वानी कभी नोएडा कभी मेरठ और कभी



लखनऊ से अपने को केंद्रीय जीएसटी का अधिकारी बताते हुए फोन भी आ रहे हैं।इसका मतलब केंद्रीय जीएसटी के अधिकारियों के पद का दुरुपयोग भी हो रहा है।इसलिए टैक्स भरने के लिए व्यापारियों के समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द टैक्स भर के पदाधिकारीयो के साथ बैठक कर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करें।इस दौरान रामनगर टैक्स बार के अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे, उपसचिव मनु अग्रवाल, एडवोकेट संजीव अग्रवाल, फैजुल हक आदि मौजूद रहे।

# बिना पानी के पढ़ने को मजबूर हैं 13 विद्यालयों के बच्चे

- डीएम हुए लाल, बोले जल निगम के अधिशाषी अभियंता के घर का एक हफ्ते के लिए बंद किया जाए पानी तब होगा एहसास
- जिला जल समिति का गठन कर पेयजल से संबंधित विभागों को लाया जाए एक मंच में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** सरकार द्वारा भारी भरकम धनराशि खर्च करने के बावजूद भी यदि लोगों की प्यास बुझाने के लिए अधिकारी गंभीरता से कार्य नहीं कर रहे हैं तो, उससे बड़ा दुर्भाग्य दूसरा कोई नहीं हो सकता। पेयजल की सुविधा से वंचित रखे 13 विद्यालयों के बच्चों की स्थिति का स्वयं अंदाजा लगाया जा सकता है। किंतु अधिकारियों को इससे कोई मतलब नहीं है।

इन्हीं बातों से क्षुब्ध होकर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जल निगम के अधिशाषी अभियंता का एक सप्ताह तक पेयजल संयोजन विच्छेद करने को कहा। जिससे उन्हें यह अनुभूति हो सके कि बिना पानी के बच्चों को कितना कष्ट पैदा हो रहा होगा ? जिला जल समिति एवं जल जीवन मिशन की बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अब वे उन लोगों से ही सीधे पूछ कर पेयजल योजनाओं की भौतिक स्थिति एवं उससे मिल रहे ग्रामीणों को लाभ की जानकारी प्राप्त कर ष्सोशल ऑडिटष् करेंगे, जिनके लिए योजनाएं बनाई जा रही है। बैठक में यह भी विरोधाभास देखने को मिला कि जहां लोग योजना में पानी न आने की बात कर रहे थे तो उधर विभागीय अधिकारी पानी के बराबर सप्लाई होने के दावे कर रहे थे। तल्ली खरही से आए ग्रामीण का कहना था कि भले ही उनके गांव की पेयजल योजना उन्हें कोई लाभ नहीं दे रही है लेकिन विभाग के लिए प्रतिवर्ष रुपए तो अवश्य उगल ही रही है। जिलाधिकारी ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए लोगों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जानकारी देते हुए कहा की यह ऐसी योजना है जिससे पेयजल एवं सिंचाई का दोहरा लाभ लिया जा सकता है।

शुरुआती दौर में चंपावत एवं पाटी ब्लॉकों को इस योजना में शामिल किया गया है। जिसमें ग्रामीण जनप्रतिनिधि इसकी प्राथमिकताएं तय करेंगे। जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों से पूरी तैयारी एवं जानकारी के साथ आने का निर्देश देते हुए कहा कि बैठकें समय की बर्बादी का नहीं बल्कि लोगों को किस प्रकार बेहतर सेवाएं देने का एक ऐसा महत्वपूर्ण मंच है जिससे लोगो को जल्दी सुविधाएं दी जा सके।

इस अवसर पर सारा योजना के कार्यों की भी चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी पेयजल योजनाओं के स्रोतों में पानी के पोषक पौधों का रोपण करने का निर्देश दिया जिससे जल स्तर में वृद्धि की जा सके। बैठक में सीडीओ डॉ जीएस खाती, जल निगम एवं जल संस्थान के अधिशाषी अभियंताओं के अलावा मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार एवं अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## नन्ही परी को इंसाफ दिलाने के लिए फूंका आरोपियों का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** नन्ही परी के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या जो की वर्ष 2014 में हल्द्वानी दरिंदगी के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के निर्देश दिए। इस मामले में आरोपी को सर्वोच्च न्यायालय से दोष मुक्त किए जाने पर आज 19 सितम्बर शुक्रवार को युवा मोर्चा पिथौरागढ़ द्वारा सिल्याम चौराहे पर आरोपी अख्तर अली व उसके साथियों का पुतला दहन किया गया। साथ ही चेताया गया कि इस प्रकार की मानसिकता न ही देव भूमि बर्दाशत करेगी और न ही पूरा भारत वर्ष।

युवा मोर्चा अध्यक्ष हरीश रावत व कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि जेहादी मानसिकता वाले लोगों ने अपनी मानसिकता नहीं बदली तो आज के बाद चौराहों पर उनका पुतला नहीं बल्कि ऐसे जैहादी लोगों को सरेआम सजा दी जाएगी। वहीं सरकार द्वारा उठाए गए कदम की युवा मोर्चा द्वारा सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम में युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, हरीश रावत जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, राकेश चन्द जिला पंचायत सदस्य, सूरज गिरी जिला महामंत्री युवा मोर्चा, दीपक लोहिया जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, कुन्दन भण्डारी, सानिध्य जोशी, कमल लुन्ठी, रोहन बिष्ट, त्रिलोक कुमार, निर्मल भट्ट, सचिन धारियाल, तनिष्क चन्द व अन्य कार्यकर्ता और युवावर्ग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जनपद में होगा शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** प्रदेश भर में आयोजित होने जा रही शहीद सम्मान यात्रा 2025 के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय डीडीहाट द्वारा दिनांक 26 सितम्बर 2025 से चिन्हित शहीदों के घर-आंगन की पवित्र मिट्टी को कलशों में संग्रहित करने हेतु शहीद सम्मान यात्रा निकाली जाएगी।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल भूपेन्द्र सिंह (से.नि.) ने बताया कि 26 सितम्बर को सिपाही शहीद लक्ष्मण सिंह, निवासी ग्राम किमकोट, राईआगर (बेरीनाग) के घर से पवित्र मिट्टी संग्रहीत की जाएगी, 27 सितम्बर 2025 नायक शहीद रवीन्द्र सिंह, निवासी ग्राम पैया पौड़ी (बलुवाकोट-धारचूला) के घर से ली जाएगी और 29 सितम्बर 2025 नायब सुबेदार शहीद राम सिंह, निवासी ग्राम दुपतड (चौबाटी-डीडीहाट) के घर से। इन शहीदों के घरों से पवित्र मिट्टी संग्रहित कर कलशों में स्थापित की जाएगी। यात्रा में क्षेत्रीय सांसद, विधायक, जिला प्रशासन के अधिकारीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

आगामी पांच अक्टूबर 2025 को लैंसडाउन (जिला पौड़ी गढ़वाल) में एक भव्य समारोह आयोजित होगा, जिसमें शहीदों के परिजनों को माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### नगर के वार्डों में स्वास्थ्य कैम्प अभियान जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** नगर निगम पिथौरागढ़ क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसएस नबियाल के निर्देशन में "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार" पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य कैम्प अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को बजेटी एवं न्यू बजेटी वार्ड में एनसीडी कार्यक्रम तथा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संयुक्त रूप से स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया।

कैम्प का शुभारंभ वार्ड पार्षद हंसी प्रकाश द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों की रक्तचाप (बीपी), शुगर एवं हाइपरटेंशन की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार औषधियां वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त टीबी की स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कैम्प में नोडल अधिकारी डॉ. ललित भट्ट ने बताया कि आगामी दिनों में नगर निगम क्षेत्र के अन्य वार्डों में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें। कार्यक्रम में एनसीडी एवं टीबी कार्यक्रम से जुड़े कार्मिक सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक में भारत विकास परिषद रामनगर के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख रामनगर संजय नेगी, ग्राम प्रधान हिम्मतपुर ब्लॉक भगवत राणा और क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथलेश डंगवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन भारत विकास परिषद रामनगर की टीम द्वारा किया गया। रामनगर और काशीपुर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और अभिभावकों को उपयोगी स्वास्थ्य सुझाव दिए। विद्यालय के प्राथमिक विंग के 638 विद्यार्थियों को इस शिविर का लाभ प्राप्त हुआ।साथ ही विद्यालय के स्टाफ एवं सहयोगी सदस्यों द्वारा 15 यूनिट रक्तदान कर किया गया।विद्यालय के डायरेक्टर्स डॉ. प्रसून श्रीवास्तव, प्रणय श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने इस अवसर पर उपस्थित रहकर पूरे आयोजन का निरीक्षण किया और भारत विकास परिषद की इस पहल की सराहना की। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों के प्रयासों की प्रशंसा की जिनकी मेहनत से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्यालय प्रबंधन ने भारत विकास परिषद रामनगर, श्री कृष्णा हॉस्पिटल एवं ब्लड बैंक काशीपुर और कुंयाल क्लिनिक रामनगर का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी समय-समय पर किए जाते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों एवं समाज का स्वास्थ्य सुदृढ़ एवं सुरक्षित बना रहे।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथलेश डंगवाल,प्रधान भगवत राणा,ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल डायरेक्टर डॉक्टर प्रसून श्रीवास्तव,प्रणव श्रीवास्तव,प्रधानाचार्य डॉक्टर नलिनी श्रीवास्तव,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अमन अग्रवाल, सचिव सुलभ बंसल,महिला संयोजिका दीप्ति अग्रवाल,सह संयोजिका प्रीति अग्रवाल, संदीप सहगल, डॉक्टर विक्रांत कुमार, डॉक्टर अक्षत सक्सेना,डॉक्टर कल्पना आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मनिहार गोठ में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणो ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया।

निश्चित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को प्रात: 9:30 बजे क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपने गांव, शहर और देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में चल रहे स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि मोदी जी ने शिक्षा स्वच्छता एवं आत्मनिभर्ता एवं नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए है। ग्राम प्रधान शहाना खातून ने कहा कि कोई भी ग्राम वासी सड़क पर कूड़ा ना डाले। कहा जिस तरह लोग अपने घर को साफ रखते हैं उसी प्रकार गली और नगर को भी साफ व स्वच्छ रखना हर एक ग्राम वासी की जिम्मेदारी है। स्वच्छता अभियान ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक वर्मा एवं ग्राम प्रधान शाहाना खातून के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस पहल से गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमजद भाई ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए खूब काम हुआ है।

प्रदेश की बेटियां और व्यापारी सुरक्षित हैं। कहा कि डबल इंजन की सरकार ने गरीब, मजदूर, बेसहारा और किसानों के लिए नई जिंदगी दी है। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी रश्मि जोशी, ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक वर्मा, ग्राम प्रधान शहाना खातून, बीडीसी सदस्य रहनुमा बी, अमजद भाई,फखरुद्दीन अली, मुबाशिर अली, नसीब हुसैन, शमशाद बानो, इजहार अली, रूमाना परवीन, जावेद हुसैन, सेहरम, मोहम्मद अमीन, मोहम्मद रफीक, नजीर हुसैन सहित तमाम जनप्रतिनिधि , पीएलबी मित्र एवं वार्ड सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

### अवैध तमंचा और जिन्दा कारतूस के साथ युवक दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में गुण्डागर्दी और भय दिखाने वाले एक युवक को एक अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पिछले काफी समय से रामनगर में एक व्यक्ति के गुण्डागर्दी कर अवैध तमंचे के साथ घुमने की सूचना आ रहीं थीं। सूचना को थाना स्थानीय पुलिस द्वारा गम्भीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश व गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान तेलीपुरा रोड पर बलवीर सिंह उद्यान गेट के पास से आरोपी अल्फेज आरटीओ रोड शंकरपुर भूल को एक अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस टीम में एसआई सादिक हुसैन, कांस्टेबल विपिन शर्मा, बिजेन्द्र गौतम, संजय सिंह शामिल रहे।

# 50 मीटर दौड़ में आहिल एवं कुमारी पारुल भागे सबसे तेज

- नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव सैनी ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** सीआरसी स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर द्वितीय में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव सैनी ने किया।

सीआरसी सरकड़ा के अंतर्गत 31 विद्यालयों के 240 बच्चों ने क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बालक एवं बालिका वर्ग में प्राथमिक स्तर पर दौड़ 50 मी ,100 मी. ,200 मी, 400 मीटर, लंबी कूद , खो खो कबड्डी की प्रतियोगिता हुई। जूनियर स्तर पर दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर , कबड्डी ,खो खो एवं लंबी कूद, ऊंची कूद भोला फेंक, चक्का फेंक की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह यादव( ब्लॉक अध्यक्ष, जूनियर) एवं मनोज कुमार चौहान (ब्लॉक अध्यक्ष, प्राथमिक) उपस्थित रहे। प्रभारी समन्वयक सीआरसी राजेंद्र कुमार सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम निम्नवत रहे। प्राथमिक स्तर में 50 मीटर दौड़ में आहिल एवं कुमारी पारुल प्रथम स्थान, 100 मीटर दौड़ में आहिल एवं कुमारी राजवती ने प्रथम स्थान, 200मीटर दौड़ में प्रिंस कुमारी पारुल ने प्रथम स्थान, 400 मीटर दौड़ में प्रिंस एवं कु. गौरी ने प्रथम स्थान, लम्बी कूद में रिहान एवं राशि ने प्रथम स्थान, खो खो बलिका वर्ग में राजकीय प्राथमिक विद्यालय महेशपुरा, खो खो बालक वर्ग में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर द्वितीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर पर दौड़ में 100 मीटर में अनमोल एवं कुमारी इकता ने प्रथम स्थान, 200 मीटर दौड़ में भानुप्रकाश, कु सोफिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 400 मीटर दौड़ में समीर ने प्रथम स्थान,साहिल ने 600मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, लंबी कूद में यश एवं कुमारी शिफानूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ऊंची कूद में साहिल एवं कुमारी वाणी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में अनमोल एवं कुमारी शिफा नूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में मोहम्मद जैद एवं कुमारी शाकिबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सुरेन्द्र सिंह, दीप सिंह रावत, दिनेश कुमार, शिवांकित लोचक, जितेंद्र सिंह, संदीप भटनागर, दयाल सिंह, दीपक कुमार, पवन रावत, भरत रावत, बृजनंदन सिंह, दिनेश कुमारी, श्वेता शाह, लक्ष्मी शर्मा, अनुपमाशील, नेहा , कंचन, दीक्षा, पारुल चौधरी, जयदीप प्रेमी, प्रभु दयाल ममगई, ब्रजेश कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार, भास्कर सिंह, सुरेश सिंह, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रचार-प्रसार एवं स्वच्छता अभियान जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस (17 सितम्बर) से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती (02 अक्टूबर) तक "सेवा पर्व पखवाड़ा" का आयोजन जनपद पिथौरागढ़ में विविध गतिविधियों के माध्यम से किया जा रहा है। इस क्रम में जिले के शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार गतिविधियां तथा स्वच्छता अभियान निरंतर जारी हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में और जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के मार्गदर्शन एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से जिलेभर में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। नगर स्तर पर आम जनता को स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में नालियों की सफाई, कूड़ा प्रबंधन, पेयजल स्रोतों की स्वच्छता, तथा विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकारी योजनाओं की जानकारी को भी इस पखवाड़े से जोड़कर प्रचारित किया जा रहा है। यह अभियान 02 अक्टूबर तक जिले के प्रत्येक विकासखंड, नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर चलता रहेगा।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोलने की तैयारी में जुटा बंगाली समुदाय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** बंगाली समुदाय अब अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर राजनीतिक मोर्चा खोलने की तैयारी में है। नगर पंचायत सभागार में समुदाय के प्रबुद्धजनों की हुई बैठक में यह साफ संकेत दिए गए कि यदि वर्ष 2027 तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो समुदाय विधानसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी मैदान में उतारेगा।

बैठक में बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों में बांग्ला भाषा लागू करने, समुदाय को ओबीसी का दर्जा दिलाने तथा बंगाली छात्रों के लिए गुरु चांद छात्रवृत्ति योजना को पुन: बहाल करने की मांग पर विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि इन तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 20 सितंबर को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि हर राजनीतिक दल बंगाली समुदाय को सिर्फ चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल करता आया है। दशकों से लगातार मांगें उठाए जाने के बावजूद अब तक न तो बांग्ला भाषा लागू की गई और न ही छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल पाया। ऐसे में अब समुदाय एकजुट होकर राजनीतिक विकल्प तलाशने को मजबूर है। समुदाय के नेताओं ने यह भी निर्णय लिया कि सितारगंज, रुद्रपुर और गदरपुर क्षेत्रों के विधायकगण से शिष्टमंडल जल्द मुलाकात करेगा और मांगों को सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की रणनीति अपनाई जाएगी। बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने खुलकर कहा कि वह समुदाय की मांगों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं। उन्होंने साफ कहा कि यदि भाजपा सरकार समुदाय की तीनों मांगें पूरी करती है तो वे बिना शर्त पार्टी में शामिल होने को तैयार हैं। साथ ही उन्होंने यह भी दोहराया कि उनके लिए समुदाय का हित सर्वोपरि है, किसी भी दल का नहीं। बैठक में चेयरमैन सुमित मंडल के अलावा रामचंद्र राय, गोविंद तालुकदार, शंभू साना, संजय बाछाड़, प्रियजीत राय, उत्तम आचार्य, संजीत खान, देवू मंडल, कृष्णपद मंडल, रविंद्र विश्वास, नकुल बक्शी, रविंद्र सिंह, विष्णु प्रमाणिक, विक्की मंडल, राजा हालदार, मिथुन पहाड़, प्रकाश राय, संबल सरकार, संजीव दे, सुकुमार वैद्य, प्रशांत मंडल, विरंची पद वाईन, रवि मजूमदार, देवाशीष पोद्दार, मधुसूदन सरकार, सुमंत विश्वास समेत बड़ी संख्या में समुदाय के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## खतरनाक कुत्ते के हमले से गाय और बछड़ी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** क्षेत्र के ग्राम पिन्डारी निवासी भजन कौर पत्नी स्व. बलविंदर सिंह अपने परिवार का भरण-पोषण गाय के दूध बेचकर करती थी। पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही बेअन्त सिंह और उसका पुत्र जब्बर सिंह अपने घर पर विदेशी खतरनाक कुत्ते पालते हैं, जिन्हें लापरवाही से खुला छोड़ देते हैं। 30 जुलाई 2025 की सुबह करीब छह बजे उन्हीं में से एक कुत्ते ने उसकी दुधारू गाय (जो प्रतिदिन लगभग 12 लीटर दूध देती थी) और बछड़ी पर हमला कर दिया। इस दौरान गांव के अन्य पशु भी घायल हुए। पीड़िता ने बताया कि जब उसने बेअन्त सिंह से शिकायत की तो उल्टा उन्होंने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घायल पशुओं का इलाज सरकारी पशु चिकित्सालय में कराया गया, लेकिन 25 अगस्त को गाय और बछड़ी दोनों की मौत हो गई। पशु चिकित्सकों द्वारा कराए गए पोस्टमार्टम में स्पष्ट हुआ कि मौत कुत्ते के काटने से फैली रेबीज बीमारी के कारण हुई।विधवा भजन कौर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है, शेष परिवार का पालन-पोषण वह दूध बेचकर करती थी। अब जीविका का साधन छिन जाने के साथ-साथ उसे आरोपियों से जानमाल का खतरा भी बना हुआ है।

## कुकर मार महिला को किया लहूलुहान, हालत नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्राम पहाड़ी उकरौली निवासी रिंकी पर उसके ही परिचित ने जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया कि रिंकी का विवाह वर्ष 2008 में भूप राम निवासी सिकलपुरा बहेड़ी के साथ हुआ था, लेकिन करीब तीन वर्ष पूर्व उसका तलाक हो गया था। तभी से वह अपने मायके में ही रह रही थी। बीते 18 सितम्बर की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पिंटू गंगवार उर्फ अमन गंगवार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ग्राम अजीतपुर बरा थाना पुलभट्टा, जो परिवार का जानकार बताया जा रहा है, रिंकी के घर पहुंचा और बिना वजह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी बौखला गया और अचानक रसोई में रखा कुकर उठाकर रिंकी के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले में रिंकी गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही लहूलुहान हो गई। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सितारगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया। फिलहाल रिंकी जीवन-मौत से जूझ रही है। परिजनों का कहना है कि वे बहन के इलाज में व्यस्त रहने के कारण तुरंत रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। पीड़िता की बहन रिया ने 19 सितम्बर को कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर आरोपी पिंटू उर्फ अमन के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## युवा अध्यक्ष ने नवनियुक्त नगर पालिका ईओ स्वागत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर पालिका परिषद जसपुर में नवनियुक्त ईओ उदयवीर सिंह का युवा नगर पालिका अध्यक्ष मो. नौशाद सम्राट ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विदित हो कि पूर्व में ईओ का कार्य देख रहे शाहिद अली को सचिव शहरी विकास द्वारा उनके खिलाफ पूर्व में लंबित जांच व कोर्ट में सचिव शहरी विकास को पार्टी बनाने को लेकर उनके पूर्व के मूल पद बड़े बाबू पर डिमोट कर अल्मोड़ा स्थानांतरण कर दिया गया था। उसके पश्चात नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार जिलाधिकारी उधम सिंह नगर द्वारा जसपुर तहसीलदार शुभांगिनी को दे दिया गया था, तब से नगर पालिका में विकास कार्यों को लेकर जसपुर के नागरिकों द्वारा जसपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से स्थाई ईओ की मांग लगातार की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों व शहरी नागरिकों की मांग पर ईओ उदयवीर का स्थानांतरण में खटीमा से जसपुर नगर पालिका कर दिया गया है। शुक्रवार को उन्होंने अपना कार्य भार ग्रहण कर लिया है। उनके पालिका जसपुर पहुंचने पर सभासदों / पालिका अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया स्वागत। यहां मौ. नौशाद सम्राट, समस्त सभासद व पालिका कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

# किन अधिकारियों की वजह से ऐसा कार्य हुआ ?

## उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने लोक सेवा आयोग से जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती परीक्षा में याचिकाकर्ता का चयन नहीं किये जाने के मामले में आयोग से जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है। अब कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 25 सितंबर की तिथि नीयत की है। कोर्ट ने पूछा है कि किन अधिकारियों की वजह से ऐसा कार्य हुआ है। इस प्रकरण को अमन गुप्ता की ओर से चुनौती दी गयी है साथ ही आज मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वर्ष 2021 में आयोग ने सहायक अभियोजन अधिकारी के 63 पदों के लिये भर्ती परीक्षा आयोजित की। प्रारंभिक परीक्षा और मुखय परीक्षा के बाद परीक्षा परिणाम घोषित किया गया लेकिन 30 नवंबर 2022 को आयोग ने दिव्यांग कोटे के दो पदों को वापस ले लिया और साक्षात्कार के बाद 17 मार्च 2023 को 61 पदों का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया। आयोग के इस कदम को एक अन्य याचिकाकर्ता क्षितिज रावत ने चुनौती दी और कहा कि दिव्यांग कोटे के दो पदों को गलत ढंग से वापस लिया है। अदालत ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला देते हुए आयोग को दो पदों पर भी भर्ती करने के निर्देश दिये फिर आयोग ने 17 अगस्त को इन पदों के लिये परिणाम घोषित कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि आयोग ने साक्षात्कार के बाद भी उसका चयन नहीं किया है। अदालत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सरकार व आयोग से हलफनामा दायर करने को कहा है।

### पंत विवि के बाह्य परीक्षा समन्वयक के निलंबन पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उच्च न्यायालय ने जीबी पंत विश्वविद्यालय पंतनगर में बीटेक की कंपार्टमेंट परीक्षा के पेपर लीक मामले में बाह्य परीक्षा समन्वयक डा. एसके गोयल को राहत देते हुए उनके निलंबन पर रोक लगा दी। मामले में शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। गोयल ने अपने निलंबन आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि उनको निलंबित करने के साथ साथ उन्हें कृषि विज्ञान केंद्र जाखधार (रुद्रप्रयाग) से संबद्ध कर दिया गया है। मामले के अनुसार कंपार्टमेंट परीक्षा का पेपर लीक होने पर अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी डा. एसएस गुप्ता की ओर से तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई थी साथ ही पेपर लीक की पुष्टि पर परीक्षा भी निरस्त कर दी गई थी। जांच के बाद कुलपति की संस्तुति पर मुख्य कार्मिक अधिकारी डा. गौहर ताज ने उन्हें निलंबित कर दिया। डा. गोयल ने निर्णय के खिलाफ याचिका दायर कर कहा था कि उनका पक्ष सुने बगैर उन्हें निलंबित कर रुद्रप्रयाग अटैच करने का आदेश जारी कर दिया गया जबकि पेपर लीक के मामले में उनकी कोई गलती नहीं थी।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में सुनवाई 25 को

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नैनीताल में 12 वर्ष की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपित ठेकेदार मोहम्मद उस्मान खान की जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर वीरवार की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार नैनीताल में बीते 30 अप्रैल 2025 को मल्लीताल कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना को 12 अप्रैल का बताते हुए 12 वर्षीय नाबालिग ने 71 साल के उस्मान पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इसकी शिकायत पीड़िता की मां ने मल्लीताल कोतवाली में दर्ज कराई थी। उस्मान ने हाईकोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दायर की थी। उस्मान के अधिवक्ता ने कोर्ट से पीड़िता के बयान में बहुत अंतर होने और सीसीटीवी में आरोप की पुष्टि न होने की बात कहीं।

### यदि एमडीडीए में पद रिक्त हैं तो सेवा विस्तार प्रत्यावेदन दें

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण में उपनल के माध्यम से तैनात अवर अभियंता सुरेंद्र सिंह चौहान की याचिका की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि यदि एमडीडीए में पद रिक्त हैं तो वे सेवा विस्तार हेतु प्रत्यावेदन दें, जिस पर एमडीडीए को 3 हफ्ते में निर्णय लेना होगा। याचिकाकर्ता ने न्यायालय को अवगत कराया कि उन्हें जूनियर इंजीनियर के पद पर उपनल के माध्यम से एमडीडीए में अनुबन्ध पर नियुक्त किया गया थाए किन्तु अब उन्हें सेवा से हटा दिया गया है जबकि एमडीडीए की ओर से न्यायालय को बताया कि लोक सेवा आयोग से चयनित 34 अवर अभियंता पहले ही कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं जिससे कोई रिक्ति शेष नहीं बची है और इसी कारण याचिकाकर्ता की सेवा आगे जारी नहीं रखी जा सकती वहीं याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अब भी रिक्त पद उपलबध हैं तथा हाल ही में एमडीडीए ने मैनपावर सप्लाई के लिए निविदा आमंत्रित की है। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी ने अपने यदि याचिकाकर्ता की बात सही है तो उन्हें अपनी सेवा विस्तार हेतु प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने की छूट होगी।

## सांसदों/विधायकों के आपराधिक मामलों पर सुनवाई 26 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सां. सदों व विधायकों के अपराधिक मामलों की शीघ्र सुनवाई करने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से आने वाले शुक्रवार तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु शुक्रवार की तिथि यानी 26 सितंबर नियत की है। मामले के अनुसार देहरादून निवासी विकेश सिंह नेगी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने 6 नवंबर 2023 को अश्वनी कुमार उपाध्याय बनाम केंद्र सरकार के मामले पर सुनवाई करते हुए सभी राज्यों को निर्देश दिए थे सांसदों व विधायकों के ऊपर चल रहे अपराधिक मामलों की शीघ्र सुनवाई करने के लिए राज्य सरकारें फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करें ताकि उनके मामलों की शीघ्र सुनवाई हो सके चाहे एक केस हो या अधिक लेकिन उत्तराखण्ड में सांसदों व विधायकों के ऊपर कई केस विच. ाराधीन हैं जिन पर अभी तक सुनवाई नहीं हो पा रही है लेकिन अभी तक राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायलय के द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों का अनुपालन नहीं किया और नहीं फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया। उनके द्वारा जनहित याचिका में एक रिपोर्ट भी पेश की जिसमें कहा गया कि प्रदेश में सांसदों व विधायकों के ऊपर कई आपराधिक मामले चल रहे हैं। शुक्रवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से सरकार का पक्ष रखते हुए कोर्ट से स्थिति से अवगत कराने का समय मांगा गया, जिस पर कोर्ट ने सरकार को स्थिति से अवगत कराने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया जाए और फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कराने के लिए राज्य सरकार को निर्देश दिए जाय ताकि इनके अपराधिक मामलों की सुनवाई शीघ्र हो सके।

### चुनौती देती याचिकाएं खारिज की हाईकोर्ट ने

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जल विद्युत निगम के जूनियर इंजीनियरों की वरिष्ठता सूची को चुनौती देती याचिकाएं खारिज कर दी हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ में हुई। याचिकाकर्ता राजबीर सिंह व अन्य ने 3 जुलाई 2012 के उत्तराखण्ड लोक सेवा अधिकरण के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनकी वरिष्ठता सुधारने की याचिका खारिज कर दी गई थी। उनका कहना था कि वे 28 दिसंबर 2002 को नियुक्त हुए जबकि निजी प्रतिवादी 12 मार्च 2003 को नियुक्त हुए। इस आधार पर उनकी वरिष्ठता ऊपर रखी जानी चाहिए थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि सेवा शर्तें और वरिष्ठता निर्धारण 1972 एवं 1988 के नियमों से संचालित होते हैं जिन्हें यूजेवीएनएल ने अपनाया है। उनका कहना था कि नियुक्ति की तिथि वरिष्ठता तय करने में महत्वपूर्ण है और चूंकि उनकी नियुक्ति पहले हुई वे वरिष्ठता में ऊपर होने चाहिए जबकि यूजेवीएनएल और निजी प्रतिवादियों ने कहा कि दोनों पक्षों की नियुक्ति नवंबर 2001 की एक ही विज्ञप्ति और एक ही चयन प्रक्रिया से हुई थी। नियम 8 (2-अ) (1998 के वरिष्ठता नियम) के अनुसार सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारियों की आपसी वरिष्ठता चयन समिति द्वारा तय मेरिट के आधार पर होगी न कि केवल नियुक्ति की तिथि से। निजी प्रतिवादी मेरिट सूची में ऊपर थे, इसलिए उनकी वरिष्ठता सही है। न्यायालय ने माना कि दोनों पक्षों की नियुक्ति एक ही विज्ञापन और चयन प्रक्रिया से हुई। इसलिये पहले नियुक्त होना स्वत: वरिष्ठता नहीं देता और मेरिट ही वरिष्ठता का आधार होगा। इस आधार पर याचिकाकर्ताओं की दलील अस्वीकार करते हुए कहा कि 6 फरवरी 2010 की वरिष्ठता सूची वैध है।

### जौनसारी की स्पेलिंग ठीक करे केन्द्र सरकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के जौनसार में रहने वाले जौनसारी की स्पेलिंग राज्य बनने के दौरान केंद्र सरकार के गजट में गलत छप जाने के कारण यहां पर रह रहे पिछड़ी जाति के लोगो को केंद्र से उनके लिए जारी योजनाओं का लाभ न मिलने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिये हैं कि स्पेलिंग सही करने के लिए केंद्र सरकार 6 हफ्ते में निर्णय लेकर अपना शपथपत्र पेश करे। मामले की अगली सुनवाई हेतु कोर्ट ने 6 बाद की तिथि नियत की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया कि जब राज्य का पुनर्गठन हुआ था तब जौनसार क्षेत्र का नाम जारी केंद्र के नोटिगिकेश के अंग्रेजी भाषा की स्पेलिंग में लिखने पर गलती हुई है। तब से अब तक इसपर किसी सरकार ने विचार नही किया। अब इसको संसोधन केंद्र सरकार ही कर सकती है कयोंकि इसपर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हुए हैं।

## एक नजर

### पाईंस श्मशान घाट की सफाई होना बेहद जरूरी

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद की हरिनगर वार्ड की पालिका सभासद शीतल कटियार ने कहा है कि वर्तमान में नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में स्थित पाईंस श्मशान घाट की सफाई नहीं होने से लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए शीतल ने पालि. का के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा को ज्ञापन भेजकर त्वरित कार्रवाई करने की गुजारिश की है। सभासद शीतल कटियार के मुताबिक श्मशान घाट मुख्य सड़क से लेकर घाट की तरफ को जाने वाले मार्ग (सीढ़ियों) काफी काई जमा होने से फिसलन हो रही है जिससे कि हर वकत दुर्घटना का भय बना हुआ है। कहा कि इस स्थान पर जनहित को ध्यान में रखते हुए काई की स्फाई करने के साथ ही सीढ़ियों में बलीचिंग पाउडर तथा चूने का छिड़काव किया जाना नितांत जरुरी है।

### बुजुर्ग व्यापारी अब्दुल अजीज नहीं रहे

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल बाजार के वरिष्ठ व्यापारी अब्दुल अजीज (75) का बीमारी के चलते शुक्रवार को अपराह्न करीब 2.30 बजे निधन की



खबर से शहर गमगीन हो गया और लोग उनके घर में दुख व्यक्त करने पहुंचने लगे। बता दें वह पिछले लगभग 10 दिनों से वह बीमार थे और उनका उपचार हल्द्वानी के निजी चिकित्सालय में चल रहा था जहां उन्होंने आज अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे तीन पुत्र सरफराज, इमरान और मोहमद शाहनवाज तथा तीन पुत्री व नाती व पोते का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनके पुत्र सरफराज ने बताया ईशा की नमाज के बाद लगभग 10 बजे रात्रि में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों में तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन शाह, उपाध्यक्ष नासिर खान, महिला उपाध्यक्ष ममता जोशी, महासचिव अमनदीप आनंद तथा उप सचिव जयंत उप्रेती, कोषाध्यक्ष हरीश लाल समेत महफूज सिद्दीकी, राजेंद्र मनराल, योगेश शाह, संतवीर सिंह, सुखदीप आनंद, विजय नारंग, मोहमद अकमल, मोहम्मद दानिश, एहसान खान तथा पप्पू भाई ने दुख व्यक्त किया।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** गुरूवार रात्रि मुखानी पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 87 टेट्रा पैक शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी एसआई नरेन्द्र कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी पंकज कुमार आर्य पुत्र पनीराम निवासी खुशालपुर चौराहे मुखानी को 87 टेट्रा पैक देसी शराब के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी अधि. नियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी है।

### डीएसबी परिसर में बजा चुनावी बिगुल

**नैनीताल।** कुमांऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से चुनाव की तिथि घोषित कर देने केबाद से विवि के डीएसबी परिसर में छात्र संघ चुनाव में विभिन्न पदों के लिए किस्मत अजमाने जा रहे छात्र नेताओं ने चुनाव प्रचार भी शुरु कर दिया है। एबीवीपी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तनिष्क मेहरा ने परिसर में रैली का आयोजन किया जिसमें अध्यक्ष प्रत्याशी और सर्मथकों ने छात्रों के साथ संपर्क कर चुनावी मुद्दों पर व परिसर कर समस्याओं पर वार्ता की। अभी तक परिसर में छात्र संघ अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी तनिष्क मेहरा व करन सती के नाम सामने आ रहे हैं जबकि सचिव के लिए आयुष आर्या व उपाध्यक्ष के लिए दिनेश चंद्रा व शशांक भडंरी जबकि उपसचिव के लिए नितांत पंत व कोषाध्यक्ष के लिए शिवेश कुमार जबकि छात्रा उपाध्यक्ष हेतु तनिषा जोशी, पलक बिष्ट और प्राची नेगी ने नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही सांस्कृतिक सचिव के लिए भावेश विश्वकर्मा का नाम सामने आ रहा है। छात्र संघ चुनाव में केवल एक हप्ता ही शेष बचा है।

### भवन निर्माण हेतु भूमि की खोजबीन शुरू

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती बजून के दुधिला गांव में बीते सोमवार को आई आपदा से प्रभावित तीन परिवारों के भूमि मुहैया कराकर विस्थापन की कार्रवाई की जा रही है, साथ ही उनके जानवरों की सुरक्षा के लिए फि लहाल बजून-अधौड़ा मार्ग में टिन सेड गौशाला बनाया जा रहा है। बता दें कि बीते सोमवार को बजून अधौड़ा मार्ग पर हुए भूस्खलन में बजून के दुधिला गांव में एक भवन के साथ सात मवेशी मिट्टी में दफन हो गए। मलबे से क्षेत्र निवासी भूपाल सिंह ढैला का भवन क्षतिग्रस्त हो गया जबकि पूरन सिंह और हरीश सिंह के भवनों को खतरा बना हुआ है। जिसको देखते हुए प्रशासन ने परिवारों को क्षेत्र से हटा दिया। साथ ही पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन की ओर से 3 लाख 12 हजार मुआवजा राशि दी गई। प्रशासन की ओर से क्षेत्र में सुरक्षा कार्य के साथ अब प्रभावित परिवारों को विस्थापित करने की प्रक्रिया की जा रही है। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि प्रभावित तीन परिवारों के लिए भूमि का चयन किया जा रहा है।

### नैनीताल छात्र महासंघ चुनाव होगा 29 को

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसर एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव 27 सितबर 2025 शनिवार को एक साथ संपन्न कराए जाएंगे। इस बीच कुविवि के जनसंपर्क अधिकारी डा. रितेश साह के मुताबिक अब विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की स्वीकृति के बाद कुविवि के छात्र महासंघ के चुनाव 29 सितंबर सोमवार को होंगे। डा. साह ने बताया कि गत वर्षो की भांति ही इस वर्ष 2025-26 के छात्र महासंघ चुनाव एवं चुनाव प्रक्रिया से संबंधित समस्त कार्य हेतु प्रो. संजय पंत अधिष्ठाता छात्र कल्याण डीएसबी परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल को दायित्व प्रदान किया गया है।

### कार्मिकों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पदों के स्वीकृत नहीं होने, मानदेय नहीं देने पर मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मियों ने नाराजगी जताई। शुक्रवार को नाराज कार्मिकों ने मांगों के निराकरण को धरना प्रदर्शन किया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार पर चले जाने की चेतावनी दी। प्रदर्शन स्थल पर कार्मिकों ने कहा कि बेस अस्पताल में कोरोना के समय से आउटसोर्सिंग, उपनल व पीआरडी के माध्यम से निरंतर कार्य कर रहे वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, सुरक्षा गार्ड, पर्यावरण मित्रों के पद अब तक स्वीकृत नहीं हो सके हैं। इस कारण कर्मचारियों के मानदेय में फिर से रोक लगा दी गई है। अगस्त का वेतन अब तक कर्मचारियों को नहीं मिल सका है। इससे कर्मचारियों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। कहा कि आश्वासन के बाद भी अब तक पद स्वीकृत नहीं हो सके हैं।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** बॉक्सिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया ने नैनीताल में महिला वर्ग की फैडेशन कप बॉक्सिंग प्रतियोगिता को 13 से 17 अक्टूबर तक कराने की स्वीकृति दे दी है। नैनीताल व आसपास के खेल प्रेमियों को देश के कुछ बेहतरीन राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। उत्तराखण्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन के आवेदन पर शुक्रवार को बॉक्सिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया के सैकेट्री जर्नल प्रमोद कुमार ने अनुमती पत्र जारी कर प्रतियोगिता आयोजित करने की सहर्ष सहमति दे दी है।

उत्तराखण्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन के जर्नल सैकेट्री गोपाल सिंह खोलिया को जारी पत्र में कहा गया कि 16 सितंबर के संदर्भ में फेडरेशन की तरफ से अनुमती प्रदान की जाती है। उन्होंने प्रतियोगिता की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए एसोसिएशन की खेल प्रमोशन के लिए प्रशंसा की है। बता दें कि नैनीताल जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन ने जिलाधिकारी और खेल विभाग की सहमति के बाद मल्लीताल के फ्लैट्स मैदान में अखिल भारतीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित करने का मन बनाया। दो दौर की बैठकों के बाद तय हुआ कि महिला वर्ग में फेडरेशन कप प्रतियोगिता कराई जाए। देशभर से 8 टॉप राज्यों की टीमों ने आने की कन्फर्मेशन दे दी है। इसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार तथा रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड, ऑल इंडिया पुलिस और होस्ट उत्तराखण्ड खेलेंगे।

## मेधावियों आकाश व साक्षी बिष्ट को मिला हिंदी सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित स्कूल भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के दो मेधावियों नैतिक आकाश बिनवाल व व साक्षी बिष्ट को सूबे के भाषा, वन मंत्री एवं कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने देहरादून में हिंदी दिवस के मौके पर सममानित किया। दोनों ने ही बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए थे। दोनों मेधावियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र मिला। दोनों मेधावियों को मिली इस अहम कामयाबी पर विद्यालय परिवार के प्रबंधक ज्योति प्रकाश बोरा, प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत उत्कर्ष बोरा, हिंदी अध्यापिका डा. नीलम जोशी एवं चंद्र प्रकाश, शहनवाज, सागर, मीनाक्षी बिष्ट समेत सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं, कर्मियों व छात्र छात्राओं ने खुशी जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## भीमताल में खुलेगा श्रम विभाग कार्यालय, श्रमिकों को मिलेगी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** लंबे समय से सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी द्वारा की जा रही मांग के बाद अब भीमताल में श्रम विभाग कार्यालय की स्थापना की संभावना प्रबल हो गई है। इस मांग को स्थानीय जनता का व्यापक समर्थन मिला। परिणामस्वरूप श्रम विभाग ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर आशा पुरोहित ने पूरन बृजवासी को बताया की शीघ्र ही इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर बोर्ड को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्यालय की स्थापना को अंतिम मंजूरी दी जाएगी। यह कार्यालय न केवल भीमताल नगर बल्कि रामगढ़, ओखलकांडा और धारी ब्लॉक के श्रमिकों के लिए भी वरदान साबित होगा। अब तक इन क्षेत्रों के श्रमिकों को छोटी-छोटी आवश्यकताओं और योजनाओं के लिए हल्द्वानी तक लंबी यात्रा करनी



पड़ती थी। पूरन बृजवासी ने कहा यह कार्यालय श्रमिकों के अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करेगा। साथ ही, रोजगार संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान में भी मददगार होगा। स्थानीय लोगों ने इस खबर का हर्षोल्लास से स्वागत किया। रामगढ़ के श्रमिक गोविंद सिंह ने कहा कि अब समय और धन दोनों की बचत होगी। ओखलकांडा की राधा देवी ने इसे ग्रामीण महिलाओं के लिए लाभकारी बताया।

### विधायक ने रखी समस्याएं

**बागेश्वर।** सीएम धामी द्वारा देहरादून सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक में विधायक कपकोट ने विधान सभा कपकोट की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ रहा। बैठक में विधायक सुरेश गढ़िया ने संचार विभाग के अंतर्गत बीएसएनएल की सेवाओं को मजबूत करने, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों को आपदा में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत करने तथा लोगों को भूमि अधिग्रहण का मुआवज़ा जल्द से जल्द देने की बात कही। साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों की आजीविका में वृद्धि एवं पलायन को रोकने के लिए वैज्ञानिक तरीके से व्यापक कार्य योजना बनाने, रिवर्स पलायन कर पर्वतीय क्षेत्रों में स्वरोजगार के साथ अन्य लोगों को रोजगार से जोड़ रहे युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष योजनाएं संचालित करने की बात कही।

## जू में ओजोन परत संरक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** निदेशक प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग चंद्रशेखर जोशी के विशेष दिशा निर्देशन में नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 10 से कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसका विषय थीम फ्रॉम साइंस टू ग्लोबल एकशन के अनुसार रहा। इसके अलावा कविता लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 06 से कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कविता प्रतियोगिता का विषय एक छिद्र आसमान में रहा। इसके अलावा चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 3 से कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्राणी उद्यान नैनीताल द्वारा। प्रदत्त शीट में वन्य प्राणी का आउट लाईन/ढांचा प्रिन्ट कर दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा प्राणी उद्यान, नैनीताल परिसर में विद्यमान प्राकृतिक सामग्री से उस वन्य प्राणियों के आउट लाईन/ढांचा को भरा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कुल 150 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आनन्द लाल, वन क्षेत्राधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान, जगदीश सिंह कोरंगा, वन दरोगा, नितिन मुकेश, वन आरक्षी, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट, विक्रम सिंह मेहरा फार्मासिस्ट एवं प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल ने सभी का आभार जताया।

## स्वाति को सर्वश्रेष्ठ शोधार्थी अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के जन्तु विज्ञान विभाग की शोध छात्र स्वाति जोशी को सेंट्रल कॉलेज काठमांडू/ कुकुरा. वा विश्वविद्यालय तथा तुर्की/ अनुसंधान एवं विस्तार निदेशालय, एफयू, चितवन, आईएएएस, त्रिभुवन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वर्ल्ड कांग्रेस कलाइमेट चेंज एंड इट्स इफेक्ट सीसीआईई-2025 की अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय शोधार्थी का अवार्ड मिला। बता दें कि स्वाति जोशी हल्द्वानी निवासी जीवन चंद्र जोशी व बीना जोशी की पुत्री हैं। वर्तमान में स्वाति डीएसबी परिसर में जंतु विभाग की शोध छात्रा हैं वह अपना शोद कार्य प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट और प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन में कर रही है। स्वाति ने अपनी प्रेजेंटेशन भारतीय मेजर कार्प में पाए जाने वाले बैक्टीरिया की पहचान और पृथक्करण पर शोध प्रस्तुति की। उनकी इस अहम कामयाबी पर कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंदरवाल, प्रो. ललित तिवारी, परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्लू. प्रो. संजय पंत समेत डा. महेंद्र सिंह राणा, डा. विजय कुमार, डा. दीपिका गोस्वामी, डा. मनोज कुमार आर्य, डा. हिमांशु लोहानी, डा. दीपक मेलकानी, डा. उज्मा सिद्दीकी, डा. हेम चंद्र जोशी, विवेक तथा सरिता ने हर्ष व्यक्त किया। बता दें कि स्वाति को इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में यंग वैज्ञानिक पुरस्कार से नवाजा जा चुका है।

## रा.श.सै. में हिंदी पखवाड़े के कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इससे पूर्व राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ की प्रधानाचार्या तारा बोरा, विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता नागेन्द्र नाथ व विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने मक्कंसरस्वती के चित्र के सममुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विद्यालय के बच्चों द्वारा इस अवसर पर स्वागत गीत प्रस्तुत किया और हिन्दी गीत- हिन्दी है भारती की.. प्रस्तुत किया और विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कवि दरवार लगाया गया, जिसमें विभिन्न कालों के कवि जैसे- सूरदास, तुलसीदास, कबीरद. ास, सुभद्राकुमारी चौहान, मीराबाई, गिरदा, शेरदा, रामधारी सिंह दिनकर, द्रोपदी, नन्दिनी साहू आदि का किरदार निभाया गया जो बहुत आकर्षक रहा। इस कार्यक्रम में हिन्दी विभाग द्वारा वार्षिक गृह परीक्षा में हिन्दी विषय में प्रत्येक कक्षा में



मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को तथा परिषदीय परीक्षा में हाईस्कूल व इण्टर हिन्दी में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष विद्यालय के छात्रा साक्षी बिष्ट कक्षा 10 को हिन्दी में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर तथा छात्र नैतिक आकाश को यात्रा वृतान्त लेखन में राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर देहरादून में पुरस्कृत किया गया, जिनको विद्यालय में भी हिन्दी विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि तारा बोरा प्रधानाचार्या, रा.श. सै. स्मारक विद्यापीठ ने अपने संबा. ेधन में उपरोक्त सभी छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता नागेन्द्रनाथ ने भी हिन्दी दिवस की सभी को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है, आधु. निक युग के दौर में हिन्दी की महत्ता और अधिक हो गयी है। कार्यक्रम का संचालन आलोक भट्ट व छात्रा सुनैना ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डा. नीलम, चन्द्र प्रकाश, मनोज कुमार, नेहा, डा. रेनू, आलोक साह, सागर, मंजू, मीनाक्षी, महेश, दरपान, नवीन पाठक, गीतिका, निशा, अवन्तिका, दिव्या, भावना आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने सभी का आभार जताया।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगाए 27 स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 27 स्वास्थ्य शिविर लगाए। शि. विरों में 5411 लोगो का पंजीकरण किया गया, इसमें 263 गर्भवती महिलाओं समेत 944 लोगो की खून की जांच की गई। सीएमओ डा. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि शिविरों में 549 लोगों का टीकाकरण किया गया। इसमें 32 गर्भवती महिलाएं, 142 (0-1 वर्ष के बच्चे), 36 (1-5 वर्ष के बच्चे) तथा 249 किशोर-किशोरिया शामिल रहीं। इसके साथ ही 2839 के बीपी जबकि 2742 की शुगर की जांच की गई वहीं 2030 की ओरल कैंसर स्क्रिनिग जबकि 1406 की टीबी स्क्रिनिग की गई। इसके अलावा 18 आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

## जानकी को शिल्प रत्न पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मल्लीताल गोपाला सदन निवासी जानकी बिष्ट को उत्तराखंड राज्य शिल्प रत्न पुरस्कार मिला है। जिसमें उन्हें एक लाख रुपये नकद पुरस्कार भी मिला। यह सम्मान विगत दिवस देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक समारोह में प्रदान किया गया। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा यह सम्मान हस्तशिल्प, हथकरघा शिल्पी व बुनकरों को प्रदान किया जाता है। इस क्रम में राज्य के 11 हस्तशिल्पियों को यह सम्मान दिया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जानकी बिष्ट द्वारा ऐपण के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्य की सराहना करते हुए उन्हें अन्य महिलाओं के लिये प्रेणास्रोत बताया। समारोह में मौजूद नैनीताल की विधायक सरिता आर्य ने भी जानकी बिष्ट की जीवटता की सराहना की। समारोह में विभाग के राज्यमंत्री, सचिव व अन्य लोग भी मौजूद थे।



इधर जानकी बिष्ट ने बताया कि वह 2020 से ऐपण के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। उनके ऐपण की प्रदर्शनी देश के कई शहरों में प्रदर्शित हो चुकी हैं। उनका बालाजी महिला स्वयं सहायता समूह भी है। जिसमें कई अन्य महिलाएं भी जुड़ी हैं। उनके पति शिरीष कुमार अधिवक्ता हैं। जानकी बिष्ट की इस उपलब्धि पर शहर के कई संगठनों ने उन्हें बधाई दी है। यश महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष गीता पांडे, कोषाध्यक्ष दीप्ति जोशी, सचिव आशा थापा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा रावत आदि ने भी जानकी बिष्ट को यह सम्मान मिलने पर खुशी व्यक्त की है।

### रामलीला का शुभारंभ

**काशीपुर।** पायते वाली रामलीला का शुभारंभ बीती रात वैदिक मंत्रोच्चार और हवन पूजन के साथ महापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, कांग्रेस नेत्री इंदुमान और अलका पाल ने किया। महापौर दीपक बाली ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को भी रामलीला का प्रत्यक्ष अनुभव कराना जरूरी है ताकि वे इसके आदर्शों से जुड़ सकें अत: हम सभी लोग अपने-अपने परिवारों के साथ कम से कम दो-चार बार तो आकर रामलीला मंचन देखें ताकि हमारे बच्चों में भी अच्छे संस्कार आए। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि रामलीला का अर्थ भगवान राम के जीवन से जुड़ी शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाना है। शुभारंभ अवसर पर खिलेंद्र चौधरी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, प्रबंधक महेश अग्रवाल, राजेंद्र मेहरोत्रा, विकास पंडा, मनोज अग्रवाल, चौधरी समरपाल सिंह, विमल गुड़िया, अजय अग्रवाल, जितेंद्र सरस्वती थे।

# कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांकः– 769 / सूचना / नाम परि0 / कर–अनु0 / न0नि0रूड़की / 2025–26 दिनांकः 19 / 09 / 2025

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखों में नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण / नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक / क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व / अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 503(1) / 17A गणेशपुर | श्री विनीत कुमार सैनी पुत्र श्री राधेश्याम सैनी | श्री पूरनचन्द सैनी पुत्र स्व0 तेल्लूराम सैनी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 2 | 639, आदर्शनगर | श्री तुला सिंह पुत्र स्व0 मोहन सिंह | श्री मोहन सिंह पुत्र चन्दन सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 3 | 141 / 1, गणेशपुर | श्रीमति रीना देवी पत्नि श्री रविन्द्र कुमार | श्रीमति सीमा पत्नि श्री विवेक सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 4 | 342, नेहरूनगर | श्री मनोज कुमार पुत्र स्व0 जयपाल सिंह | श्रीमति संतोश देवी पत्नि स्व0 जयपाल सिंह | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 5 | 1456, चावमण्डी | श्रीमति प्रतिमा शर्मा पत्नि श्री अवधेश कुमार शर्मा | श्री अवधेश शर्मा पुत्र श्री गागचन्द शर्मा | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 6 | 83 / 12, सिविल लाईन | श्री विनोद कुमार पुत्र श्री जगन्नाथ व अभिशेक गुप्ता पुत्र श्री चुन्नी लाल | श्री पंकज कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 चन्द्र गोपाल अग्रवाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 7 | 501, सिविल लाईन | श्रीमति शीतल वर्मा पत्नि श्री रामकुमार वर्मा | श्री धनप्रकाश पुत्र श्री लच्छीराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 8 | 501, सिविल लाईन | श्रीमति सुनीता वर्मा पत्नि श्री राजकुमार वर्मा | श्री धनप्रकाश पुत्र श्री लच्छीराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 9 | 152, नेहरूनगर | श्री सक्षम व हर्षिल पुत्रगण श्री संदीप अरोरा | श्री प्राणनाथ दुआ पुत्र स्व0 चमन लाल दुआ | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 10 | 1535, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 श्री गिरधारी लाल तनेजा | श्रीमति स्वाती ठकराल पत्नि श्री रविन्द कुमार ठकराल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 11 | 1270, चावमण्डी | श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 श्री गिरधारी लाल तनेजा | श्रीमति राजलक्ष्मी व सुबोध कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री बूलचन्द | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 12 | 247 / 1, राजपूताना पश्चिमी के जुज भाग में | श्री अनुज गुप्ता पुत्र श्री राजकुमार गुप्ता | श्री विजय सिंह राणा पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह राणा व श्री बिजेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री जोहर सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 13 | 247 / 1, राजपूताना पश्चिमी के जुज भाग में | श्रीमति सुमित्रा पत्नि श्री विजय षंकर गांधी | श्री विजय सिंह राणा पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह राणा व श्री बिजेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री जोहर सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 14 | 67, अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति पारूल गर्ग पत्नि श्री अंकुश गर्ग | श्री विनोद कुमार पुत्र जनारदन प्रसाद वर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 15 | 70(1), अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति पारूल गर्ग पत्नि श्री अंकित कुमार | श्रीमति मधु सिंघल पत्नि श्री योगेश कुमार सिंघल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 16 | 25 / 1, रामनगर | श्रीमति यशु जनवाणी पत्नि श्री राम नरेश जनवाणी व श्रीमति प्रियंका पिटकारिया पत्नि श्री धीरज जनवाणी | श्री प्रवीण कुमार पुत्र स्व0 श्री पंजूराम व श्रीमति सुषमा आर्य पत्नि श्री प्रवीण कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 17 | 677, रामनगर के जुज भाग | श्री प्रवीन कुमार पुत्र स्व0 श्री ब्रहम दत्त शर्मा | श्रीमति अविनाश रानी पत्नि स्व0 श्री ब्रहम दत्त शर्मा | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 18 | 1467 / 5, सिविल लाईन | श्रीमति अनिता वर्मा पत्नि श्री ओम प्रकाश वर्मा | श्री ओम प्रकाश वर्मा पुत्र स्व0 श्री बारूमल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 19 | 1523, चावमण्डी | श्री अरूण कुमार शर्मा पुत्र स्व0 श्री सत्य प्रकाष शर्मा | श्री सत्य प्रकाश शर्मा पुत्र स्व0 श्री राजाराम शर्मा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 20 | 496, रामनगर | श्री डा0 सुधीर चौधरी पुत्र श्री एन0के0 चौधरी (नरेन्द्र कुमार चौधरी) | श्री नरेन्द्र कुमार (एन0 के0 चौधरी पुत्र श्री बलवन्त राय | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 21 | 1125, गणेशपुर | श्रीमति शिल्पी सिंह पत्नि श्री देव सिंह | श्रीमति किरान्ती पत्नि श्री दीप सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 22 | 235, आदर्शनगर | श्रीमति अल्का रानी पत्नि श्री विजय कुमार | श्रीमति सोमवती पत्नि श्री ब्रज कुमार कुश | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 23 | 652, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री हिमांशु सिंह पुण्डीर पुत्र स्व0 श्री पदम सिंह पुण्डीर | श्री पदम सिंह पुण्डीर पुत्र श्री नत्थू सिंह पुण्डीर | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 24 | 79(5), सिविल लाईन | श्री एल0 टी0 डी0 ब्रॉन्च रूडकी सी / ओ श्रीमति मिनाक्षी गोस्वामी पुत्री श्री भागवत गिरी पत्नि स्व0 इन्दु भूषण गोस्वामी | श्री एल0 टी0 डी0 ब्रॉन्च रूडकी सी / ओ श्री निवास गिरी पुत्र श्री धनराज गिरी | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 25 | 107, सिविल लाईन | श्रीमति शान्ति देवी पत्नि स्व0 डेविड सिंह | श्री डेविड आर सिंह पुत्र स्व0 श्री राम सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 26 | 980 / 2, गणेशपुर | श्रीमति सिमरन वर्मा पत्नि श्री नितिश वर्मा | श्रीमति सुमन सिह पत्नि श्री राम सिह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 27 | 1015 / 3 (3), रामनगर | श्री राजेश चौपडा पुत्र श्री सतीश कुमार | श्री चंदा श्री निवासा राव पुत्र स्व0 श्री येल्नया व श्रीमति रत्नामाला पत्नि श्री चंदा श्री निवासा राव | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 28 | 370, पूर्वीदीन दयाल | श्री अनुज कुमार कंसल पुत्र श्री नानक चन्द कंसल | श्री कमल सिंह गोतयान पुत्र श्री मोतीराम व श्रीमति उर्मिला पत्नि श्री कमल सिंह गोतयान | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 29 | 127, गणेशपुर | श्री अनिल कुमार पुत्र श्री ताराचन्द | श्री हरबीर सिंह मलिक पुत्र श्री दयाराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 30 | 886, रामनगर | श्रीमति पूनम अरोडा पत्नि स्व0 श्री प्रदीप कुमार अरोडा | श्री प्रदीप अरोडा पुत्र श्री बस्ती राम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 31 | 325, आवास विकास | श्री प्रवीण कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री जगदीष प्रसाद गुप्ता | श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व0 श्री सेवाराम गुप्ता व श्रीमति उशा गुप्ता पत्नि स्व0 श्री जगदीश प्रसाद | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 32 | 1241, रामनगर | श्रीमति स्नेहलता पुत्री श्री मामचन्द शर्मा पत्नि श्री सुन्दर लाल षर्मा | श्री संदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री मामचन्द शर्मा | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 33 | 127, रामनगर | श्री राजीव अरोरा पुत्र स्व0 श्री राम किशन अरोरा | श्री राम किशन अरोड़ा पुत्र टेक चंद अरोड़ा | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 34 | 176 / 2, पठानपुरा | श्रीमति नजमा खान पत्नि श्री रिफाकत खान | श्रीमति रूखसाना पत्नि श्री जमशेद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 35 | 682 / 10ए, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री नरेश कुमार पुत्र स्व0 आत्माराम | श्री सुभाष आनंद पुत्र स्व0 ओम प्रकाश आनंद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 36 | 187, चावमण्डी | श्री नरेश कुमार पुत्र स्व0 श्री किशन सिंह | श्री किशन सिंह पुत्र स्व0 केहर सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 37 | 155, रामनगर | श्री संजीव अरोरा पुत्र स्व0 श्री केसर दास अरोडा | श्री केसर दास पुत्र गणेश दास | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 38 | 117(3), सिविल लाईन | नीरज अग्रवाल पुत्र विरेन्द्र कुमार अग्रवाल वनीरू अग्रवाल पत्नि श्री नीरज अग्रवाल | श्री राकेश कुमार पुत्र श्री जय प्रकाश | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 39 | 516, सिविल लाईन | श्रीमति मनु गोयल पत्नि श्री गोपाल कृष्ण गोयल | श्रीमति पूनम आहुजा पत्नि श्री सुरेश चन्द | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 40 | 1628, 1628(1), सिविल लाईन | श्रीमति शिवानी राठी पत्नि श्री नीटू सिंह | श्री सुरेश चन्द जैन पुत्र श्री दीपचन्द जैन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 41 | 183, चावमण्डी | श्री महेश वर्मा व राजीव वर्मा पुत्रगण स्व0 कृष्णचन्द वर्मा | श्री कृष्णचन्द वर्मा पुत्र मित्तर सैन वर्मा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, |
| 42 | 756, गणेशपुर | श्रीमति अंजली पत्नि श्री योगेन्द्र | श्री सुरेन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री लच्छमन सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 43 | 369 / 1, रामनगर | श्रीमति निर्मल गुप्ता पत्नि स्व0 श्री बलवन्त प्रसाद गुप्ता | श्री समीर गुप्ता पुत्र श्री बलवन्त गुप्ता | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 44 | 13, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद | श्रीमति ममता वर्मा पत्नि श्री अनिल कुमार वर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 45 | 597, सत्ती | मौ0 शिराज पुत्र मौ0 अरशद व फराज पुत्र मौ0 अरशद | मौ0 अरशद पुत्र नवाब अली | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 46 | 886 / 1, चावमण्डी | श्रीमति तरूणा पत्नि श्री केतन धामा | श्री प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 उग्रसैन गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 47 | 348, सिविल लाईन | श्रीमति मुक्ता साहनी पत्नि श्री चुन्नी लाल साहनी | श्री के0 एल0 चडढा पुत्र श्री लददाराम | शपथ–पत्र, वसीयत |
| 48 | 698 / 9ई सत्ती | श्री फरमान अली पुत्र श्री खुर्शीद अली | मौहम्मद वकील पुत्र मौ0 असगर | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 49 | 501, सिविल लाईन | मौहम्मद अकरम पुत्र श्री अब्दुल हलीम | श्री धनप्रकाश पुत्र श्री लच्छीराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 50 | 501, सिविल लाईन | श्री तौसीफ अहमद पुत्र श्री अकबर | श्री धनप्रकाश पुत्र श्री लच्छीराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 51 | 1609, गणेशपुर | श्री ज्योतिर शर्मा पुत्र श्री लवकुश शर्मा व श्रीमति नेहा शर्मा पत्नि श्री ज्योतिर शमा | श्री वीर सिंह पुत्र श्री टीकाराम व आलोक कुमार पुत्र डा0 वीर सिंह व नीतू सिंह पुत्री डा0 वीर सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 52 | 241(1–2), अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति सुमन रानी पत्नि श्री विजय कुमार | श्री मोहित कुमार गर्ग पुत्र स्व0 श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |

कर–लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर–अधीक्षक
नगर निगम रूड़की


# उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कारपोरेट आईडेन्टीटी न० UA40109UP2001SGC025867/2358
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून, दूरभाष : 0135-2763672-76, फैक्स : 0135-2760289, वेबसाईट : www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून Revamped Distribution Sector Scheme के अन्तर्गत स्काडा के कार्य हेतु ई – निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत् है :

| क्र० सं० | पैकेज संख्या | जनपद का नाम | स्थान | अनुमानित लागत (₹ लाख) | धरोहर राशि (₹ लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (₹) | आनलाइन एवं आफलाइन के माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं निविदा आनलाइन एवं आफलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाइन एवं आफलाईन निविदा भाग–एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | निविदा विशिष्टीकरण संख्या सीसीपी. - I/ 13 / 2025-2026 | | | | | | | | |
| 1 | एच | देहरादून एवं हरिद्वार | देहरादून, ऋषिकेश एवं हरिद्वार | 5876.63 | 117.53 | 29,500.00 | 30–9–2025 को 11:30 बजे विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन कॉवली रोड, देहरादून | 15.10.2025 को 17:00 बजे तक | 16.10.2025 के 15:30 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें ।

No.544/EE(CM)/UPCL/A-2/Dated : 19/09/2025

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय - प्रथम)

'राष्ट्र हित में बिजली बचायें (टोल फ्री न० 1800 419 0405 पर दें)
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाऐं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 1800 180 4185 पर दें)


# वह सिर्फ संदेशवाहक थेः एंडी



- पाकिस्तान को टॉस से 4 मिनट पहले बताया, हाथ नहीं मिलाएगी टीम इंडिया

**दुबई, वार्ता।** 2025 एशिया कप को लगभग पटरी से उतारने वाले विवाद के केंद्र में रहे आईसीसी मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को 14 सितम्बर को भारत–पाकिस्तान मैच के टॉस से कुछ मिनट पहले ही बताया गया था कि दोनों कप्तान हाथ नहीं मिलाएंगे। उस समय, उन्होंने खुद को निर्देश देने के बजाय संदेश देने वाला समझा।

इसके बाद, पीसीबी ने पाइक्रॉफ्ट के खिलाफ़ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर आईसीसी के नियमों और क्रिकेट भावना का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया और उन्हें टूर्नामेंट से हटाने की मांग की गई। 14 और 17 सितम्बर को पाकिस्तान द्वारा खेले गए दो मैचों के दौरान हुई घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी सामने आने लगी है। मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक अधिकारी के अनुसार, यह विवाद रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच में 'टॉस से चार मिनट पहले' शुरू हुआ। जैसे ही पाइक्रॉफ्ट मैदान पर पहुंचे, उन्हें एसीसी स्थल प्रबंधक ने बताया कि बीसीसीआई ने उन्हें–भारत सरकार की अनुमति से – सूचित कर दिया है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और सलमान आगा के बीच हैंडशेक नहीं होगा। पीसीबी अधिकारियों ने तर्क दिया कि पाइक्रॉफ्ट को इस असामान्य अनुरोध के बारे में आईसीसी को सूचित करना चाहिए था। ऐसा माना जा रहा है कि पाइक्रॉफ्ट ने कहा कि उनके पास ऐसा करने का समय नहीं था। अगर पर्याप्त समय होता, तो वह आईसीसी से सलाह लेते। इसके बजाय, टॉस से कुछ क्षण पहले, उन्होंने आग़ा को स्थिति के बारे में बताया, यह सोचकर कि अगर आग़ा सूर्यकुमार से हाथ मिलाने गए, तो वह सार्वजनिक रूप से शर्मनाक स्थिति उत्पन्न होने से बचा रहे थे। पाइक्रॉफ्ट के इस फ़ैसले को आईसीसी ने किसी भी समय आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा, बल्कि एक ऐसी कार्रवाई के रूप में देखा, जो उन्हें खेल के प्रबंधन के लिए नियुक्त एक मैच अधिकारी के रूप में अपने अधिकार क्षेत्र में करने के लिए अधिकृत किया गया था। यह मुद्दा बुधवार को तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान के यूएई के खिलाफ होने वाले जरूरी मैच को लेकर अनिश्चितता के बादल छा गए और पीसीबी ने धमकी दी कि अगर इस मैच के लिए चुने गए पाइक्रॉफ्ट की जगह कोई और मैच रेफरी नियुक्त नहीं किया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। पाइक्रॉफ्ट और पाकिस्तानी टीम के शीर्ष अधिक. ारियों के बीच आनन–फानन में हुई एक स्पष्ट बैठक के बाद आखिरकार एक घंटे की देरी के बाद मैच शुरू हुआ। पीसीबीने एक बयान में दावा किया कि पाइक्रॉफ्ट ने ष्पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगी है, हालांकि स्थिति से परिचित सूत्रों का कहना है कि यह माफी नहीं थी।


## कार्यालय जिला पर्यटन विकास अधिकारी, पिथौरागढ़

पत्रांक-872/सा0पर्य0/2025-26 दिनांक: 19 सितम्बर 2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण इच्छुक फर्म/व्यक्ति को सूचित किया जाता है, कि हाई एल्टीट्यूड मैराथन दौड़ हेतु जनपद पिथौरागढ़ के स्थल गुंजी में दिनांक 28 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2025 तक लगभग 150 व्यक्तियों हेतु आवास, भोजन एवं जनरेटर की व्यवस्था करायी जानी है। आवासीय व्यवस्था हेतु एक अस्थायी टैण्ट कालोनी तैयार की जानी है, टैण्ट में मैट्रस, स्लीपिंग बैग एवं पिलो की व्यवस्था भी की जानी होगी, टैण्ट वाटर प्रुफ एवं उच्च गुणवत्तायुक्त होने अनिवार्य हैं जिस हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जा रही है।

| क0सं0 | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 01 | अ– हाई एल्टीटयूड मैराथन दौड़ हेतु जनपद पिथौरागढ के स्थल गुंजी में दिनांक 28 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2025 तक वाटर प्रुफ एवं उच्च गुणवत्तायुक्त टैण्ट कालोनी के माध्यम से लगभग 150 व्यक्तियों हेतु आवासीय व्यवस्था।<br>1– 02 मैन टैण्ट मय टायलेट एवं बाथ कुल संख्या 15 नग<br>2– 04 मैन टैण्ट मय टायलेट एवं बाथ कुल संख्या 15 नग<br>3– 04 मैन टैण्ट कुल संख्या 15 नग<br>नोट– लगाये जाने वाले टैण्टों की संख्या में कमी/ वृद्धि हो सकती है।<br>ब– लगभग 150 व्यक्तियों हेतु भोजन की व्यवस्था। |

निविदा प्रपत्र दिनाँक 20 सितम्बर 2025 को प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को प्रात: 11:00 बजे तक जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ़ से प्राप्त किए जा सकते है। सीलबन्द निविदाएं पर्यटन कार्यालय में दिनांक 04 अक्टूबर 2025 की मध्यान 12:00 तक जमा की जा सकती हैं, प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपरान्ह 1:00 बजे समिति के सम्मुख खोला जायेगा, निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त कार्य हेतु तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफों में प्रेषित की जानी होगी। तकनीकी निविदा में सफल हुए निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा, निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु उपरोक्तानुसार किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय, पिथौरागढ में सम्पर्क किया जा सकता है।

(कीर्ति चन्द्र आर्य)
जिला पर्यटन विकास अधिकारी,
पिथौरागढ ।


# भारतीय महिला टीम घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने उतरेगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले निर्णायक मुकाबले में घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी । एलिसा हीली की कप्तान वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पलटवार करना चाहेगी।

स्मृति मंधाना ने शानदार फॉर्म में चल रही है और उन्होंने पिछले मैच में 77 गेंदों में 117 रनों की पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और ढूंढे कर रन बटोरे। दीप्ति शर्मा ने 40 रनों की शानदार पारी खेली और भारत ने 292 रन बनाए। डार्सी ब्राउन ने तीन विकेट लेकर कड़ी मेहनत की, लेकिन मंधाना की पारी का कोई जवाब नहीं था। मंधाना ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले तीन एकदिवसीय मैचों में दो शतक और एक अर्द्धशतक बनाए है।

वह वो खिलाड़ी हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया शुरुआत में आउट करना चाहेगा। हरमनप्रीत कौर की टीम उसी एकादश पर भरोसा बनाए रखेगी, जेमिमा रोड्रिग्स की उपलब्धता पर ही सवालिया निशान है। प्रतीका रावल, हरलीन देओल, ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा टीम में गहराई लाएंगी, जबकि राणा, राधा और क्रांति गेंदबाजी में रेणुका का साथ देंगी। भारतीय गेंदबाजों की बात की जाये तो रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरुआत में ही शानदार प्रदर्शन किया, क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लेकर कमाल कर दिया, और स्पिनरों स्नेह राणा, राधा यादव और दीप्ति शर्मा ने दबाव बनाया। ऑस्ट्रेलिया 190 रनों पर ढेर हो गया।

यह एकदिवसीय इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार थी, और 13 मैचों की उनकी जीत का सिलसिला भी टूट गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभी कम मत आंकना चाहिए। एलिसा हीली की टीम लगातार दो मैच शायद ही कभी गंवाती है। अगर फोबे लिचफील्ड वापसी करती हैं, तो एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड और हमेशा खतरनाक एश्ले गार्डनर के साथ शीर्ष क्रम मजबूत नज़र आता है। उनकी गेंदबाजी में अभी भी दम है।

### एसएसपी व मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने कलियर में किया

# थाने की चयनित भूमि का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीरान कलियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी हरिद्वार के आदेशों के अनुपालन में आज फायर स्टेशन रुड़की की टीम ने पिरान कलियर क्षेत्र का दौरा किया।

अग्निशमन अधिकारी रुड़की वंश नारायण यादव के नेतृत्व में पेयजल निर्माण निगम के अभियंता तथा थाना पिरान कलियर से हेड कांस्टेबल रविंद्र बालियान ने संयुक्त रूप से प्रस्तावित फायर स्टेशन एवं थाना पिरान कलियर के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन अधिकारी द्वारा पेयजल निगम अभियंता के साथ आवासीय भवन, गैराज, कार्यालय भवन एवं स्टोर आदि के निर्माण संबंधी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि भूमि चयन एवं निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय क्षेत्र को बेहतर अग्निशमन सेवाएं व पुलिस



व्यवस्था प्राप्त होगी, जिससे जनता को काफी सुविधा मिलेगी।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत

# लक्सर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत लक्सर नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने कस्बे में सफाई अभियान चलाकर लोगों को भी जागरूक किया ।

स्वच्छता पखवाड़े को लेकर नगर पालिका परिषद के अधि कारी कर्मचारी पूरी तरह गंभीर हैं वह स्वच्छता अभियान के तहत जहां कस्बे में जन जागरूकता अभियान चलाकर रेली निकल जनता को जागरूक कर रहे हैं वह खुद हाथों में झाड़ू लेकर सफाई भी कर रहे हैं । साथ ही कस्बे के लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं की कसबे की सफाई रखने में नगर पालिका का सहयोग करें सूखा व गीला कूड़ा अलग से रखें नगर पालिका की गाड़ी जब गली मोहल्ला में आए तो उसमें ही कूड़ा डालें सड़कों पर गंदगी ना फैलाएं श । आज नगर पालिका लक्सर द्वारा जिलाधिकारी हरिद्वार के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्वच्छता की प्रति जागरूकता हेतु रैली निकल गई



तथा सफाई कर्मचारियों के साथ स्वच्छता की शपथ ली गई जिसमें नगरपालिका के समस्त कर्मचारीगण एवं पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# थानाध्यक्ष ने सर्राफा दुकानदारों से की वार्ता, सीसीटीवी लगाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को थाना अध्यक्ष द्वारा कस्बे में स्थित सर्राफा की दुकान करने वाले दुकानदारों की बैठक लेकर सभी को अपनी अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ-साथ सतर्क रहने को कहा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि आगामी त्योहारी सीजन दशहरा व दीपावली आदि त्योहारों का ध्यान रखते हुए शुक्रवार को कस्बे में स्थित सर्राफा की दुकान करने वाले दुकानदारों की थाने में बैठक ली गई। बैठक में दुकानदारों से कहा गया है कि दशहरा व दीपावली तथा भैया दूज आदि त्योहारों पर सर्राफा की दुकानों पर सोने चांदी के आभूषण खरीदने वालों की अधिक भीड़ रहती है। दुकानदारों पर ग्राहकों की अधिक भीड़ होने से किसी भी दुकानदार का कोई नुकसान ना हो। सुरक्षा की दृष्टिगत सभी दुकानदार अपनी-अपने दुकानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवा ले। थानाध्यक्ष अजय शाह ने यह भी कहा कि दुकान या आसपास बाजार में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर बिना देर किए पुलिस को सूचना दें। दुकान को अधिक देर रात तक ना खोलें तथा समय पर दुकान बंद करने के बाद घर जाते समय पैसे व अन्य सामान को सुरक्षित तथा सतर्क होकर ले कर जाए।

# 73 पव्वे देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लखनोता देवबंद मार्ग ग्राम गोकुलपुर के पास उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश सीमा पर पुलिस चेकिंग के दौरान गुरुवार देर शाम एक व्यक्ति को 73 देसी शराब के पववो के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि गुरुवार देर शाम पुलिस लखनौता देवबंद मार्ग पर ग्राम गोकुलपुर के पास चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। चेकिंग करते समय देवबंद की ओर से एक व्यक्ति बाइक पर आया तथा पुलिस को देखकर वह वापस मुड़ने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे वापस मुड़ने का प्रयास करते देख उसे दबोच लिया तथा तलाशी लेने पर बाइक के पीछे प्लास्टिक के कट्टे से 73 देसी शराब के पववे बरामद किए गए। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम विकास कुमार ग्राम कोटवाल आलमपुर निवासी बताया। उक्त ने बताया कि वह काफी समय से उत्तर प्रदेश से शराब लाकर गांव में बेचने का काम कर रहा है। पुलिस ने उक्त की बाइक कब्जे में लेकर उक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया है।

# पुलिस ने दो चोर दबोचे, नलकूप से चोरी हुआ सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** काफी समय से किसानों के लिए सर दर्द बने विद्युत मोटर चोरों को पुलिस द्वारा शुक्रवार सुबह कस्बे के अमर जवान चौक से कुछ आगे सहारनपुर मार्ग से दो चोरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे दोनों चोरी किया जनरेटर का अल्टीनेटर विद्युत स्टार तथा इनवर्टर की बैटरी को एक बाइक रेहडी में रख कर कहीं बेचने जा रहे थे। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि काफी समय से कस्बा व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के किसानों द्वारा उनके खेतों में लगे नलकूपों से विद्युत उपकरण चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई जा रही थी। 17 सितंबर को भी कस्बा निवासी संजीव सैनी तथा ग्राम भक्तों वाले निवासी शाहिद द्वारा अपने नलकूपों से विद्युत मोटर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने नलकूपों से विद्युत उपकरण चोरी करने वालों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। शुक्रवार तडके सूचना मिलने पर कस्बे में स्थित अमर जवान चौक से कुछ आगे सहारनपुर मार्ग पर बाइक रेहडी में विद्युत अल्टीनेटर तथा विद्युत स्टाररटर व इनवर्टर की बैटरी लाते हुए दो व्यक्तियों को दबोच लिया। पूछताछ करने पर पकड़े गए दोनों चोरों ने अपना नाम अंकुश पुत्र महेंद्र आलोक पुत्र रूप सिंह निवासी ओलावलपुर थाना भगवानपुर बताया। दोनों के कब्जे से चोरी किया गया सामान विद्युत जनरेटर का अल्टीनेटर एक विद्युत स्टारटर तथा इनवर्टर की बैटरी बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए उक्त दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किए गए हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय शाह सी रविंद्र कुमार सी जय सिंह राणा कांस्टेबल मुकेश कुमार देवेश कुमार शामिल रहे।

# मधुमक्खियां का राहगीरों पर हमला, 20 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** गुरुकुल-झबरेड़ा मार्ग कस्बे से कुछ आगे स्थिति एक आम के बाग मैं स्थित आम के पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छतते से काफी संख्या में मधुमक्खीयो ने उड़ कर सड़क पर आने जाने वाले लोगों पर हमला बोलकर उन्हें घायल कर दिया। मधुमक्खियो के हमले से लगभग 20 लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे से कुछ आगे गुरुकुल मार्ग पर सड़क किनारे एक आम का बाग है। शुक्रवार दोपहर को उक्त आम के बाग में स्थित एक पेड़ पर लगे मधुमक्खियो के छतते से काफी संख्या में मधुमक्खियो ने उड़कर सड़क से आने जाने वालों पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियो के अचानक हुए हमले से वहां से बाइक पर आने जाने वाले लगभग 20 लोग घायल हो गए। मधमक्खियो का हमला देख सड़क पर दोनोंओर लगभग 1 घंटे तक वहां से आने जाने वाले लोग दोनों रुके रहे। मधुमक्खियां के जाने के बाद ही वहां से आवाजाही शुरू हो सकी।

# गन्ना समिति कर्मचारी का तबादला होने पर किसान संघ का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** गन्ना समिति में कर्मचारी का ट्रांसफर अचानक हो जाने से किसान संघ आज बाबूलाल हो गया है और उसने सोसाइटी में धरना शुरू कर दिया है जब तक कर्मचारि महेश सिंह का ट्रांसफर नहीं रोका जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा किसान संघ के नेताओं के द्वारा बताया गया कि हमारे यहां सोसाइटी में एक कर्मचारी महक सिंह है उसका ट्रांसफर लिब्भारेडी शुगर मिल में कर दिया गया था जब हमें पता लगा मामला क्या है तो बगैर वजह के ही कर्मचारी का ट्रांसफर कर दिया गया जो गलत है उन्होंने कहा अगर कर्मचारी महक सिंह का ट्रांसफर नहीं रोका गया तो हमारा धरना लगाता जारी रहेगा उन्होंने यह भी कहा कि कल सोसाइटी में तालाबंदी होगी और सड़क पर भी आकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा उन्होंने कहा जिनके कहने से महक सिंह का ट्रांसफर किया गया है वह तो सोसाइटी में आए भी नहीं



मैं गन्ना सचिव सूरजभान ने कहा कि मामला कोई इतना बड़ा नहीं था जिसको तूल दे दिया गया मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर ही संबंधित बड़े अधिकारी अपनी कार्यवाही करेंगे।

# अवैध चाकू के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधीयो संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 18 सितंबर 2025 को एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम पंकज पुत्र विनोद निवासी किला प्रक्षितगढ़ थाना किला मेरठ उत्तर प्रदेश उम्र 26 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार कांस्टेबल महेंद्र सिंह होमगार्ड रजनीश शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुलिस ने एक वारंटी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओं को सत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूं से गिरफ्तार किया गया जिसका नाम साहिल उर्फ मुकीश अहमद उर्फ भूरा पुत्र नफीस अहमद निवासी पट्टी यकी मोहम्मद कस्बा सहसवान कोतवाली सहसवान जिला बदायूं उत्तर प्रदेश उम्र 28 वर्ष है उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल महेंद्र सिंह होमगार्ड रजनीश शामिल रहे पकड़े गए वारंटी को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए वारंटी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लंढौरा नपं ने सरकारी जमीनों पर लगाए बोर्ड

## अवैध कब्जा धारकों को दिए जाएंगे नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबलंढौरा।** जिला अधिकारी के आदेश पर तहसील व नगर पंचायत प्रशासन ने सरकारी जमीनों पर अपनी सम्पत्ति होने का दावा करते हुए बोर्ड लगाए इसके अलावा नगर पंचायत सरकारी जमीनों पर अवैध रुप से काबिज लोगों को 15 दिन के भीतर भूमि खाली करने को लेकर नोटिस देने की भी तैयारी कर रही है। तहसील व नगर पंचायत की इस कार्रवाई से दिनभर अवैध कब्जा धारकों में हडकंप मचा रहा।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने गत माह सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित कर एक माह के भीतर जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने के आदेश राजस्व और पंचायती राज विभाग के अधि कारियों को दिए थे। जिलाधिकारी के आदेशों का पालन करते हुए विगत दिनों तहसील व नगर पंचायत प्रशासन ने सरकारी जमीनों को चिन्हित कर निशानदेही की कार्रवाई




की थी। शुक्रवार को तहसील व नगर पंचायत प्रशासन ने सरकारी जमीनों को नगर पंचायत की सम्पत्ति होने का दावा करते हुए बोर्ड लगाए अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता ने बताया कि साजिद पुत्र इरशाद निवासी थिथौला, जावेद पुत्र साबिर निवासी जबरदस्तपुर, जहांगीर पुत्र फकीरा, सईद अहमद, मौ० इरशाद, इसरार पुत्रगण अकबर द्वारा जोहड़, नवीन परती व चारागाह जमीन पर अवैध रुप से कब्जा किया गया है। फिलहाल तहसील प्रशासन व नगर पंचायत द्वारा खसरा नंबर 32, 59, 94, 499 पर बोर्ड लगाए गए हैं। इसके अलावा नगर पंचायत अवैध कब्जा धारकों को सरकारी जमीनों से स्वयं कब्जा हटाने या दस्तावेज दिखाने के संबंध में नोटिस जारी कर 15 दिन का समय देगी। समय अवधि बीत जाने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कानूगों आदेश कुमार, लेखपाल संजय चौहान, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, लिपिक अब्दुल रहमान, राहुल पाल, गुंतजिर आदि लोग मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी पुत्री प्रतिष्ठा तिवारी के जन्म प्रमाण पत्र मैं मेरा नाम रतेंद्र कुमार तिवारी दर्ज हो गया था जो गलत है मेरा असली नाम रतेंद्र कुमार है जो सही है आज के बाद मुझे रतेंद्र कुमार के नाम से ही जाना पहचाना समझा पढ़ा लिखा जाए।

**रतेंद्र कुमार पुत्र स्व: सदानन्द तिवारी नि. टी-27 ए रेलवे कॉलोनी लक्सर, हरिद्वार।**

**नाम परिवर्तन-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे परिवार रजिस्टर में मेरी पत्नी का नाम उपासना व जन्मतिथि में 1993 दर्ज है जो गलत है मेरी पत्नी का असली नाम उर्मिला देवी व सही जन्मतिथि 01.05.1996 है आज के बाद मेरी पत्नी को उपरोक्त नाम व जन्मतिथि से जाना पहचाना व दर्ज किया जाए।

**अमरपाल पुत्र स्व: लाल सिंह नि. ब्रहमपुर ग्राम सभा खानपुर ब्रहमपुर तह व थाना लक्सर, हरिद्वार।**

# पुलिस ने एक आरोपी को मांस के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस ने छापा मारकर गन्ने के खेत से एक आरोपी को प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपी मौका पाकर भाग निकले। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया है।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के लाठरदेवा गांव में पशु कटान की शिकायत मिली थी लेकिन आरोपी रात के समय गन्ने के खेतों में इस गैर कानूनी कृत्य को अंजाम देते आ रहे थे। बुधवार रात को पुलिस व गो स्क्वॉड ने गन्ने के एक खेत में मुखबिर की सूचना पर छापा मारा।

इस दौरान पशु कटान कर रहे एक व्यक्ति को मौके से प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार कर लिया। अन्य छह सात साथी फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 190 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया। पुलिस ने मांस को जमीन में गड्ढा खुदवाकर नष्ट करवा दिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम साजिद निवासी लाठरदेवा शेख बताया है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरकारी पैसे की वसूली में जुटा भगवानपुर तहसील प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** सरकारी बकाया वसूली को लेकर भगवानपुर तहसील प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है बकायादारो को घर दबिस देकर उनसे वसूली की जा रही है शुक्रवार को भी भगवानपुर तहसील प्रशासन ने कई गांव में बकायदारों के यहां देबिस देकर करीब 25000 रुपए की वसूली कीकुछ बकायदार घर पर नहीं मिले लेकिन जल्द ही बकायदरो से वसूली की जाएगी। नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता नेबताया किउप अधिकारी महोदय भगवानपुर के आदेश के अनुपालन में संग्रह अमीनो के साथ सरकारी पैसे की वसूली हेतु महड चौक सिकंदरपुर में बकायादार नितिन एवं ग्राम बालेकी यूसुफपुर में बकायादार जावेद एवं ग्राम नदीजप आलापुर में बकायादार बाबूराम के यहां दबिश दी गई जिसमें सरकारी पैसा 25000 वसूल किया गया।

### रामनगर में भव्य रामलीला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# विधायक बत्रा व अधिवक्ता ममतेश शर्मा ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रामनगर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) द्वारा आयोजित भव्य रामलीला महोत्सव का शुभारंभ धार्मिक उल्लास और उत्सवमय वातावरण में हुआ। नगर विधायक प्रदीप बत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

उद्घाटन अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा "रामलीला हमारी सनातन संस्कृति और धार्मिक धरोहर का जीवंत प्रतीक है। यह केवल नाट्य मंचन नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और धर्म जैसे जीवन मूल्यों का संदेश देने वाला दिव्य आयोजन है। ऐसे महोत्सव हमारी युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और समाज में आस्था, नैतिकता व सद्भाव को बल प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए रामलीला की सफलता की मंगलकामनाएँ दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ममतेश शर्मा ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा रामलीला केवल



मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने का सशक्त अवसर है। ऐसे आयोजन हमारी धार्मिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं। रामलीला मैदान 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, महिलाएँ, युवा व बच्चे भारी संख्या में उपस्थित रहे और रामलीला मंचन का आनंद उठाया। धार्मिक आस्था और उत्साह से परिपूर्ण रामनगर की यह रामलीला न केवल क्षेत्र की पहचान है, बल्कि पूरे प्रदेश में अपने धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।

# हंस फाउंडेशन ने लगाया निशुल्क चिकित्सा कैंप, 140 लोगों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत सभासद ने हंस फाउंडेशन की ओर निशुल्क कैंप लगाया गया।जिसमें लोगो की आंखों की जांच की गई।

पिरान कलियर नगर पंचायत के वार्ड तीन में शुक्रवार को हंस फाउंडेशन बाहदराबाद की ओर से लगाए गए कैंप में करीब 140 लोंगो की आंखों की जांच की गई।साथ ही चश्मा और जरूरी दवाईयां भी दी गई।सभासद नाजिम त्यागी ने बताया कि उनके अनुरोध पर हंस फाउंडेशन की टीम ने कैम्प लगाया है। जिसमें डॉक्टर



मोहित चौहान, प्रमोद नोटियाल ने लोंगो की आंखों की जांच की। उन्होंने कहा कि वह समय समय पर इस तरह के कैंप लगवाते रहते है। सभी जनप्रतिनिधियों को भी इस तरह के कैंप लगवाने चाहिए ताकि लोंग इनका फायदा उठा सकें।इस मौके पर खलील,पप्पू, पीरजी,कल्लू त्यागी,रुकबान,जीशान,अजीम आदि मौजूद रहें।


## सम्पादकीय

शनिवार, 20 सितम्बर 2025

# सच्चाई आए सामने

शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग को फिर से घेरा है। एक्स वीडियो पर उन्होंने क्लिप शेयर की, केपशन में लिखा कि चार बजे उठो, छत्तीस सेकेंड में दो वोटर मिटाओ फिर सो जाओ, ऐसे भी हुई वोट चोरी। गुरुवार को भी अपनी एक प्रेस कान्फ्रेंस में वह चुनाव आयोग पर आरोप लगा चुके हैं तब उन्होंने कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं और अपनी बात को मजबूती प्रदान करने लिए उन्होंने कनार्टक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई। जहां तक बात चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया की है, वह केवल यह कहकर पल्ला झाड़ता दिखाई दे रहा है कि राहुल गांधी के आरोपों में कोई दम नहीं है। सरकार भी राहुल गांधी को इस पूरे मामले पर घेरती दिखाई दे रही है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कह भी डाला कि राहुल गांधी हताशा में हैं। वह कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जी की बात करेंगे। असल में शुक्रवार को राहुल गांधी ने कहा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश के जेन जी संविधान को बचाएंगे। लो. कतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे और मैं उनके साथ खड़ा हूं। भाजपा के नेता उनके इस बयान को उनके माओवादी होने के सबूत में पेश कर रहे हैं। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फणडवीस ने कहा भी कि यह वोट चोरी का मामला नहीं है राहुल का दिमाग चोरी हो गया है और जब किसी का दिमाग चोरी हो जाता है तो वह इसी तरह करता है। उन्होंने कहा कि राहुल की देश के संविधान के प्रति आस्था नहीं है। वह सारी व्यवस्था को नकार रहे हैं और अब तो उन्हें शहरी माओवादी होने का सबूत भी दे दिया है। जाहिर है राजनीति में इस तरह की प्रतिक्रिया तो चलती रहती है, राहुल गांधी कितना सच कह रहे हैं कितना झूठ कह रहे हैं, यह अलग बहस का विषय हो सकता है और इसका पता भी जब चल सकता है, जब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि जांच की आवाज किधर से भी नहीं आ रही है। न तो चुनाव आयोग ही जनता को यह आश्वासन दे पा रहा है कि वह इस पूरे मामले की जांच करा पाएगा, वैसे होना यही चाहिए था कि अगर कहीं से गड़बड़ी की खबर आ रही है तो चुनाव आयोग को कहना चाहिए था कि वह इस सच का पता लगाएगा। ठीक उसी तरह सरकार को भी इस तरह के आरोपों पर चिंता जाहिर करनी चाहिए थी। लेकिन हो इसके उलट रहा है। चुनाव आयोग तमाम आरोपों को सिरे से ही नकार रहा है और केंद्र सरकार इस तरह की गड़बड़ी पर चिंता जाहिर करने के बजाए चुनाव आयोग का पूरी तरह बचाव करती दिखाई दे रही है बल्कि उससे भी आगे जाकर, इतना बचाव तो खुद चुनाव आयोग अपना नहीं कर पा रहा है। जाहिर है इस तरह के व्यवहार से जनता में एक गलत संदेश ही जाएगा और चुनाव आयोग की साख ही प्रभावित होगी। यह उस देश के लिए जरा भी ठीक नहीं है, जो दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला लो. कतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में मर्यादा व मूल्यों की बहुत गरिमा होती है। इसकी रक्षा होनी ही चाहिए।

## वीरता हथियार के आकार की बात नहीं



पाकिस्तान को लगता था कि अचानक किए गए आतंकी हमलों से हम डर जाएंगे, वो ये नहीं जानते कि भारत का हर सैनिक देश की एकता और अखंडता से समझौता नहीं कर सकता, पीएम मोदी ने ठान लिया था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना है, हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाने की ठानी, जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते, मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की बहादुरी ने आसल उत्तर की लड़ाई में अकेले ही पाकिस्तान के कई टैंकों को बर्बाद कर दिया था, हमारे बहादुर वीर अब्दुल हमीद ने हमें सिखाया कि वीरता हथियार के आकार की बात नहीं है, बल्कि दिल बड़ा होना चाहिए, जब पहलगाम हमला हुआ था, तो प्रधानमंत्री ने आतंकवादियों को सबक सिखाने का फैसला किया था।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# पीर अली खान: आजादी के इतिहास का अमर स्तम्भ



**वीरेश तरार**



1857 का संग्राम भारतीय स्वतंत्रता की पहली प्रचंड ज्वाला था। यह केवल सैनिकों का विद्रोह नहीं था, बल्कि जनता के हृदय में लंबे समय से धधक रही उस चिंगारी का विस्फोट था, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को पहली बार गहराई से हिला दिया। इस संग्राम में जहां मेरठ और दिल्ली से लेकर कानपुर, झांसी, बरेली, लखनऊ, अवध और पूरे उत्तर भारत के अनेक सेनानी अमर हुए, वहीं बिहार की धरती पर एक ऐसा नायक खड़ा हुआ, जिसकी शहादत आजादी के इतिहास का अमिट स्तंभ है। यह नायक थे पीर अली खान।

पीर अली खान का नाम हमारे इतिहास में उस वीरता और अदम्य साहस का प्रतीक है, जिसने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता की नींव मजबूत की, लेकिन दुखद यह है कि आजादी की उस लंबी लड़ाई के कई सच्चे नायकों की तरह पीर अली खान को भी इतिहास के पन्नों में वह स्थान नहीं मिला, जिसके वह अधिकारी थे। आज जब हम स्वतंत्र भारत की सांस लेते हैं और अपनी मातृभूमि की आजादी पर गर्व करते हैं, तब पीर अली खान जैसे बलिदानियों को याद करना न केवल आवश्यक है, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य भी है।

पीर अली खान का जन्म सन 1812 के आसपास माना जाता है। वह मूल रूप से एक साधारण परिवार से थे। जीविका के लिए उन्होंने पटना में किताबों की जिल्दबंदी और किताबों की दुकान का काम शुरू किया। उस समय किताबें केवल ज्ञान का साधन ही नहीं थीं, बल्कि विचारों और संदेशों का माध्यम भी थीं। पीर अली खान की दुकान पटना में किताबों के प्रेमियों के लिए एक सामान्य स्थल थी, लेकिन धीरे-धीरे यह दुकान अंग्रेजों के विरुद्ध गुप्त योजनाओं का केंद्र बनने लगी। किताबों की जिल्दों और पन्नों के बीच से वे स्वतंत्रता संग्राम के पर्चे, संदेश और गुप्त पत्र सिपाहियों और क्रांतिकारियों तक पहुंचाने लगे। उनके संपर्क डेनापुर छावनी के उन भारतीय सिपा. हियों से भी थे, जिनके मन में अंग्रेजों के प्रति असंतोष दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा था। जब मई 1857 में मेरठ से विद्रोह की चिंगारी फूटी और दिल्ली में बहादुरशाह जफर को सम्राट घोषित कर स्वतंत्रता का बिगुल बजा, तो इसकी गूंज पटना तक पहुंची। बिहार की धरती पहले से ही शोषण, अन्याय और अत्याचार से त्रस्त थी। किसानों और स्थानीय जनता से कठोर कर वसूली, अंग्रेज अधिकारियों की तानाशाही और उनके नस्लीय अहंकार ने जनता के मन में गहरा असंतोष पैदा कर दिया था। ऐसे माहौल में पीर अली खान जैसे साहसी और निडर व्यक्ति के लिए यह दुकान मात्र व्यवसाय नहीं रही, बल्कि स्वतंत्रता का गुप्त अड्डा बन गई। अंग्रेज प्रशासन की निगाहें बहुत जल्द उनकी गतिविधियों पर पड़ गईं। उन्हें शक था कि पीर अली खान केवल किताबें बेचने और जिल्दबंदी करने वाले नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को संदेश पहुंचाने वाले भी हैं। 4 जुलाई 1857 को अंग्रेजों ने पीर अली खान को उनके 33 साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कठोर यातनाएं दी गईं। उनसे बार-बार पूछा गया कि उनके साथ और कौन लोग जुड़े हुए हैं, किन सैनिकों से उनका संपर्क है, वे क्रांतिकारी पर्चे कहां से लाते हैं। लेकिन पीर अली खान ने किसी का नाम नहीं बताया। उन्होंने अपने साथियों के साथ विश्वासघात करने के बजाय अपने प्राण न्योछावर करना स्वीकार किया।

अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें डराने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए। उन्हें यह लालच भी दिया गया कि यदि वे अपने साथियों के नाम बता दें तो उन्हें क्षमा कर दिया जाएगा। लेकिन पीर अली खान अडिग रहे। उन्होंने कहा कि वे मरना पसंद करेंगे, पर अपने साथियों का भेद नहीं बताएंगे। यही उनका चरित्र था, यही उनकी सच्ची राष्ट्रभक्ति थी।

7 जुलाई 1857 को उन्हें फांसी की सजा दी गई। पटना के अंग्रेज कलेक्टर के आवास के सामने, सार्वजनिक रूप से, उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया गया। अंग्रेज चाहते थे कि जनता यह .श्य देखकर भयभीत हो, लेकिन परिणाम उल्टा हुआ। लोगों के मन में पीर अली खान के लिए श्रद्धा और अंग्रेजों के लिए घृणा और अधिक गहरी हो गई। उनकी निर्भीकता का यह आलम था कि अंतिम क्षणों में उन्होंने निर्भय स्वर में कहाकृहतुम मुझे फांसी दे सकते हो, लेकिन मेरे विचारों और मेरे साथियों की चेतना को नहीं मार सकते। यह वाक्य आज भी स्वतंत्रता की उस अमर भावना का प्रतीक है, जो किसी भी शक्ति से दबाई नहीं जा सकती। पीर अली खान की शहादत के बाद अंग्रेजों ने उनकी किताबों की दुकान और पुस्तकालय को तहस-नहस कर दिया। उनके सहयोगियों को भी कड़ी सजाएं दी गईं। लेकिन यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनकी फांसी ने पूरे पटना और बिहार में क्रांति की लहर को और तेज कर दिया। उनका बलिदान यह सिद्ध कर गया कि स्वतंत्रता केवल सिपाहियों की बंदूक का सपना नहीं था, बल्कि आम जनता के दिल की पुकार थी।

आज जब हम 1857 के संग्राम की चर्चा करते हैं, तो बहादुरशाह जफर, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, बेगम हजरत महल जैसे महान नाम सामने आते हैं। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि पीर अली खान जैसे वीर, जिन्होंने अपने लहू से स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया, उतनी प्रसिद्धि नहीं पा सके। जबकि उनका योगदान किसी भी तरह कमतर नहीं था। वे इतिहास के उस छिपे हुए पन्ने हैं, जिसे बार-बार पलटकर देखना चाहिए। यह भी विचारणीय है कि आज जब कभी मुस्लिम समाज की राष्ट्रभक्ति पर संदेह जताने की कोशिश की जाती है, तब हमें पीर अली खान की शहादत याद करनी चाहिए। उन्होंने यातनाएं झेलीं, पर अपने साथियों का नाम तक न बताया। उन्होंने राष्ट्रहित में अपने प्राणों का बलिदान दिया। वे इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण हैं कि भारत की आजादी की लड़ाई में हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग ने अपना योगदान दिया। पीर अली खान की शहादत इतिहास का वह आभूषण है, जिसे भुलाना हमारी आजादी की आत्मा को भुलाना होगा। आज पटना में जिस जगह उन्हें फांसी दी गई थी, वहां पीर अली पार्क उनकी स्मृति में मौजूद है। यह केवल एक स्मारक नहीं है, बल्कि यह गवाही है उस बलिदान की, जिसने स्वतंत्रता की नींव में अपनी जगह हमेशा के लिए बना ली। हर पीढ़ी को वहां जाकर यह समझना चाहिए कि आजादी का यह उपहार हमें सहज नहीं मिला, इसके पीछे पीर अली खान जैसे अनगिनत बलिदानियों की आहुति है।

पीर अली खान की गाथा हमें यह सिखाती है कि स्वतंत्रता का इतिहास केवल बड़े राजाओं और प्रसिद्ध सेनानियों का इतिहास नहीं है, बल्कि उन गुमनाम और अल्पज्ञात नायकों का भी इतिहास है, जिन्होंने अपने प्राण देकर आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्र भारत का स्वप्न सौंपा। यदि हम ऐसे नायकों को भूल गए, तो हम अपनी आजादी की जड़ों को भूल जाएंगे। इसलिए आज जब कोई भी किसी मुस्लिम की राष्ट्रभक्ति पर संदेह करने की को. शिश करे, तो हमें दस बार पीर अली खान का नाम स्मरण करना चाहिए। यह नाम हमें याद दिलाएगा कि भारत की आजादी की नींव में उनका लहू भी उतना ही शामिल है जितना किसी और का। यह नाम हमें यह भी याद दिलाएगा कि राष्ट्रभक्ति का कोई धर्म नहीं होता, यह केवल त्याग, बलिदान और निष्ठा से उपजती है। पीर अली खान का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास का अमर स्तंभ है। उनकी स्मृति हमारे राष्ट्रीय जीवन में सदैव प्रेरणा देती रहेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी गाथा केवल पटना के पार्क तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे देश की चेतना में अंकित हो। जब तक भारतवर्ष रहेगा, तब तक पीर अली खान की शहादत का गौरव भी जीवित रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रिश्ते में आ गई हैं दूरियां, कहां बिगड़ रही बात

**शितों में बढ़ती दूरियां बातचीत, जिम्मेदारी की कमी और पुराने दर्द को साथी पर थोपने का परिणाम हैं। रिलेशनशिप कोच के अनुसार, परफेक्ट साथी की तलाश और सोशल मीडिया पर दूसरों को गलत साबित करने की बजाय, हमें अपने अंदरूनी घावों को भरने, आत्म-सम्मान बढ़ाने और वचन निभाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि रिश्तों में सुधार हो।**

आज के तेज-रफ्तार दौर में, ज्यादातर लोगों के लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि उनके रिश्ते क्यों और कहां बिगड़ रहे हैं। रिश्ते में आई दरार के लिए लोग आमतौर पर छोटी-छोटी बातों, बिजी दिनचर्या और हालातों को दोष देते नजर आते हैं, लेकिन समस्या इससे कहीं ज्यादा गहराई में छिपी है। हर दिन जब हम अपने पार्टनर को समय नहीं दे पाते, जाने-अनजाने में उनकी बेइज्जती कर देते हैं और उनके रूठ जाने पर उनसे बात करने की बजाय उन्हें अकेला छोड़ देते हैं। इन सबका नतीजा यह होता है कि हमारा रिश्ता बिखरने लगता है। ऐसे में जरूरत है कि हम हालातों और एक दूसरे को दोष देने की बजाय रिश्ते को ठीक करने के लिए सही कदम उठाएं। रिलेशनशिप कोच और थेरेपिस्ट ने एक पोस्ट में बताया कि आजकल रिश्तों को असल में क्या बिगाड़ रहा है और हमें इसके बजाय क्या करना चाहिए। उन्होंने आसान शब्दों में यह बातें समझाई।



**बातचीत, जिम्मेदारी व समझ की कमी, क्या करें?**

सोचिए कि कहीं आप अपने पुराने दर्द को अपने साथी पर तो नहीं डाल रहे। कई बार हम वही साथी चुनते हैं जो हमें वैसे ही तकलीफ देता है जैसे बचपन में माता-पिता ने दिया था।

**बिल्कुल परफेक्ट साथी की तलाश, क्या करें?**

अपने अंदर के घायल हिस्सों को संभालिए। खुद को इतना पूरा महसूस करें कि किसी साथी के बिना भी आप खुश रह सकें।

**दूसरों को गलत साबित करने वाले पोस्ट, क्या करें?**

अपनी नजर दूसरों पर नहीं, अपने अंदर की हीलिंग पर रखें। समझिए कि कैसे आपकी कुछ आदतें ऐसे लोगों को खींचती हैं जिन्हें आप असल में नहीं चाहते। अपने अंदर छुपे गहरे दर्द और भावनाओं को समझने के लिए आंतरिक काम करें। चार मजबूत आदतों पर ध्यान दें, ताकि बिना सालों तलाश किए आप अपनी रुकावटें दूर कर सकें।


**सिर्फ बातें, बिना काम और बिना लगातार कोशिश**

जो कहते हैं, उसे निभाने की आदत डालें। अपना वचन निभाने से ही आत्म-सम्मान बढ़ता है।

**दिमागी खेल और कंट्रोल की चाह, क्या करें?**

खुद का ऐसा जीवन बनाएं जिसमें आपकी जरूरतें पूरी हों। जिन गुणों की आप दूसरों से उम्मीद रखते हैं, उन्हें पहले खुद में लाएं। सोचिए, मैं किसी और की जिंदगी को कैसे बेहतर बना सकता हूं?

# गर्माती दुनिया में ठंडक देते वस्त्र



वैश्विक तपन अब कोई दूर का खतरा नहीं रह गया है। यह हमारी जिंदगी, काम और जीने के तरीकों को बदल रहा है। जैसे-जैसे गर्मियां और अधिक गर्म और प्रचंड हो रही हैं, गर्मी में सिर्फ सूती कपड़े पहनना ठंडक के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ठंडक देने के नए उपाय खोजने की मांग बढ़ रही है - ऐसे उपाय जो बिना अधिक बिजली खर्च किए गर्मी से बचा सकें। इसके लिए सबसे पहले यह समझना होगा कि हमें ठंडक कैसे मिलती है। शरीर को ठंडक मुख्यतरू चार प्रमुख तरीके से मिलती है-

विकिरण- जब गर्मी अदृश्य ऊर्जा के रूप में बाहर निकलती है।

संचरण- जब गर्मी छूने से स्थानांतरित होती है, जैसे गरम तवे को छूना।

संवहन- जब बहती हवा गर्मी को साथ ले जाती है, जैसे ठंडी हवा का झोंका।

वाष्पीकरण- जब पसीना वाष्पित होकर शरीर से गर्मी बाहर ले जाता है। आधुनिक विज्ञान अब ऐसे कपड़े और पहनने योग्य उपकरण बना रहा है, जो इन चारों तरीकों को और ज्यादा असरदार बना सकें।

**ठंडक देने वाले स्मार्ट कपड़े**

वैज्ञानिक ऐसे खास कपड़े बना रहे हैं, जो सूरज की हानिकारक गर्मी को रोकें और शरीर की प्राकृतिक इन्फ्रारेड ऊर्जा को बाहर निकलने दें। इसके कुछ उदहारण हैं-

**नैनोपोरस पॉलीएथिलीन कपड़ा**- यह सूती कपड़े से लगभग 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा ठंडा रखता है, क्योंकि यह शरीर की गर्मी को बाहर जाने देता है और सूरज की रोशनी को रोकता है।

**मेटाफैब्रिक**- यह कपड़ा अलग-अलग तरंगदैर्घ्य के प्रकाश को परावर्तित करता है और शरीर की गर्मी को वायुमंडलीय झरोखे यानी वे किरणें जो अंतरिक्ष में बिखर जाती हैं के जरिए बाहर निकलने देता है। लेकिन ये कपड़े कभी-कभी शहर की इमारतों और सड़कों से निकलने वाली गर्मी को सोख लेते हैं। इसके अलावा नमी और वायु प्रदूषण भी इनके काम में बाधा डालते हैं। इसलिए वैज्ञानिक अब विकिरण प्रक्रिया को संवहन और वाष्पीकरण के साथ मिलाकर ऐसे कपड़े बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो वास्तविक परिस्थितियों में भी काम करें।

**संचरण और संवहन**- संचरण एक कारण है जिससे कुछ कपड़े छूते ही ठंडे लगते हैं। यदि इनमें बोरोन नाइट्राइड जैसे उच्च ऊष्मा चालक कण मिलाए जाएं, तो ए कपड़े त्वचा की गर्मी को जल्दी बाहर खींच लेते हैं। दूसरी ओर, एयरोजेल फाइबर (जो ध्रुवीय भालू के फर से प्रेरित हैं) इंसुलेटर का काम करते हैं और अत्यधिक गर्म माहौल में बाहर की गर्मी को रोकते हैं। संवहन प्रकृति का अपना एयर कंडीशनर है। ढीले, हवादार कपड़े गर्म हवा को बाहर निकालते हैं और ठंडी हवा को अंदर लाते हैं। कुछ स्मार्ट कपड़े तो ऐसे भी हैं जिनमें नमी-संवेदनशील रेशे होते हैं, जो पसीना बढ़ने पर छोटे-छोटे छिद्र खोल देते हैं और पसीने को तेजी से सुखा देते हैं।

**वाष्पीकरण की भूमिका**- साधारण कपड़ों की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि वे पसीना सोख लेते हैं और गीले हो जाते हैं, जिससे ए भारी व असुविधाजनक लगते हैं। अब वैज्ञानिक ऐसे कपड़े बना रहे हैं जो हमारी त्वचा की तरह काम करें - यानी पसीने की बूंदों को बाहर निकाल दें। इससे शरीर सूखा बना रहता है। कुछ कपड़े तो छोटे-छोटे विद्युत आवेश का इस्तेमाल करके पसीने को सक्रिय रूप से बाहर पंप कर देते हैं। इससे न सिर्फ पहनने में आराम मिलता है बल्कि कपड़े की कूलिंग क्षमता भी बढ़ जाती है क्योंकि भीगे कपड़े ज्यादा गर्मी सोखते हैं।

**पहनने योग्य शीतलक**- हमेशा सिर्फ कपड़े ही अत्यधिक गर्मी से नहीं बचा सकते। यहां काम आते हैं पहनने योग्य शीतलक। पंखे से लैस जैकेट और लिक्विड-कूलिंग वेस्ट पहले से मौजूद हैं, लेकिन ए भारी, ज्यादा बैटरी खाने वाले और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए असुविधाजनक हैं।

एक नया विकल्प है किरिगामी-आधारित उपकरण। यह आकार और सतह बदलकर गर्मी को नियंत्रित करता है और लैब टेस्ट में शरीर की आरामदायक सीमा को लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा देता है। एक और समाधान है सौर ऊर्जा से चलने वाले कपड़े, जो ऑर्गेनिक सोलर पैनल और इलेक्ट्रोकैलोरिक डिवाइस की मदद से जरूरत के हिसाब से शरीर को ठंडा या गर्म रखते हैं। लेकिन अभी इनमें कई चुनौतियां हैं - जैसे बैटरी का जीवन, लचीला. पन और तार की फिटिंग।

**कृत्रिम बुद्धि और शीतलन**

एक हालिया प्रयास स्मार्ट और निजी कूलिंग सिस्टम्स है। इसमें ऐसे पहनने योग्य सेंसर होंगे जो शरीर का तापमान, पसीना, हार्ट रेट और तनाव के स्तर को मापेंगे। इसके आधार पर एआई खुद ही पहचान लेगा कि शरीर ज्यादा गर्म हो रहा है और तुरंत कूलिंग सिस्टम चालू कर देगा। जल्द ही स्मार्ट कपड़ों में ऐसी तकनीकें भी आ सकती हैं जो खुद शरीर से ऊर्जा पैदा करें। जैसेरू थर्मोइलेक्ट्रिक जनरेटर, जो शरीर की गर्मी से ऊर्जा बनाएंगे। पिजोइलेक्ट्रिक सिस्टम, जो शरीर की हलचल से बिजली बनाएंगे। मॉइस्चर-इलेक्ट्रिक डिवाइस, जो पसीने से बिजली पैदा करेंगे, लेकिन सिर्फ तकनीक काफी नहीं है। कूलिंग कपड़े तभी सफल होंगे जब वे रोजाना पहनने योग्य हों मजबूत और धोने योग्य हों पर्यावरण के अनुकूल हों ताकि प्रदूषण न फैले। पर्सनल कूलिंग सिर्फ आराम का सवाल नहीं है। धूप में काम करने वाले मजदूरों, किसानों, डिलीवरी कर्मचारियों और फायरफाइटर्स जैसे लोगों के लिए यह जीवन और मौत का फर्क साबित हो सकता है। वहीं एथलीट्स और साहसी यात्रियों के लिए भी ऐसे कपड़े मददगार होंगे, जो आपको गर्मी से बचाएं और ज्यादा ऊर्जा भी न खाएं।

**-स्रोत फीचर्स**

# फ्रांस में बजट कटौती के खिलाफ पांच लाख लोग जुटे

## स्कूली बच्चों ने हाईवे ब्लॉक किए, पत्थरबाजी हुई, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 141 गिरफ्तार



**पेरिस।** फ्रांस में बजट कटौती को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रेड यूनियनों ने गुरुवार को हड़ताल की अपील की थी, जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। पेरिस, लियोन, नांतेस, मार्सिले, बोर्डो, टूलूज और कैएन जैसे शहरों में सड़कें जाम हो गईं।

सरकारी आंकड़ों के मुता. बिक, इन प्रदर्शनों में 5 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे, जबकि यूनियनों ने संख्या 10 लाख बताई है। सुरक्षा के मद्देनजर देश भर में 80,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और 141 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं। कुछ जगहों पर पत्थरबाजी और आंसू गैस का इस्तेमाल हुआ, लेकिन ज्यादातर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे। कई जगह स्कूली बच्चों ने भी हाईवे ब्लाक किए। फ्रांस की सरकार ने 2026 के बजट में करीब 52 अरब डालर की कटौती का प्लान बनाया है। इसमें पेंशन फ्रीज करना, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च कम करना, बेरोजगारी भत्ता घटना और दो राष्ट्रीय छुट्टियां हटाना शामिल है। सरकार का कहना है कि देश का घाटा यूरोपीय यूनियन के 3 प्रतिशत मानक से दोगुना है, और कर्ज जीडीपी का 114 प्रतिशत हो गया है। लेकिन लोग इसे अमीरों के लिए राहत और गरीबों पर बोझ मानते हैं। यूनियनों का कहना है कि अमीरों पर टैक्स बढ़ाओ। महंगाई से पहले ही जिंदगी मुश्किल हो गई।

### प्रदर्शन की प्रमुख 4 वजह

#### राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

#### बजट में कटौती

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा।

#### 2 साल में 5 पीएम

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।

#### ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सबकुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। इन विरोध प्रदर्शनों को वामपंथी राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है। वामपंथी पार्टी फ्रांस अनबाउड ने अगस्त में ही इस आंदोलन का समर्थन किया था। अब इससे अन्य वामपंथी दल भी जुड़ गए। सोशलिस्ट पार्टी ने भी आंदोलन को समर्थन दिया है। वहीं, न्यू पापुलर फ्रंट (एनपीएफ) और नेशनल रैली (आरएन) जैसे दल, जिन्होंने संसद में बजट के खिलाफ वोट देकर पिछली सरकार गिराई थी। वे दल भी यूनियनों के साथ सड़कों पर हैं, और अमीरों पर ज्यादा टैक्स की मांग कर रहे हैं।

देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने इस आंदोलन को समर्थन दिया है। ये आंदोलन नई सरकार के लिए बड़ा खतरा हैं। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को अब बजट पास करने में मुश्किल होगी। संसद बंटी हुई है और किसी के पास बहुमत नहीं है। प्रदर्शन से ट्रेन, बस, मेट्रो रुक गई है, स्कूल बंद करने पड़े हैं और बिजली उत्पादन 1.1 गीगावाट कम हुआ है। इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और सरकार पर बजट बदलने का दबाव बढ़ेगा।

## रूसी परमाणु पनडुब्बियों ने किया मिसाइल परीक्षण

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रशांत फ्लीट की दो परमाणु पनडुब्बियों ने ओखोटस्क सागर में नौसैनिक अभ्यास के दौरान सफलतापूर्वक क्रूज मिसाइल दागी। प्रशांत फ्लीट ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फ्लीट ने अपने बयान में कहा कि बहुउद्देशीय सबमरीन क्रास्नोयार्स्क और ओम्स्क ने अपने 250 किलोमीटर दूर समुद्री लक्ष्य पर ओनिक्स तथा ग्रनिट नाम की क्रूज मिसाइलें दागीं। तकनीकी निंगरानी आधारित डाटा के मुताबिक मिसा. इलों ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। परीक्षण के दौरान लक्ष्य क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए प्रशांत सागर बेड़े के जहाजों और नौसेना विमानन इकाइयों को तैनात किया गया था।




**उत्तराखंड। चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र के एक गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ के बाद बचाव अभियान के दौरान एसडीआरएफ के जवान।**

## गाजा में मानवीय पहुंच प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाया वीटो

**संयुक्त राष्ट्र।** मेरिका ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनजीसी) के उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया, जिसमें इजरायल से गाजा में मानवीय पहुंच और आपूर्ति पर सभी प्रतिबंधों को तुरंत हटाने की मांग की गई थी।

**■ सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस मसौदे को 15 सदस्यीय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला**

मसौदे में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थाई युद्धविराम के साथ-साथ हमास एवं अन्य सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की बिना शर्त, सम्मानजनक और तत्काल रिहाई की भी मांग की गई थी। सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस मसौदे को 15 सदस्ईय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला। परिषद के स्थाई सदस्य अमेरिका के पास वीटो शक्ति है। अमेरिकी वीटो की सुरक्षा परिषद में व्यापक आला. चना हुई। अल्जीरिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत अमर बेंडजामा ने कहा कि मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले 14 परिषद सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय जनमत के आह्वान को दोहराते हुए विवेक से काम लिया है। उन्होंने कहा कि यह परिषद फिर से विफल रही कि मानवता की अंतरात्मा पर एक और धब्बा। उन्होंने कहा कि खुली आंखों के सामने हो रहे नरसंहार के सामने यह शर्मनाक है। बेंडजामा ने कहा इस समय, कोई अस्पष्टता नहीं हो सकती। हममें से प्रत्येक को या तो नरसंहार को रोकने के लिए कार्रवाई करनी होगी, या फिर इसमें शामिल लोगों में गिना जाना होगा। सोमालिया के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत अबुकर दाहिर उस्मान ने कल के मतदान परिणाम को 'एक गंभीर नैतिक विफलता' बताया। उन्होंने कहा कि यह मसौदा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भाषा और भावना पर आधारित है, जिसका पालन करने की सभी सदस्य देशों ने शपथ ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में बम विस्फोट, छह लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के दक्षिणी-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य घायल हो गया है। यह विस्फोट पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर चमन जिले के एक टैक्सी स्टैंड पर हुआ है। रेस्क्यू 1122 के अनुसार पीड़ितों को जिला मुख्यालय के अस्पताल में भर्ती किया गया है। चमन में सरकारी चिकित्सा आपातक. ालीन प्रतिक्रिया केंद्र 1122 के प्रभारी गफूर उर रहमान ने बताया कि घायल व्यक्ति की हालत गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और जांच जारी है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### थाईलैंड सम्राट ने नए मंत्रिमंडल को दिया समर्थन

**बैंकॉक।** थाईलैंड के सम्राट महा वजीरालोंगकोर्न ने प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकु के नेतृत्व में बने नए मंत्रिमंडल को अपना समर्थन दिया है। एक शाही आदेश से शुक्रवार को इसकी पुष्टि हुई। आधिकारिक शाही गजट के अनुसार सम्राट ने प्रधानमंत्री अनुतिन द्वारा चुने गए 36 सदस्यीय मंत्रिमंडल को नियुक्त किया, जिसमें छह उप प्रधानमंत्री और अन्य मंत्री शामिल हैं। इस महीने की शुरुआत में देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में उनके समर्थन के बाद यह नियुक्ति की गई है।

### ऊंची इमारत में आग लगने से 10 लोगों की मौत

**लागोस।** नाइजीरिया की व्यावसायिक राजधानी लागोस में एक ऊंची इमारत में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया पर वीडियो में सात मंजिला अफ्रिलैंड टावर्स के निवासी आग लगने के समय तीसरी और चौथी मंजिल से कूदते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित कर्मचारी जो इमारत के अंदर फंस गए थे, जहां शहर की अधिकांश व्यावसायिक कंपनियां और अन्य संगठन स्थित हैं।

## ईरानी चाबहार पोर्ट से जुड़ी कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को दी गई खास छूट गुरुवार को रद्द कर दी। यह भारत के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि यह बंदरगाह भारत का बहुत जरूरी प्रोजेक्ट है। 29 सितम्बर 2025 से इस बंदरगाह को चलाने, पैसे देने या उससे जुड़े किसी काम में शामिल कंपनियों पर अमेरिका जुर्माना लगा सकता है। इसकी जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दी है। अमेरिका ने कहा: हम ईरान की गलत हरकतों को रोकना चाहते हैं। जब तक ईरान हमले आतंकवाद और अशांति फैलाने में पैसा लगाएगा, हम उसे रोकने के लिए हर कदम उठाएंगे। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'मैक्सिमम प्रेशर' पालिसी का हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में शुरू हुई थी। चाबहार को 2018 में अफगानिस्तान की मदद और

**■ कंपनियों को 10 दिन में पोर्ट को मिली छूट खत्म होगी, ये भारत के पास 10 साल लीज पर**

विकास के लिए छूट मिली थी। अब इसे खत्म कर दिया गया है। भारत इस बंदरगाह को अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया तक पहुंचने के लिए इस्तेमाल करता है, ताकि पाकिस्तान से न गुजरना पड़े। भारत ने 2024 में चाबहार को 10 साल के लिए लीज पर लिया है। इसके तहत भारत यहां 120 मिलियन डालर निवेश करेगा और 250 मिलियन डालर का क्रेडिट लाइन (सस्ता कर्ज) देगा। अमेरिका का कहना है कि अब हालात बदल गए हैं। पहले अफगानिस्तान में चुनी हुई सरकार थी और चाबहार खाने-पीने की चीजें और सामान भेजने का रास्ता था।

## वैश्विक डाक संघ की प्रशासन परिषद के लिए फिर चुना गया भारत

**नई दिल्ली।** भारत को दुबई में आयोजित वैश्विक डाक संघ (यूपीयू) के 28वें अधिवेशन में यूपीयू की प्रशासन परिषद (सीए) और डाक संचालन परिषद (पीओसी) के लिए पुनः निर्वाचित किया गया है। दूरसंच. ार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदेश मंत्रालय ने इस सफलता की सराहना करते हुए सदस्य देशों का आभार जताया है। दूरसंचार मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के संगठन यूपीयू के निकायों के लिए भारत का पुनः निर्वाचित भारतीय डाक के नेतृत्व, सुधारों और नवीन डिजिटल पहलों में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है। भारत 1876 से यूपीयू का सदस्य रहा है और वैश्विक डाक नेटवर्क को मजबूत बनाने में निरंतर योगदान देता रहा है।

# जैश के बाद लश्कर के आतंकी ने बयां की ऑपरेशन सिंदूर से तबाही की कहानी

## पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है

**इस्लामाबाद।** जैश के बाद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर कासिम ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। लश्कर कमांडर कासिम ने माना कि सात मई सुबह किए गए हमले में मुरिदके स्थित लश्कर मरकज को तबाह कर दिया गया था।

उसने यह भी कहा कि इस आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा है। हालांकि पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है। कासिम ने कैमरे के सामने खड़े होकर इस सच को कबूल किया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लश्कर कमांडर कासिम कहता नजर आ रहा है कि मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो भारतीय हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। यह मस्जिद पहले से भी बड़ी बनाई जाएगी। वायरल हो रहे वीडियो में कासिम एक निर्माणाधीन जगह के



पास खड़ा दिखाई दे रहा है। जिसमें वह कह रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। कासिम आगे यह भी कबूल करता है कि इस मस्जिद में कई मुजाहिदीन और तलबाने प्रशिक्षण हासिल किया और विजय हासिल की। मुरिदके, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले में स्थित एक शहर है। वीडियो में कासिम एक अधूरे निर्माण स्थल के सामने खड़ा दिख रहा है और कहता दिख रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जिसे (भारत के) हमले में नष्ट कर दिया गया था। अब इसका फिर से निर्माण हो रहा है। अल्लाह की रहमत से यह मस्जिद पहले से बड़ी बनेगी। कासिम ने यह भी कबूला कि इस नष्ट की गई मरकज तैयबा मस्जिद में कई आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिनमें मुजाहिद और तलबा (छात्र) शामिल थे और वे यहां से फतह (जीत) के लिए निकले। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया था कि जिस इमारत को नष्ट किया गया, वह अब आतंकियों के लिए इस्तेमाल नहीं होती थी। एक और वीडियो में लश्कर के इस आतंकी ने पाकिस्तान के युवाओं से अपील की कि वे मुरिदके में मरकज तैयबा में होने वाले 'दौरा-ए-सुफ्फा' नाम के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हों।



# रूस के कामचटका में 7.8 तीव्रता का भूकंप

## सुनामी का अलर्ट जारी, बीते 3 महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 4 भूकंप आए

**मॉस्को।** रूस के कामचटका के पूर्वी तट पर शुक्रवार सुबह 7.8 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। इसके बाद 5 आफ्टरशाक महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इसके बाद सुनानी की चेतावनी जारी की गई। तट पर 30 से 62 सेंटीमीटर ऊंची लहरें देखी गईं।

कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने बताया कि सभी आपातकालीन सेवाएं हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। इस क्षेत्र में आज आए भूकंप समेत 4 बड़े भूकंप 7.0 या उससे अधिक तीव्रता के दर्ज किए गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए भूकंप के वीडियो में घरों में फर्नीचर और लाइटें हिलती हुई दिखाई दीं। झटके इतने तेज थे कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां भी हिलती नजर आईं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 128 किलोमीटर दूर, जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। रूस की स्टेट जियोफिजिकल सर्विस ने बताया कि बाद में तीव्रता घटकर 7.4 हो गई। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा-आज (19 सितम्बर) की सुबह एक बार फिर कामचटका के लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। फिलहाल किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। मैं सभी से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। कामचटका के पूर्वी तट के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। जनता को सतर्क किया जा रहा है। भूकंप के बाद सामाजिक संस्थानों और रिहायशी इमारतों में नुकसान की जांच शुरू कर दी गई है। कुरिल द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में भी सुनामी की चेतावनी जारी की गई। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस और पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने अलास्का के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी की सलाह जारी की थी, जिसे बाद में हटा लिया गया।

## चीन ने महिला विकास की उन्नति पर जारी किया श्वेतपत्र

**बीजिंग।** चीन में राज्य परिषद् सूचना कार्यालय द्वारा 'नए युग में महिलाओं के सर्वांगीण विकास में चीन की उपलब्धियां' शीर्षक से एक श्वेतपत्र जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पांच अध्यायों वाला यह श्वेतपत्र बीजिंग में आयोजित होने वाली 2025 की लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर वैश्विक नेताओं की बैठक के मद्देनजर है। यह श्वेतपत्र नए युग में लैंगिक समानता और महिलाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में चीन के दर्शन, सिद्धांतों और नवीन परिपाटियों का परिचय प्रदान करता है। यह श्वेतपत्र चीनी महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों और योगदान को रेखांकित करते हुए महिलाओं की उन्नति के लिए वैश्विक प्रयासों में शामिल होने की चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। श्वेतपत्र लैंगिक समानता की खोज को एक महान कार्य बताता है और इस बात पर बल देता है कि चीनी महिलाओं को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने और अपने सपनों को साकार करने के इतने व्यापक अवसर पहले कभी नहीं मिले थे।

# नेपाली पीएम सुशीला बोलीं: हम जीरो स्टेट की स्थिति में

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के सिंह दरबार में 9 सितम्बर को हुई भयानक आगजनी ने देश के सरकारी ढांचे को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। स्थिति इतनी गंभीर है कि नेपाल की नई अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने शपथ लेते ही कहा कि हम शून्य स्थिति (जीरो स्टेट) में हैं। उनके पास कैबिनेट है, लेकिन मंत्रालयों के पास न तो इमारतें बची हैं और न ही जरूरी कागजात।



सिंह दरबार परिसर, जो कभी भव्य महल और 20 से ज्यादा मंत्रालयों का केंद्र था, अब मलबे का ढेर बन चुका है। आग की लपटों ने संसद, भ्रष्टाचार विरोधी विशेष अदालत, और कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों को नष्ट कर दिया।

**न इमारतें बची और न ही डॉक्यूमेंट्स, जेन-जी आंदोलन की आग में सब राख**

सरकारी दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, कंपनी रजिस्ट्रेशन, और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के मूल कागजात जलकर राख हो गए। अकेले सुप्रीम कोर्ट की 60 हजार से ज्यादा फाइलें राख हो गईं। जेन-जी आंदोलन के दौरान सिंह दरबार से डाक्यूमेंट्स बाहर फेंक दिया गया। संसद, राष्ट्रपति भवन से लेकर सुप्रीम कोर्ट, भ्रष्टाचार विरोधी अदालत और स्थानीय सरकारों की 300 से अधिक इमारतें भी आग की भेंट चढ़ गईं। पीएम कार्की ने कहा देश चलाने वाली सभी संस्थाएं और दस्तावेज नष्ट हो गए हैं।

# अमेरिका ने बीएलए पर बैन के प्रस्ताव को किया वीटो

## यूएन में पाकिस्तान-चीन का प्रस्ताव रोका, पिछले महीने यूएस ने ही आतंकी संगठन किया था घोषित

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती यूनिट मजीद ब्रिगेड पर बैन के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। इस प्रस्ताव को पाकिस्तान और चीन ने मिलकर सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में रखा था। दोनों देशों ने बीएलए को प्रतिबंधित संगठन घोषित करने की मांग की थी।

यूएनएसी की बैठक में पाकिस्तान ने दावा किया कि बीएलए, मजीद ब्रिगेड, अल-कायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन से काम कर रहे हैं और सीमा पार हमले कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान से फैल रहा आतंकवाद पाकिस्तान की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती है। अमेरिका के साथ ब्रिटेन और फ्रांस ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया है। इससे पहले अमेरिका ने ही पिछले महीने बीएलए



**बलूच आर्मी पाकिस्तान में बलूचिस्तान की आजादी के लिए लगातार हमले करती रहती है**

और मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित किया था। बलूच आर्मी पाकिस्तान में बलूचिस्तान की आजादी के लिए लगातार हमले करती रहती है। इनमें कई आत्मघाती हमले भी होते हैं। अमेरिका ने कहा है कि बीएलए को अल-कायदा से जोड़ने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। इस वजह से इसे संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध सूची में नहीं डाला जा सकता। इस सूची में आने पर किसी भी संगठन पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति फीज और हथियार खरीदने पर रोक लग जाती है। पिछले महीने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया गया था। इन्हीं आरोपों का हवाला देते हुए अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया था। बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108